सूर्योदय प्रातः 5:17 | सूर्यास्त संध्या 6:33 | पखवाड़ा आषाढ़ शु. पूर्णिमा, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 26° न्यूनतम 23°




# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि
रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, बुधवार, 29 जुलाई 2026, वर्ष : 17, अंक : 165, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions



**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,765.92 | -69.86 (-0.09%) |
| निफ्टी | 23,985.35 | -10.60 (-0.04%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,40,490.00 |
| चांदी | 2350.00 |

# धनबाद में अवैध कोयला कारोबार से जुड़े 25 ठिकानों पर ईडी की एक साथ छापेमारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/अलकडीहा/बाघमारा :** कोयलांचल में अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को अब तक की बड़ी कार्रवाइयों में से एक को अंजाम दिया। ईडी की कार्रवाई कथित कोयला कारोबारी रंजीत सिंह, अनिल गोयल, गणेश यादव, पप्पू मंडल, अनूप चौहान, हरेन्द्र चौहान, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रोहित यादव, कैलाश रजक तथा उनके सहयोगियों से जुड़े ठिकानों पर की गयी। टीमों ने वित्तीय लेनदेन, निवेश, सम्पत्तियों और अवैध कमाई से जुड़े दस्तावेजों की गहन पड़ताल की। रांची और पश्चिम बंगाल से पहुंची ईडी की कई टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर एक साथ दबिश दी, जबकि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सीआरपीएफ के जवानों को भी तैनात किया गया था।

केन्द्रीय सुरक्षा बलों की कड़ी निगरानी में सम्बन्धित परिसरों की तलाशी ली गयी तथा महत्त्वपूर्ण दस्तावेज, बैंक रिकॉर्ड, जमीन से जुड़े कागजात और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच की गयी। सुबह से ही ईडी की 25 टीमों ने धनबाद, झरिया, बाघमारा और आसपास के क्षेत्रों में एक साथ 25 ठिकानों पर छापेमारी शुरू की।



सूत्रों के अनुसार यह पूरा मामला अवैध कोयला खनन, परिवहन और भंडारण से जुड़े कथित आर्थिक अपराधों से सम्बन्धित है। ईडी ने इस मामले में चार अलग-अलग ईसीआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। एजेंसी को संदेह है कि अवैध कारोबार से बड़ी मात्रा में सम्पत्ति अर्जित कर उसे विभिन्न माध्यमों से निवेश किया गया। इसी कड़ी में बैंक खातों, भूमि खरीद-बिक्री के दस्तावेजों और अन्य वित्तीय अभिलेखों की भी जांच की जा रही है।

इस मामले ने उस समय अधिक तूल पकड़ा था, जब 23 अप्रैल 2026 को अधिवक्ता सोमनाथ चटर्जी ने लोयाबाद निवासी हरेन्द्र चौहान के खिलाफ ईडी में शिकायत दर्ज कर कथित अवैध सम्पत्ति और काले धन की जांच की मांग की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि अवैध कोयला कारोबार से लगभग 1200 करोड़ की सम्पत्ति अर्जित की गयी तथा नगर निकाय चुनाव में धन का दुरुपयोग किया गया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया था कि डिप्टी मेयर चुनाव के दौरान पार्षदों को प्रभावित करने के लिए बड़ी राशि खर्च की गयी। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और इन्हीं आरोपों की जांच ईडी कर रही है। सूत्रों के अनुसार, ईडी की टीमें दस्तावेजों, बैंकिंग लेनदेन, सम्पत्ति सम्बन्धी रिकॉर्ड, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और अन्य ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

**झारखंड सूचना सेवा को मिला सशक्त नेतृत्व**

### 15 पदाधिकारियों को उप निदेशक पद पर प्रोन्नति

**रांची :** झारखंड सरकार के सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग ने विभागीय प्रोन्नति समिति की अनुशंसा के आधार पर एक महत्त्वपूर्ण निर्णय लेते हुए झारखंड सूचना सेवा के 15 पदाधिकारियों को सहायक निदेशक-सह-जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी से उप निदेशक पद पर नियमित प्रोन्नति प्रदान की है। जारी अधिसूचना के अनुसार, प्रोन्नत पदाधिकारियों में श्रीमती उर्वशी पाण्डेय (रांची), सुश्री ईशा खण्डेलवाल (चाईबासा), मो. शाहिद आलम, सैयद राशिद अख्तर, प्रभात शंकर, सुनील कुमार सिंह, बीरू प्रसाद कुशवाहा, रवि कुमार, पलटु महतो, अविनाश कुमार, राहुल कुमार भारती, पंचानन उरांव, शिवनन्दन बढ़ाईक, रोहित कुमार तथा श्रीमती सुनिता धान शामिल हैं। इन पदाधिकारियों को वेतनमान 15600-39100, ग्रेड पे 6600 (लेवल-11) में प्रोन्नत किया गया है तथा उनके वर्तमान पदों को पदस्थापन अवधि तक उप निदेशक कोटि में उत्क्रमित किया गया है। कई पदाधिकारियों को पूर्व की भांति अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रोन्नति का वास्तविक लाभ झारखंड सेवा संहिता के नियम 58 के तहत पदभार ग्रहण करने की तिथि से देय होगा। इस निर्णय से विभागीय कार्यप्रणाली में और अधिक मजबूती आने की उम्मीद जतायी जा रही है।

### एनसीपी के दोनों गुटों के विलय की अटकलों पर शरद पवार का विराम

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के संस्थापक शरद पवार ने पार्टी के दोनों गुटों के सम्भावित विलय की अटकलों को खारिज करते हुए मंगलवार को स्पष्ट कहा कि एनसीपी के दोनों धड़े दोबारा एक साथ नहीं आयेंगे। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब हाल के दिनों में उनकी और उनकी पार्टी के नेताओं की भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से हुई मुलाकातों के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में नये समीकरणों की चर्चा तेज हो गयी थी।

### अगले 06 दिनों तक भारी वर्षा से राहत के आसार नहीं

**नयी दिल्ली :** देश के पूर्वोत्तर और पश्चिमी क्षेत्रों को अगले 5-6 दिनों तक मूसलाधार वर्षा से राहत नहीं मिलने के आसार हैं। बचाव टीमें सम्भावित क्षेत्रों में तैनात हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में बुधवार सुबह से दोपहर के बीच कई जगहों पर हल्की और कुछ जगहों पर मध्यम बारिश होने के आसार हैं। रात में भी बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। तेज रफ्तार हवाएं भी चलने की सम्भावना है।

## कार्टून कोना




# ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया होगी और अधिक सरल : मुख्यमंत्री

- परिवहन विभाग एवं टाटा मोटर्स लिमिटेड के मध्य इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग, ट्रेनिंग एंड रिसर्च, जमशेदपुर की स्थापना हेतु आयोजित मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग हस्ताक्षर समारोह में सम्मिलित हुए हेमन्त सोरेन
- मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाभुकों से संवाद कर ड्राइविंग एवं लर्निंग लाइसेंस प्रक्रिया की जानकारी ली तथा अधिकारियों को आम नागरिकों के लिए सेवाओं को सरल, पारदर्शी व समयबद्ध बनाने के दिये निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में परिवहन विभाग एवं टाटा मोटर्स लिमिटेड के मध्य इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च (IDTR), जमशेदपुर की स्थापना हेतु आयोजित समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षर समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य में सुरक्षित, कुशल एवं आधुनिक परिवहन व्यवस्था के विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण ड्राइविंग प्रशिक्षण अत्यन्त आवश्यक है। कळ्ळफ की स्थापना से युवाओं को आधुनिक तकनीक आधारित प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़ेगी तथा राज्य में सड़क सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी। उनके अनुसार, राज्य सरकार कौशल विकास, रोजगार सृजन एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से निरंतर प्रभावी पहल कर रही है। टाटा मोटर्स लिमिटेड के सहयोग से स्थापित होने वाला यह संस्थान प्रशिक्षित एवं दक्ष चालकों के निर्माण के साथ परिवहन क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रशिक्षण का प्रमुख केन्द्र बनेगा। इससे ड्राइविंग प्रशिक्षण की गुणवत्ता को नयी दिशा मिलेगी तथा आधुनिक सुविधाओं और व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के विभिन्न जिलों के लाभुकों से सीधा संवाद कर ड्राइविंग लाइसेंस एवं ● शेष पृष्ठ 11 पर



### सीएम ने कहा

- राज्य सरकार महिला एवं पुरुष ; दोनों को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध
- महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ड्राइविंग प्रशिक्षण एवं लाइसेंस प्रक्रिया को अधिक सुलभ बनाने पर दिया जा रहा जोर
- IDTR की स्थापना झारखंड के परिवहन क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक पहल
- आधुनिक ड्राइविंग प्रशिक्षण, कौशल विकास और रोजगार सृजन को देगा नयी गति
- सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण पहल
- लम्बित ड्राइविंग लाइसेंस आवेदनों के त्वरित एवं पारदर्शी निष्पादन के दिये निर्देश
- परिवहन व्यवस्था को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने की दिशा में नयी शुरुआत

# लोक परीक्षाओं में नकल पर शिकंजा और कसेगा, संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** केन्द्र सरकार ने लोक परीक्षाओं में पेपर लीक और अन्य अनुचित साधनों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से मंगलवार को लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने विधेयक पर विचार करने का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि इसका उद्देश्य वर्ष 2024 में लागू कानून को और अधिक प्रभावी एवं कठोर बनाना है, ताकि विद्यार्थियों और युवाओं के भविष्य की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

डॉ. सिंह ने कहा कि पेपर लीक और परीक्षा में अनियमितताओं की घटनाएं किसी एक राज्य या सरकार तक सीमित नहीं रही हैं। उन्होंने रेलवे भर्ती बोर्ड, अखिल भारतीय इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा, एम्स, तमिलनाडु लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश बीएड प्रवेश परीक्षा तथा पश्चिम बंगाल संयुक्त प्रवेश परीक्षा सहित कई मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन्हीं अनुभवों के आधार पर वर्ष 2024 में व्यापक कानून बनाया गया था।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 का कानून संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), रेलवे भर्ती बोर्ड, बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) तथा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) जैसी संस्थाओं की परीक्षाओं पर लागू किया गया था। इसके तहत परीक्षा सम्बन्धी अपराधों को संज्ञेय, गैर-जमानती और गैर-समझौता योग्य बनाया गया था। मंत्री ने कहा कि संशोधन विधेयक के तहत परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग करने वालों के लिए न्यूनतम सजा तीन वर्ष से बढ़ा कर पांच वर्ष तथा अधिकतम ● शेष पृष्ठ 11 पर

### हंगामे के बीच एमएसएमई संशोधन विधेयक 2026 राज्यसभा में पेश

**विपक्ष** के लगातार हंगामे के बीच मंगलवार को राज्यसभा में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विकास (संशोधन) विधेयक, 2026 पेश किया गया। इसके बाद सदन में शोर-शराबा जारी रहने पर उपसभापति हरिवंश ने कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोपहर बाद भोजनावकाश के बाद जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, उपसभापति हरिवंश ने सरकारी विधायी कार्य शुरू करते हुए केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक, 2026 प्रस्तुत करने की अनुमति दी। विधेयक पेश करते ● शेष पृष्ठ 11 पर

### जनसांख्यिकीय लाभांश कहीं आपदा न बन जाये : अखिलेश यादव

**समाजवादी** पार्टी नेता अखिलेश यादव ने मंगलवार को लोकसभा में पेपर लीक से जुड़ी समस्या पर कानून को कठोर बनाये जाने से जुड़े विधेयक पर हुई चर्चा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि सरकार को देश के युवाओं की बात सुननी चाहिए। सरकार स्वयं नौजवानों को जनसांख्यिकीय लाभांश बताती है, कहीं ऐसा न हो कि युवा वर्ग आपदा बन जाये। लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा के दौरान अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में परीक्षा पत्र लीक होने, राममंदिर चढ़ावा चोरी और प्रदेश में प्राइमरी स्कूलों के बंद होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 20 से अधिक पेपर लीक हुए हैं। कानून के विषय में अखिलेश ने कहा कि सरकार खुद के बनाये कानून में संशोधन लेकर ● शेष पृष्ठ 11 पर

## जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष एल. ख्यांगते से सीआईडी की पूछताछ


14वीं सिविल सेवा परीक्षा समेत भर्ती अनियमितताओं की हो रही जांच

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के पूर्व अध्यक्ष एल. ख्यांगते मंगलवार को राज्य अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) कार्यालय पहुंचे, जहां 14वीं जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा समेत विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के मामले में उनसे पूछताछ शुरू की गयी।

सीआईडी ने इससे पहले एल. ख्यांगते को नोटिस जारी कर 28 जुलाई को पूछताछ के लिए उपस्थित होने के निर्देश दिये थे। नोटिस के अनुपालन में वह निर्धारित समय पर सीआईडी कार्यालय पहुंचे। इसके बाद जांच अधिकारियों ने उनसे भर्ती प्रक्रियाओं और कथित अनियमितताओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर ● शेष पृष्ठ 11 पर

## शर्मिला ने पैरा एथलेटिक्स में भारत को दिलाया पहला स्वर्ण

**एजेंसी**

**ग्लासगो :** राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारत की पैरा एथलेटिक्स टीम ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। भारतीय पैरा एथलीट शर्मिला ढांकर ने स्थानीय समयानुसार सोमवार को महिलाओं की शॉटपुट एफ57 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत कर राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में पैरा एथलेटिक्स में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। इसके साथ ही वह राष्ट्रमंडल खेलों में पैरा एथलेटिक्स में पदक जीतनेवाली पहली भारतीय महिला भी बन गयीं। शर्मिला ने फाइनल में 9.81 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर शीर्ष स्थान हासिल किया और इतिहास रच दिया। एफ57 वर्ग उन खिलाड़ियों के लिए होता है, जिनके निचले अंगों में दिव्यांगता, अंगों की कमी या मांसपेशियों की शक्ति कम होती है। इसी स्पर्द्धा में भारत की शिल्पा के. शायला ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। शुरूआत में शिल्पा 7.26 मीटर के साथ चौथे स्थान पर थीं, लेकिन नाइजीरिया की यूकारिया इयियाजी का 8.19 मीटर का एकमात्र वैध थ्रो तकनीकी जांच के बाद फाउल घोषित कर दिया गया। इसके बाद शिल्पा तीसरे स्थान पर पहुंच गयीं और उन्हें कांस्य पदक मिला। यह पहली बार है जब राष्ट्रमंडल खेलों की किसी एक पैरा एथलेटिक्स स्पर्धा में भारत ने दो पदक जीते हैं। ● शेष पृष्ठ 11 पर

राष्ट्रमंडल खेल 2026



शिल्पा ने जीता कांस्य

## 2030 तक हासिल करेंगे बाल विवाह मुक्त भारत का लक्ष्य : सावित्री ठाकुर



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि सरकार सबके साथ और नागरिक समाज संगठनों के सहयोग से 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल कर लेगी।

सावित्री ठाकुर मंगलवार को कांस्टीट्यूशन क्लब में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए काम कर रहे 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के देशभर से आए सहयोगी संगठनों के चार दिवसीय राष्ट्रीय परामर्श 'इंश्योरिंग ए चाइल्ड राइट्स, पोटेंशियल एंड प्रास्पेरिटी' के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण के क्षेत्र में काम करना बहुत ही चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर आप सभी चुनौतियों से पार पा रहे हैं। छोटी उम्र की बच्चियां ट्रैफिकिंग की शिकार हो जाती हैं और फिर कभी अपने घर नहीं लौट पातीं।

# झारखंड पुलिस को बड़ी सफलता, 16 सक्रिय माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड पुलिस को माओवादियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में बड़ी सफलता मिली है। ऑपरेशन 'नवजीवन-II' के तहत प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) संगठन के 16 सक्रिय नक्सलियों ने मंगलवार को झारखंड पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में संगठन के विभिन्न स्तरों के कमांडर और दस्ता सदस्य शामिल हैं। उन्होंने पुलिस को 11 आधुनिक हथियार, 38 मैगजीन और 1,562 जिंदा कारतूस भी सौंपे।

पुलिस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राज्य की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा ने बताया कि झारखंड पुलिस, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), कोबरा बटालियन और झारखंड जगुआर द्वारा संयुक्त रूप से चलाये जा रहे अभियानों से माओवादी संगठन पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। साथ ही, राज्य सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में नक्सली हिंसा का रास्ता छोड़ मुख्यधारा में लौट रहे हैं।

डीजीपी के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वाले 16 नक्सलियों में 11 पुरुष और पांच महिलाएं शामिल हैं। इनमें एक रीजनल कमेटी सदस्य (आरसीएम), तीन जोनल कमेटी सदस्य (जेडसीएम), तीन सब-जोनल कमेटी सदस्य (एसजेडसीएम), छह एरिया कमेटी सदस्य (एसीएम) तथा तीन दस्ता सदस्य हैं। ये सभी कोल्हान और सारंडा के दुर्गम जंगल-पहाड़ी क्षेत्रों में सक्रिय थे तथा संगठन के शीर्ष नेताओं मिसिर बेसरा उर्फ सागर जी और असीम मंडल के दस्ते से जुड़े बताये जाते हैं।



डीजीपी ने कहा कि लगातार सुरक्षा अभियान, संगठन के भीतर बढ़ता असंतोष और सरकार की पुनर्वास नीति के कारण माओवादी संगठन लगातार कमजोर हो रहा है। विशेष रूप से पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) और आसपास के क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियां तेजी से सिमट रही हैं। डीजीपी ने शेष सक्रिय नक्सलियों से भी अपील की कि वे हिंसा का रास्ता छोड़ कर आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ उठायें और समाज की मुख्यधारा से जुड़कर सम्मानजनक जीवन की शुरूआत करें।

सीआरपीएफ के महानिरीक्षक (आईजी) साकेत सिंह ने इस मौके पर बताया कि इसी नेटवर्क से जुड़े आठ अन्य कमांडर और सदस्य हाल ही में छत्तीसगढ़ में भी आत्मसमर्पण कर चुके हैं। झारखंड में आत्मसमर्पण करने वाले 16 नक्सलियों में से 15 पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा), लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग, खूंटी, बोकारो, रांची, सरायकेला-खरसावां और गिरिडीह जिलों के निवासी हैं, जबकि एक सदस्य ओडिशा के सुन्दरगढ़ जिले का रहने वाला है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में अब तक चलाये गये अभियानों के दौरान 93 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। इसी अवधि में 45 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, जबकि पुलिस मुठभेड़ों में 22 नक्सली मारे गए हैं। इससे पहले 21 मई 2026 को 27 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था। वहीं जुलाई माह में शीर्ष माओवादी कमांडरों के ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### सड़क मरम्मत के दौरान एनएचआई की लापरवाही टूटी नल-जल पाइप की चाभी

**एक सप्ताह से जलापूर्ति ठप, लोगों को हो रही परेशानी**



**बेड़ो :** बेड़ो से गुजरने वाली रांची गुमला मार्ग पर सांई मंदिर मोड़ के समीप एनएचआई के द्वारा सड़क मरम्मत के दौरान लापरवाही के कारण नल-जल योजना की मुख्य पाइपलाइन के चाभी क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे पिछले एक सप्ताह से गुमला रोड बेड़ो में जलापूर्ति पूरी तरह ठप है। स्थानीय लोगों के अनुसार मरम्मत कार्य के दौरान जेसीबी से खुदाई करते समय पाइप में लगी चाभी को तोड़ दी गई। घटना के बाद से ही घरों में पानी नहीं आ रहा है। पीने के पानी के लिए लोगों को दूर-दराज से लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पेयजल आपूर्ति विभाग को इसकी सूचना दे दी गई है, लेकिन अब तक पाइप की मरम्मत नहीं की गई है। इससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। लोगों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द पाइप की मरम्मत कराकर जलापूर्ति बहाल की जाए।

### मध्य विद्यालय तेतरा की पारा शिक्षिका का निधन, क्षेत्र में शोक



**लापुंग :** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय तेतरा की पारा शिक्षिका चंन्द्रमनी कुमारी उम्र लगभग 34 वर्ष का मंगलवार की दोपहर निधन हो गया। चंन्द्रमनी कुमारी के असामयिक निधन से स्कूल के छात्र छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाए व क्षेत्र में शोक की लहर छा गई है। चंन्द्रमनी कुमारी काफी दिनों से बीमार चल रही थी। देर शाम गांव के श्मशान घाट में उसका का अंतिम संस्कार किया गया।इधर घटना की जानकारी मिलने पर बीपीओ लिलावती तिर्की सहायक अध्यापक समीउल्लाह हक, संजीव खलखो, सुजीत कुमार, सहायक शिक्षक प्रकाश उरांव, सुरज कुमार, रूपेश पाठक, बुधनाथ मुंडा, लाल दिलीप सिंह समेत कई शिक्षक शिक्षिकाओं ने शोक व्यक्त किया।

### जन शिकायतों के त्वरित निष्पादन को लेकर डीसी ने की समीक्षा

**रामगढ़ :** डीसी ऋतुराज ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मीता रामगढ़ पोर्टल के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों के निष्पादन को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान बैठक में विभिन्न विभागों और प्रखंडों से संबंधित लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि वर्तमान में मीता पोर्टल पर कुल 1254 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 668 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। डीसी ने विभागवार लंबित मामलों की गहन समीक्षा करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करें। बैठक के दौरान डीसी ने सीपी ग्राम पोर्टल पर आए मामलों की भी विभागवार समीक्षा की और अधिकारियों को तीव्र गति से मामले निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही झार सेवा पोर्टल पर सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत आए मामलों के निष्पादन पर डीसी ने असंतोष व्यक्त करते हुए सभी अंचल अधिकारियों को तेजी से मामले निष्पादित करने का निर्देश दिया। डीसी ने पूर्व में सभी कार्यालय प्रधानों को प्रत्येक सप्ताह के सोमवार को अपने-अपने कार्यालय में साप्ताहिक बैठक आयोजित करने के लिए दिए गए निर्देश के आलोक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान विभिन्न विभागों से उनके उनके यहां साप्ताहिक बैठक के आयोजन और उसमें लिए गए निर्णयों की जानकारी ली एवं इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# बच्चों के लिए न्याय प्रणाली को सरल बनाना ही लक्ष्य : राजेश

- नालसा (बच्चों के लिए बाल-अनुकूल कानूनी सेवाएं) योजना, 2024 और प्रत्येक जिले में बच्चों के लिए कानूनी सेवा इकाई (एलएसयूसी) के सुदृढ़ीकरण पर डालसा का विधिक जागरूकता कार्यक्रम
- आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 12 सितम्बर को, दी गयी जानकारी
- छात्राओं के बीच पॉकेट कार्ड का हुआ वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव ईंचार्ज की मौजुदगी में कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय माण्डर में माननीय नालसा द्वारा संचालित योजना (बच्चों के लिए बाल-अनुकूल कानूनी सेवाएं) योजना, 2024 और प्रत्येक जिले में बच्चों के लिए कानूनी सेवा इकाई (एलएसयूसी) का सुदृढ़ीकरण पर डालसा ने विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया एवं छात्रों को जागरूक किया। डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि यह योजना भारत में बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और उन्हें त्वरित व मुफ्त न्याय दिलाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इस योजना के तहत 18 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे को मुफ्त कानूनी सहायता पाने का अधिकार है। इस योजनो के उद्देश्यों के बारे में उन्होंने कहा कि इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य बच्चों के लिए न्याय प्रणाली को सरल, सुलभ और तनावमुक्त बनाना है। इसके मुख्य लक्ष्य दीवानी, आपराधिक और प्रशासनिक मामलों के हर स्तर पर बच्चों को पूरी तरह से मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करना। अदालतों और कानूनी प्रक्रियाओं में एक ऐसा संवेदनशील वातावरण तैयार करना, जहाँ बच्चे बिना डरे अपनी बात रख सकें। ऐसे वकीलों और वॉलंटियर्स की टीम तैयार करना जो बाल मनोविज्ञान, पोक्सो अधिनियम और किशोर न्याय कानूनों में प्रशिक्षित हों। बच्चों, अभिभावकों और समाज को बच्चों के कानूनी अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना मुख्य उद्देश्य है। डालसा टीम के द्वारा किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और सुरक्षा) अधिनियम-2015, बच्चों का मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के तहत बौद्धिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के अधिकार और हक तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम - 2012 पर भी फोकस कर जागरूक किया गया। ज्ञात हो कि मौके पर लिगल-लिट्रेसी क्लास का आयोजन कर बच्चों को बाल विवाह के बारे में जानकारी डिप्टी एलएडीसी के द्वारा दी गयी एवं बच्चों का विवाह 18 वर्ष के बाद करने की बात कही गयी।

## उरीमारी खुली खदान में पानी टैंकर पलटा, ऑपरेटर घायल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र अंतर्गत उरीमारी परियोजना के पोटंगा ओपन कास्ट माइंस में मंगलवार को दुर्घटना में एक सीसीएल कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन-फानन में सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल की नाजुक स्थिति को देखते हुए गांधीनगर रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार डंपर ऑपरेटर राम प्रसाद महतो सुबह की पाली में पानी टैंकर चला रहे थे। कोयले के स्टॉक में पानी डालने के क्रम में पानी टैंकर पीछे लुढ़कते हुए अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में राम प्रसाद महतो के सिर में काफी गंभीर चोट लगी है। जानकारी के मुताबिक सीसीएल अस्पताल गांधीनगर से उन्हें सीटी स्कैन के लिए किसी बड़े अस्पताल के लिए भेजा गया है। इधर, घटना की आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। मामले पर सहकर्मी साफ तौर पर कुछ बताने से कतरा रहे हैं। बताते चलें कि बीते वर्ष 2025 में सितंबर और दिसंबर माह में दो बड़ी दुर्घटनाएं भी हुई थी। इधर, पानी टैंकर पलटने से सेफ्टी को लेकर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं।

## मांडू में विधायक ने तीन पीसीसी पथों का किया शिलान्यास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मांडू :** मांडू विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को विधायक तिवारी महतो ने मांडू डीह और मांडू चट्टी पंचायत में तीन महत्वपूर्ण पीसीसी पथों का शिलान्यास किया। सर्वप्रथम मांडू डीह पंचायत अंतर्गत शांति सरोवर होटल के बगल में स्थित बंजारी टांड़ रास्ते पर पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया। इसके उपरांत विधायक ने मांडू डीह के लक्ष्मी नगर में पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। वहीं तीसरा शिलान्यास मांडू चट्टी पंचायत के बाजार टांड़ से गोविंदपुर पीसीसी पथ का हुआ। शिलान्यास के मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक तिवारी महतो ने कहा कि वह खुद को विधायक नहीं बल्कि क्षेत्र की जनता और किसानों का सेवक मानते हैं। उन्होंने कहा कि वह हमेशा लोगों के सुख-दुख में साथ खड़े हैं और आगे भी खड़े रहेंगे। विधायक ने विश्वास दिलाया कि उनका सपना मांडू विधानसभा को एक विकसित विधानसभा के रूप में देखना है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र में एक भी कच्चा और जर्जर रास्ता नहीं बचेगा। सभी कच्चे रास्तों को चरणबद्ध तरीके से पक्के पीसीसी पथ में बदला जाएगा ताकि आम लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। स्थानीय लोगों ने सड़कों के शिलान्यास पर खुशी जताते हुए विधायक और पंचायत प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। बताया जाता है कि लंबे अरसे से इन रास्तों की मांग की जा रही थी जो अब पूरी होने जा रही है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि विवेक कुमार गुप्ता, मांडू डीह पंचायत के मुखिया बैजनाथ राम, मांडू चट्टी पंचायत की मुखिया अनीता देवी, मांडू चट्टी पंचायत के उप मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि छोटेलाल भुईया, नवरत्न कुमार, बंधन महतो, उमेश प्रसाद मंडल, सोनू प्रसाद, विनोद कुमार, तारकेश्वर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक ही स्थान पर दो हादसे, बाल-बाल बचे सेवानिवृत्त सिविल सर्जन

**खूंटी :** खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर मंगलवार दोपहर में एक ही स्थान पर कुछ ही अंतराल में हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में खूंटी के सेवानिवृत्त सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी और सेवानिवृत्त सैनिक जयसिंह होरो घायल हो गए। दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जयसिंह होरो मुरहू प्रखंड के कोड़ाकेल पंचायत की मुखिया मरियम होरो के पिता हैं। जानकारी के अनुसार, डॉ नागेश्वर मांझी अपनी कार से तोरपा से बिरसा हॉस्पिटल, जियरप्पा जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक आंख झपकने से उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में उतर गई। कार वे स्वयं चला रहे थे और वाहन में अकेले थे। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला।

## जुबिली कॉलेज भुरकुंडा ने चलाया नशा मुक्ति अभियान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रिवर साइड स्थित जुबिली कॉलेज में मंगलवार को नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने कॉलेज परिसर और आसपास नशा मुक्ति को लेकर पंपलेट चिपकाये। इसके साथ ही नशे से परहेज करने का संदेश भी दिया। इसके उपरांत कॉलेज के सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें समन्वयक डॉ एस.एस पांडेय ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा, खेल और रचनात्मक गतिविधियों की ओर ध्यान देने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।



वहीं कॉलेज के प्राचार्य प्रो. बालकृष्ण ने कहा कि नशा केवल नशापन करने वालों का जीवन और स्वास्थ्य को बर्बाद नहीं करता है, बल्कि पूरे परिवार को तबाह कर देता है यह समाज के लिए कैंसर के समान है। अवसर पर कॉलेज प्रशासन ने छात्रों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। मौके पर प्रोफेसर राजेश कुमार, प्रोफेसर आलोक कुमार, डॉ एस पी पांडे, प्रोफेसर टी के झा, डॉ अरुण कुमार सिंह, प्रोफेसर मनोज कुमार, डॉ. एसपी दांगी, प्रोफेसर अर्जुन कुमार मिश्रा, डॉ. बालमुकुंद सिंह, प्रो. विशेश्वर रविदास सहित कई छात्र छात्राएं मौजूद थे।


## बेड़ो के ग्रामीण क्षेत्रों में जोरों से चल रहा धान रोपनी का काम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** मानसून की अनुकूल वर्षा के बाद प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में धान की रोपाई का कार्य जोरों से चल रहा है। हालांकि जितनी वर्षा होनी चाहिए थी अभी तक जुलाई माह में उसे कम होने के बावजूद भी क्षेत्र के मासु,चनगनी,चरिमा, केशा, पुरियो,जरिया सहित दर्जनों गांवों के खेतों में किसान पूरे उत्साह के साथ धान रोपनी में जुट गए हैं। खेतों में महिलाओं और पुरुषों की टोली पारंपरिक तरीके से धान की रोपाई करती नजर आ रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्य की रौनक लौट आई है। प्रखंड के पवन, ब्रजेश, दिलीप, संजय किसानों का कहना है कि इस वर्ष समय पर हुई वर्षा से खेतों में पर्याप्त पानी भर गया है, जिससे धान की रोपाई सुचारू रूप से शुरू हो सकी है। यदि आने वाले दिनों में मौसम इसी तरह अनुकूल बना रहा तो इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीद है। वहीं किसान धान रोपनी के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कु अन्य गतिविधियां तेज हो गई हैं। किसान खेतों की तैयारी, बीज रोपण और सिंचाई व्यवस्था में जुटे हुए हैं। किसानों ने बताया कि अच्छी फसल से उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होने की उम्मीद है। ग्रामीण इलाकों में इन दिनों खेतों में धान रोपनी का पारंपरिक दृश्य देखने को मिल रहा है, जो कृषि प्रधान क्षेत्र बेड़ो की पहचान को एक बार फिर जीवंत कर रहा है।

## उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मो जावेद हुसैन ने मंगलवार को ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और रख-रखाव का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम के सुरक्षित रख-रखाव और वेयर हाउस की विधि-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने वेयर हाउस में स्थापित सीसीटीवी कैमरों, अन्य सुरक्षा उपकरणों और उनके रख-रखाव की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी अवलोकन कर निगरानी व्यवस्था की जानकारी ली। इसके अलावा वेयर हाउस में तैनात सुरक्षा बलों की लॉग बुक, अग्निशमन यंत्र सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कर्तव्यों के प्रति सतर्क और सक्रिय रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ईवीएम की सुरक्षा से जुड़े सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए और सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी ललन कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## एसआईआर फॉर्म जमा करने के लिए आज अंतिम दिन, पांच अगस्त को प्रारूप सूची का होगा प्रकाशन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची के डिजिटलाइजेशन व सत्यापन की समय सीमा खत्म होने में अब मात्र एक दिन बचे हैं। वहीं बेड़ो प्रखंड में अभियान अंतिम चरण में पहुंच गया है। प्रगति रिपोर्ट के मुताबिक कई मतदान केंद्रों ने लक्ष्य 100 प्रतिशत पूरा कर लिया है। कई बूथों पर काम अभी चल ही रहा है। ऐसे बूथों पर काम तेज कराने के लिए अभियान और निगरानी बढ़ा दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार पूरे मांडर विधानसभा के मतदान केंद्रों पर 0.81 प्रतिशत काम बाकी है। कई मतदान केंद्रों ने 100 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज कर समय-सीमा से पहले काम पूरा कर लिया है। इससे संबंधित बीएलओ और निर्वाचन कर्मियों की सक्रियता सामने आई है। निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि शेष एक दिन में लंबित बूथों पर विशेष फोकस है। जहां प्रगति धीमी है, वहां लगातार समीक्षा हो रही है। मार्गदर्शन दिया जा रहा है। अतिरिक्त प्रयास किए जा रहे हैं। लक्ष्य समय पर पूरा कराने की रणनीति पर काम चल रहा है। प्रशासन ने कहा कि प्राथमिकता है कि एक भी पात्र मतदाता का रिकॉर्ड अधूरा न रहे। तय समय-सीमा में सभी लंबित काम पूरे हों। इसके लिए बीएलओ, सुपरवाइजर और निर्वाचन कर्मियों को अंतिम समय तक गंभीरता और जवाबदेही के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं। इधर एसआईआर का कार्य पूरा होने के बाद आगामी 5 अगस्त को प्रारूप सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

### जनता उच्च विद्यालय होन्हे में वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## वृक्ष बचेंगे तो जीवन बचेगा, आइए हर शुभ अवसर पर पौधा लगायें : ममता देवी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुलमी (रामगढ़) :** दुलमी प्रखंड के जनता उच्च विद्यालय, होन्हे में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्थानीय विधायक ममता देवी ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में दर्जनों छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। विधायक ममता देवी ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। स्वच्छ पर्यावरण, शुद्ध वायु और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने जन्मदिन, शादी, शादी की सालगिरह, बच्चों के जन्म, गृह प्रवेश एवं अन्य सभी शुभ अवसरों पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएँ तथा उसकी देखभाल का भी संकल्प लें। यदि हर व्यक्ति अपने जीवन के प्रत्येक शुभ अवसर पर एक पौधा लगाए, तो हमारा समाज और पर्यावरण दोनों अधिक समृद्ध और सुरक्षित बनेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से भी आह्वान किया कि वे पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी निभाते हुए अपने घर, विद्यालय और आसपास के क्षेत्रों में अधिक से अधिक पौधे लगाएं तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।



कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण के इस जन अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। मौक पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस प्रवक्ता एवं मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश, विद्यालय के सचिव गंगाधर महतो, प्रधानाध्यापक नवरोतम कुमार, राजनदन महतो, भेदोराम, दीपक कुमार, सुनील कुमार, हरिदास कुमार, पवन, महेंद्र ओहदार, लिलेश्वर महतो, हेमलाल महतो, किशोर कुमार, देवती देवी, अर्चना देवी, छोटन महतो, उत्तम कुमार, शिवकुमार, विनोद कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## युवक की हत्या का खुलासा पत्नी और उसका प्रेमी गिरफ्तार

**खूंटी :** पुलिस ने डहुगुटू गांव में 24 जुलाई को हुए युवक की हत्या के मामले में मृतक की पत्नी और उसके कथित प्रेमी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार सहित अन्य साक्ष्य भी बरामद किए हैं। पुलिस की ओर से मंगलवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 24 जुलाई को खूंटी थाना क्षेत्र के डहुगुटू गांव स्थित सरना टांड़ की झाड़ियों से ठुरहू पाहन उर्फ सागर मुंडा (30) का शव बरामद हुआ था। इस मामले में मृतक की पत्नी मुक्ता कुमारी के फर्दबयान के आधार पर खूंटी थाना में दर्ज मामले की जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया।

## संत गुरु रविदास की 650वीं जयन्ती पर समरसता संकल्प अभियान व मंडल प्रवास की तैयारियों पर भाजपा रांची पूर्वी जिला की बैठक सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** भारतीय जनता पार्टी रांची पूर्वी जिला द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले समरसता संकल्प अभियान एवं आगामी मंडल प्रवास कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आरटीसी पब्लिक स्कूल, अनगड़ा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा रांची पूर्वी जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने की। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती सिंह ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज केवल किसी एक समाज के संत नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के महान पथप्रदर्शक, भक्ति आंदोलन के महान संत, श्रेष्ठ समाज सुधारक एवं महान आध्यात्मिक चिंतक थे। उन्होंने समाज के करोड़ों शोषित, वंचित एवं उपेक्षित लोगों में आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और सामाजिक समरसता की भावना जागृत की। आज भी देशभर में करोड़ों लोग जाति और धर्म की सीमाओं से ऊपर उठकर उन्हें श्रद्धा और सम्मान



के साथ स्मरण करते हैं। जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कहा कि यह अभियान सामाजिक समरसता, समानता और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान को गांव-गांव और बूथ स्तर तक सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में आगामी मंडल प्रवास कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रत्येक मंडल में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने, शक्ति केंद्र एवं बूथ समितियों का सत्यापन करने, कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करने तथा पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।

# स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को लेकर रामगढ़ उपायुक्त ने की बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस के आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए सिदो-कान्हू मैदान को तैयार करने और मैदान में सभी तरह की मूलभूत सुविधाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने परेड एवं बैंड प्रस्तुति में भाग लेने वाले सभी पुलिस बल,



एनसीसी व छात्र-छात्राओं के लिए पूर्व अभ्यास के दौरान मैदान में मूलभूत सुविधाएं, चिकित्सा सेवाएं व अल्पहार आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी मधशालाओं एवं बधशालाओं को दिनांक 14 अगस्त 2026 के रात्रि 12:00 से 15 अगस्त 2026 की रात्रि 12:00 बजे तक बंद रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश सहायक आयुक्त उत्पाद एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ को दिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिदो कान्हू स्टेडियम में आयोजित राजकीय समारोह के वेबकास्टिंग के मद्देनजर उपायुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने परेड पूर्वाभ्यास व मुख्य कार्यक्रम के आयोजन के दिन चिकित्सा दल एवं एंबुलेंस की व्यवस्था कर किसी भी तरह की आकस्मिक परिस्थिति के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस के दिन शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश सुबह 8:00 बजे से अपराहन 12:00 बजे तक वर्जित रहेगा इसका अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में स्थित महापुरुषों, स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा कि साफ-सफाई व उन पर माल्यार्पण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रामगढ़ जिले में बेहतरीन कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मियों सहित अन्य जिले वासियों को सम्मानित करने को लेकर समिति गठित कर कार्य करने के संबंध में कई दिशा निर्देश दिए। वहीं उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्देश दिया।

## झारखंड आन्दोलनकारी समन्वय समिति ने रामगढ़ उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** झारखंड आन्दोलनकारी समन्वय समिति के रामगढ़ जिला समिति द्वारा उपयुक्त रामगढ़, ऋतुराज को मांग पत्र सौंपा गया। गस पत्र में आगामी दिनांक 04 अगस्त को झारखंड आंदोलनकारी, झारखंड आंदोलन के महानायक दिशोम गुरु शिबू सोरेन के प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने को लेकर गोला डीवीसी चौक का नामकरण दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नाम किया जाय ताकि झारखंड अलग राज्य की लड़ाई लड़ने वाले ऐसे आंदोलनकारी महानायक को आने वाली पीढ़ी याद करे तथा उनके संघर्षों का अध्ययन कर सके। आज गोला प्रखंड क्षेत्र के एक सुदूरवर्ती गाँव से निकल कर झारखंड ही नहीं पूरे विश्व के पटल पर अपनी ख्याति स्थापित किया। आज पूरे विश्व में नेल्सन मंडेला के बाद दूसरा चर्चित आदिवासी आंदोलनकारी संघर्षशील नेता के रूप में दिशोम गुरु शिबू सोरेन जाने जाते हैं। जल, जंगल और जमीन तथा पूंजीवादियों के खिलाफ लोगों को संघर्ष करने का पाठ पढ़ाया। लोगों को नशा मुक्ति दिलाई। युवाओं को प्रेरित करने वाले वैसे महान पुरुष जो हमारे क्षेत्र के धरतीपुत्र दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नाम से गोला डीवीसी चौक नामांकन की मांग उपायुक्त से रखा गया। इसमें मुख्य रूप से रामगढ़ जिला संयोजक सुनील राज चक्रवर्ती, जलेश्वर महतो, भोलाराम मांझी, कार्तिक महतो, धीरेन प्रसाद, वाहिद अंसारी, चंद्रप्रसाद आदित्य महतो, देवकी प्रसाद, भोला रविदास, कार्तिक महतो, विश्वजीत कुमार, कुंजीलाल रविदास, जगमोहन रविदास, अमूल्य उपाध्याय, साबो देवी, सीता देवी, नूनी बाला देवी, राजाराम महतो, बीरबल नायक, पंचम महतो, बलदेव महतो, दिल चंद महतो शामिल हैं।

## एक झलक

### 214वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



रांची : श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 214वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। राम सिया राम सिया राम जय जय राम के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मण्डल के निर्वतमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने आशा मोदी से बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित करवाई एवं आशा मोदी ने केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल प्रसाद का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। आशा मोदी ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ का पूजन करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया । श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित भक्तजनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी महाराज की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मनीष साहू ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की गई।

### श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में मनेगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव



रांची : श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित रांची के पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का विशेष संगम देखने को मिलेगा।ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुजी श्री मंगल दासजी महाराज, श्री श्री 108 संत गुरु राधिका दासजी महाराज एवं परमहंस डॉ. संत सदानंदजी महाराज का विधिवत पूजन एवं वंदन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा गुरु चरणों में श्रद्धा अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया जाएगा। महोत्सव के तहत श्री राधा रानी का दिव्य एवं अलौकिक श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके साथ ही दीप प्रज्वलन, भजन-कीर्तन एवंआध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस से सराबोर होगा।इस अवसर पर भगवान श्री राधा-कृष्ण को 51 किलो केसरिया खीर का भोग अर्पित किया जाएगा। पूजा-अर्चना एवं भोग के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर गुरु पूर्णिमा महोत्सव को सफल बनाने का आग्रह किया गया है।

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में श्रीगुरु पूर्णिमा पर होंगे विशेष अनुष्ठान



रांची : दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में 29 जुलाई बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और शास्त्रीय विधि से आचार्य चरण-श्रीगुरु पूजा का पर्व मनाया जायेगा। प्रथम चरण में अखिलाण्ड कोटि ब्रह्माण्ड के अधिनायक परात्पर ब्रह्म श्रीमन्नारायण की वैदिक विधान और श्रीवैष्णव जगत के आगमोक्त परंपरा के मुताबिक पूजा-नित्याराधना, आरती, नैवेद्य भोग और महास्तुति इत्यादि संपादन पूर्ण होने के पश्चात प्रातः 9:00 बजे से श्रीगुरुवर-आचार्य चरण का पूजन, गुरुपरंपरा, श्रीसूक्त पुरुषसूक्त आदि के पश्चात सामूहिक रूप से श्रीविष्णु सहस्त्रनाम पाठ का आयोजन किया गया है।
गुरुणायोऽभिमन्येत गुरुम्वा योऽभिमन्यते। तावुभौ परमां सिद्धिं नियमादुपगच्छतः।।
गुरु की अनंत कृपा का पात्र बनकर जो शिष्य रहता है और गुरु से अत्यंत निष्ठा करके जो शिष्य रहता है। यह दोनों संसार बंधन से छूटकर इसी जन्म के अंत में अवश्य परमपद को प्राप्त होते हैं।

# हेपेटाइटिस उन्मूलन लक्ष्य हासिल करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : निदेशक




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर मंगलवार को होटल चाणक्या बीएनआर में हेपेटाइटिस के लक्षण, बचाव और रोकथाम विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि वर्ष 2030 तक हेपेटाइटिस उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बीमारी की रोकथाम के लिए ब्लॉक स्तर तक जागरूकता, समय पर स्क्रीनिंग और अर्ली डायग्नोसिस सुनिश्चित करना आवश्यक है। मौके पर राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार ने बताया कि हेपेटाइटिस लीवर से जुड़ी वायरल बीमारी है, जिसके पांच प्रकार हैं। इनमें हेपेटाइटिस-बी और सी सबसे गंभीर हैं। उन्होंने जानकारी दी कि वायरल लोड जांच के लिए ट्रूनेट मशीनें राज्य के सभी पांच प्रमंडलों में उपलब्ध कराई जा रही हैं। राज्य महामारी विशेषज्ञ डॉ प्रवीण कर्ण ने बताया कि हेपेटाइटिस-ए और ई दूषित भोजन और पानी से, जबकि बी और सी संक्रमित रक्त, असुरक्षित सुई, असुरक्षित यौन संबंध एवं संक्रमित मां से शिशु में फैलते हैं। वहीं रिम्स के प्रोफेसर डॉ अजित डुंगडुंग ने कहा कि हेपेटाइटिस-सी के लगभग 99 प्रतिशत मामलों का सफल उपचार संभव है, जबकि हेपेटाइटिस-बी को आधुनिक दवाओं से प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है। सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने गर्भवती महिलाओं सहित जोखिम वाले लोगों की नियमित जांच कराने की अपील की। कार्यक्रम में हेपेटाइटिस को मात देकर स्वस्थ जीवन जी रहे पवन पहनु, योगेश्वर बेदिया, रूबी देवी और मधु देवी सहित कई चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीएस डॉ प्रभात कुमार, डॉ बिमलेश सिंह, राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार, डॉ राहुल किशोर, डॉ अजीत डुंगडुंग, प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ मेडिसिन, रिम्स, डॉ मनोज कुमार, एचओडी डिपार्टमेंट ऑफ माइक्रोबायोलॉजी रिम्स राज्य महामारी रोग विशेषज्ञ डॉ प्रवीण कर्ण सहित विभिन्न कार्यक्रम के राज्य स्तरीय नोडल पदाधिकारी सहित अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

## झारखंड में सामान्य से 27 प्रतिशत कम बारिश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : झारखंड में मानसून की रफ्तार अब भी सामान्य से पीछे चल रही है। राज्य में एक जून से 28 जुलाई तक सामान्य 478.3 मिलीमीटर के मुकाबले 352.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जो सामान्य से 27 प्रतिशत कम है। यह जानकारी मौसम विभाग ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में दी। विभाग के अनुसार, राज्य के 24 जिलों में केवल पश्चिमी सिंहभूम में ही सामान्य से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सामान्य 461.9 मिलीमीटर के मुकाबले 534 मिलीमीटर बारिश हुई, जो सामान्य से 16 प्रतिशत अधिक है। इसके बाद सरायकेला-खरसावां में सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई, जहां सामान्य 470.2 मिलीमीटर के मुकाबले 464.2 मिलीमीटर बारिश हुई। यह सामान्य से मात्र एक प्रतिशत कम है। इसके अलावा पूर्वी सिंहभूम, रांची और रामगढ़ में भी अपेक्षाकृत अच्छी वर्षा हुई है। इन जिलों में सामान्य से क्रमशः 13, 17 और 12 प्रतिशत कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। हालांकि राज्य के अधिकांश अन्य जिलों में वर्षा का आंकड़ा सामान्य से काफी कम बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड में पूरे मानसून सीजन के दौरान औसतन लगभग 1,200 मिलीमीटर वर्षा होती है। इसके मुकाबले अब तक लगभग एक-तिहाई बारिश ही दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक 167.2 मिलीमीटर वर्षा पश्चिमी सिंहभूम जिले के मंझारी में रिकॉर्ड की गई। वहीं, इस अवधि में सबसे अधिक तापमान बोकारो में 33.1 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान लातेहार में 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार सुबह से रुक-रुक कर पूरे दिन बारिश होती रही।

# गुरु रविदास की जन्मस्थली से लायी गयी पवित्र मिट्टी का 31 जुलाई को रांची में होगा स्वागत




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी 'समरसता संकल्प अभियान' के तहत 31 जुलाई को उनकी जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर (वाराणसी) से लाई जा रही पवित्र मिट्टी का रांची के पंडरा में हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में स्वागत किया जाएगा। इसके बाद शोभायात्रा के माध्यम से पवित्र मिट्टी को ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर ले जाया जाएगा, जहां चार दिनों तक वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास ने अपने जीवन और विचारों से सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का जो संदेश दिया, वह आज भी पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि उनकी जन्मस्थली से लाई जा रही पवित्र मिट्टी केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता का संदेश भी लेकर आ रही है। सीपी सिंह ने कहा कि भाजपा इस अभियान के माध्यम से संत गुरु रविदास के विचारों और उनके जीवन-दर्शन को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यह अभियान सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने, विभिन्न वर्गों के बीच भाईचारे की भावना को मजबूत करने तथा समाज को एक सूत्र में जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

## गुरु रविदास की 650वीं जयन्ती पर सात माह चलेगा 'समरसता संकल्प अभियान' : अर्जुन मुंडा

**रांची** : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अर्जुन मुंडा ने कहा कि पार्टी ने संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती को देशभर में 'समरसता संकल्प अभियान' के रूप में भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रव्यापी अभियान पूरे देश के साथ-साथ झारखंड में भी व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य संत रविदास के सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे के संदेश को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना है। मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए अर्जुन मुंडा ने बताया कि यह अभियान 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा से प्रारंभ होकर 20 फरवरी, 2027 (संत रविदास जयंती/माघी पूर्णिमा) तक चलेगा। लगभग सात महीने तक चलने वाले इस अभियान के दौरान विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : झारखंड में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर 2026 के तहत तैयार की जा रही 'एएसडीडी' सूची में 27 जुलाई तक मतदाताओं की संख्या 40,04,817 पहुंचने पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गहरी चिंता व्यक्त की है। इस मुद्दे को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, महासचिव सूर्यकांत शुक्ला और लाल किशोर नाथ शाहदेव ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से भरोसा दिलाया गया कि पांच अगस्त के बाद चुनाव आयोग से 15 दिन का समय और बढ़ाने की सिफारिश की जाएगी। कांग्रेस का कहना है कि एएसडीडी सूची में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिनमें से लापता श्रेणी के मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक चिंताजनक है। रांची, हटिया, कांके, धनबाद, बोकारो और जमशेदपुर पश्चिम जैसे प्रमुख विधानसभा क्षेत्रों में ऐसे मतदाताओं की संख्या 75 हजार से 1.15 लाख तक है। पार्टी का मानना है कि जब राज्य में डिजिटाइजेशन का काम संतोषजनक स्थिति में है, तब अनुपस्थित श्रेणी में इतनी बड़ी संख्या होना सवाल खड़े करता है। देवघर और दुमका सहित आसपास के जिलों में बाबाधाम सावन मेले की शुरूआत हो रही है, जिससे आम जनता और प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि कई जगहों से शिकायतें मिल रही हैं कि बीएलओ फॉर्म लेने के बाद हस्ताक्षर करके पावती रसीद नहीं दे रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि एएसडीडी सूची का दायरा इतना बड़ा होने और अभी तक अनमैपिंग सूची का प्रकाशन न होने के कारण आम मतदाताओं पर अनावश्यक दबाव बढ़ रहा है।

## आईएलएस, रांची में भव्य विदाई समारोह का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज (आईएलएस), रांची में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य एवं गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का वातावरण हर्षोल्लास, भावनाओं एवं यादगार पलों से परिपूर्ण रहा। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा अनेक आकर्षक एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें नृत्य, संगीत, गायन, नाट्य प्रस्तुति तथा अन्य मनोरंजक कार्यक्रम शामिल रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का भरपूर मनोरंजन किया तथा समारोह को यादगार बना दिया। महाविद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बीएमएस की अखिल भारतीय कार्यसमिति सम्पन्न

# ईपीएस पेंशन बढ़ाने और श्रम संहिताओं में संशोधन की मांग दोहरायी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) की तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यसमिति की बैठक मंगलवार को सरला बिरला परिसर, रांची में संपन्न हो गई। 26 से 28 जुलाई तक आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में देशभर से आए प्रतिनिधियों ने संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों, बदलते श्रम परिदृश्य, श्रम सुधारों तथा समसामयिक राष्ट्रीय श्रम विषयों पर व्यापक मंथन किया। बैठक के दौरान प्रस्तावित श्रम सुधारों और चार श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। कार्यसमिति ने निर्णय लिया कि भारतीय मजदूर संघ दो प्रमुख श्रम संहिताओं औद्योगिक संबंध संहिता (आईआर कोड) और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थितियां संहिता (ओएसएच कोड) के संबंध में अपने सुझाव एवं आपत्तियां औपचारिक रूप से केंद्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेगा, ताकि श्रमिकों के हितों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। कार्यसमिति ने बोनस अधिनियम तथा कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) योजना के तहत वर्तमान 21,000 रुपये की वेतन सीमा को बढ़ाकर 42,000 रुपये किए जाने की मांग एक बार फिर उठाई। इसके साथ ही कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस-95) के अंतर्गत मिलने वाली न्यूनतम 1,000 रुपये मासिक पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपये करने तथा उसे महंगाई भत्ते (डीए) से जोड़ने की अपनी लंबे समय से लंबित मांग भी दोहराई।

## बी.एड. सत्र 2026-2028 के नामांकन को लेकर गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज ने जारी की विस्तृत प्रवेश अधिसूचना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : राज्य के प्रतिष्ठित सरकारी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, रांची (इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन-आईएएसई) द्वारा बी.एड. पाठ्यक्रम के सत्र 2026-2028 में चयनित अभ्यर्थियों के नामांकन के लिए विस्तृत प्रवेश अधिसूचना जारी कर दी गई है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. रमण कुमार झा ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि पर आवश्यक मूल प्रमाण-पत्रों एवं स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ महाविद्यालय में उपस्थित होकर नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। डॉ. झा ने बताया कि अभ्यर्थियों को नामांकन से पूर्व महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.gttranchi.com से महाविद्यालय नामांकन प्रपत्र, छात्र एवं अभिभावक हेतु एंटी रैगिंग प्रपत्र, महाविद्यालय शपथ-पत्र (एफिडेविट) का प्रारूप, चिकित्सीय स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र (मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट) का प्रारूप तथा नामांकन उपरांत (केवल छात्र) छात्रावास आवेदन प्रपत्र डाउनलोड कर निर्धारित प्रारूप में भरकर जमा करना होगा। नामांकन के समय अभ्यर्थियों को मैट्रिक से लेकर अंतिम उत्तीर्ण परीक्षा तक के सभी अंकपत्र एवं प्रमाण-पत्र, जाति/आवासीय/ ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र (जहाँ लागू हो), माइग्रेशन प्रमाण-पत्र (जहाँ लागू हो), कॉलेज लीविंग सर्टिफिकेट (सीएलसी) अथवा डिपार्टमेंटल लीविंग सर्टिफिकेट (डीएलसी), चार नवीनतम पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो), सीएमएल आवंटन पत्र तथा विश्वविद्यालय एवं एनसीटीई के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अन्य आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत

# जंतर-मंतर पर छात्रों पर लाठी और पैलेट गन चलाना लोकतंत्र की हत्या, गृह मंत्री जवाब दें : नूतन कुमारी




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान हुए बर्बर लाठीचार्ज में घायल छात्रा नूतन कुमारी ने आज झारखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में घटना का दर्दनाक विवरण साझा करते हुए केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग कर रहे निहत्थे छात्रों पर जिस तरह बेरहमी से लाठियां बरसाई गईं, वह लोकतंत्र के माथे पर कलंक है। नूतन कुमारी ने कहा कि सरकार छात्रों की मांगों का जवाब संवाद से देने के बजाय लाठी और दमन से दे रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें और कई अन्य छात्रों को गंभीर चोटें आईं, लेकिन सरकार के किसी प्रतिनिधि ने उनकी सुध तक नहीं ली। यह व्यवहार बताता है कि केंद्र सरकार युवाओं की आवाज से घबरा चुकी है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए छात्रों के गूंज के संयोजक सह महानगर अध्यक्ष कुमार राजा ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश के गृह मंत्री तत्काल देश को बताएं कि जंतर-मंतर पर छात्रों के खिलाफ पैलेट गन चलाने का आदेश किसने दिया? छात्रों पर पैलेट गन का इस्तेमाल होना यह केवल पुलिसिया ज्यादती नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों का निर्मम दमन है। उन्होंने कहा कि जिस सरकार को छात्रों की बात सुननी चाहिए थी, वही सरकार उन्हें अपराधियों की तरह पीट रही है। आज देश का युवा रोजगार, शिक्षा और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की मांग कर रहा है, लेकिन उसे लाठी और गोलियों से जवाब दिया जा रहा है।

## विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस व गुरुपूर्णिमा की पूर्व संध्या पर ब्रह्माकुमारीज ने लगाये 51 पौधे



**रांची** : विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस एवं गरुपूर्णिमा के पूर्व संध्या पर मंगलवार को ब्रह्माकुमारीज गांधीनगर युवा प्रभाग की ओर से हथिया गोंदा स्थित 51छायादार पौधा लगाए गए। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज परिवार के सदस्यों, सेवाधारियों ने भाग लिया। प्रकृति का सम्मान ही ईश्वर की पूजा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित ब्रह्माकुमारीज के बीके देव भाई ने कहा जो मनुष्य मन, वचन और कर्म से पौधरोपण एवं प्रकृति संरक्षण में सहयोग देता है, वह परमात्मा की दुआओं का पात्र बनता है। तभी तो हम पेड़-पौधों का पूजन कर मनोकामना सिद्ध करते हैं। हमें पेड़-पौधों का सम्मान करना चाहिए। भूलकर भी पेड़ के तने में लघुशंका नहीं करनी चाहिए, इससे प्रकृति देव रुष्ट होते हैं। बीके देव भाई जी ने कहा कि धरती को हरा-भरा रखना ही सच्ची मानव सेवा है। आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ हवा और पानी देने के लिए हर व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए।

## कंज्यूमर ड्युरेबल्स एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उप समिति की बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की कंज्यूमर ड्युरेबल्स एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उप समिति की बैठक आज चैम्बर भवन में हुई। यह चर्चा हुई कि कई कंपनियां वर्तमान डिस्ट्रीब्यूटर का बकाया भुगतान एवं सेटलमेंट किए बिना ही नये डिस्ट्रीब्यूटर की नियुक्ति कर रही हैं। इससे पुराने डिस्ट्रीब्यूटर की पूंजी फंस जाती है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। व्यापारियों की वास्तविक चिंता को देखते हुए उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने कहा कि जब तक किसी डिस्ट्रीब्यूटर का सेटलमेंट नहीं हो जाता, तब तक ऐसी कंपनियों के साथ व्यापार नहीं किया जाय। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित कंपनियों की डीलरशिप का भी सामूहिक रूप से हतोत्साहित किया जाएगा। वर्तमान में ऑनलाइन व्यापार के बढ़ते प्रभाव से स्थानीय रिटेल कारोबारियों के सामने उत्पन्न चुनौतियों पर भी बैठक में चर्चा हुई। सदस्यों ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के कारण स्थानीय दुकानदार लगातार प्रतिस्पर्धा और घटते व्यापार का सामना कर रहे हैं। उप समिति चेयरमैन श्रीकृष्ण अग्रवाल ने व्यापारियों से सोशल मीडिया प्रमोशन कर अपने प्रतिष्ठानों का प्रचार-प्रसार करने की अपील की। यह कहा कि ग्राहकों को बेहतर सेवा, और विश्वास प्रदान कर ही स्थानीय बाजार को मजबूत बनाया जा सकता है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि कोई खुदरा व्यापारी रांची बाजार के डिस्ट्रीब्यूटरों का भुगतान रोककर अन्य बाजारों से व्यापार करता है, तो राज्यभर के सभी डिस्ट्रीब्यूटरों को एक मंच पर लाकर ऐसे मामलों की सूची साझा की जाएगी ताकि व्यापारिक अनुशासन बना रहे।

# जेपीएससी-जेएसएससी भर्ती अनियमितताओं के विरोध में एबीवीपी का प्रदर्शन, सीबीआई जांच की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (एबीवीपी) रांची महानगर के नेतृत्व में मंगलवार को झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की भर्ती प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताओं एवं भर्ती घोटालों के विरोध में जेपीएससी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन,जेपीएससी और जेएसएससी का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया तथा भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की मांग उठाई। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और एबीवीपी कार्यकताओं ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि झारखंड के लाखों युवा वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन बार-बार भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं, चयन प्रक्रिया पर उठ रहे सवालों और परीक्षाओं में हो रही देरी के कारण अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उनका कहना था कि इन परिस्थितियों से युवाओं का भर्ती संस्थाओं पर विश्वास लगातार कमजोर होता जा रहा है। एबीवीपी ने मांग की कि जेपीएससी और जेएसएससी से संबंधित सभी विवादित भर्ती परीक्षाओं की निष्पक्ष एवं समयबद्ध सीबीआई जांच कराई जाए, ताकि यदि किसी स्तर पर अनियमितता हुई है तो उसकी सच्चाई सामने आ सके और दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। परिषद् ने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए परिषद् के पदाधिकारियों ने कहा कि भर्ती संस्थाओं की कार्यप्रणाली में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाने, उत्तर कुंजी एवं उत्तरपुस्तिकाओं के प्रकाशन की व्यवस्था को अधिक प्रभावी करने, निर्धारित समय-सीमा के भीतर परीक्षा परिणाम घोषित करने तथा भर्ती प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक और सुदृढ़ निगरानी तंत्र लागू करने की मांग की। उनका कहना था कि इससे भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना को काफी हद तक समाप्त किया जा सकेगा। एबीवीपी ने राज्य सरकार से युवाओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वास बहाल करने के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की। परिषद् ने कहा कि रोजगार की प्रतीक्षा कर रहे लाखों अभ्यर्थियों को निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। परिषद् ने चेतावनी दी कि यदि भर्ती घोटालों की निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और भर्ती व्यवस्था में आवश्यक सुधारों को लेकर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् राज्यभर में चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी। परिषद् ने कहा कि ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों की पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

## टैली सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने टैली एमएसएमई ऑनर्स 2026 के ईस्ट जोन संस्करण का किया समापन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : टैली सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने टैली एमएसएमई ऑनर्स 2026 के ईस्ट जोन संस्करण का समापन करते हुए पूर्वी भारत के 40 उत्कृष्ट सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सम्मानित किया। रांची में आयोजित समारोह में रिटेल, मैन्युफैक्चरिंग, सेवा, टेक्नोलॉजी और ट्रेडिंग क्षेत्र के नवाचार, रोजगार सृजन और आर्थिक विकास में योगदान देने वाले उद्यमियों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिए गए। इस वर्ष कोलकाता, पटना और रांची के अलावा सिलीगुड़ी, डालटनगंज, सिलचर, गोपालगंज, धनबाद, रानीगंज और कटक जैसे टियर-2 एवं टियर-3 शहरों के उद्यमियों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। रांची से ई-कॉम्पुसॉफ्ट सॉल्यूशन के मनोज कुमार मिश्रा को बिजनेस माएस्ट्रो, आंत्रिका की मंशी कुमारी और प्रोएक्वा ट्रीट की नेहा कुमारी को वंडर वुमन, एलायंस रिन्यू एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के सुबोध कुमार को चैंपियन ऑफ कॉज तथा इंद्रमणि ऑटोमोबाइल्स के आशीष अग्रवाल को टेक ट्रांसफॉर्मर सम्मान से नवाजा गया। चार श्रेणियों में पांच पुरस्कारों के साथ रांची का प्रदर्शन सबसे प्रभावशाली रहा। टैली की चीफ बिजनेस ऑफिसर जयती सिंह ने बताया कि छह संस्करणों में 85 हजार से अधिक नामांकन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 20 प्रतिशत से अधिक महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों के हैं।

## एक झलक

### नि:शुल्क दंत जांच शिविर का हुआ आयोजन

**हजारीबाग** : हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल द्वारा कटकमदाग के सलगावां स्थित सरकारी विद्यालय में मंगलवार को निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 120 से अधिक स्कूली बच्चों के दांतों की निशुल्क जांच की गई तथा उन्हें मुख एवं दंत स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक परामर्श भी दिया गया। इस अवसर पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल के सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए दांतों की नियमित देखभाल और समय-समय पर जांच अत्यंत आवश्यक है। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर समाज के लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समय पर उपचार सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी संस्थान सामाजिक सरोकारों के तहत इस प्रकार के जनहितकारी निशुल्क शिविर आयोजित करता रहेगा।

### जर्जर मकान का एस्बेस्टस गिरने से 16 वर्षीय मनीषा की मौत

**बरही** : बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बरही पूर्वी पंचायत के बाराटांड़ में सोमवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में 16 वर्षीय मनीषा कुमारी पिता बब्लू राम की मौत हो गई। मनीषा घर में खाना बना रही थी, तभी अचानक मकान का अल्बेस्टर टूटकर उसके ऊपर गिर पड़ा। जिसके बाद मनीषा गंभीर रूप से घायल हो गई, परिजनों एवं स्थानीय लोगों के मदद से घायल मनीषा को बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के कारण अल्बेस्टर काफी कमजोर हो गया था। इसी दौरान उस पर बकरी के दौड़ने से वह टूटकर नीचे गिर गया और मनीषा को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने बताया कि पीड़ित परिवार बेहद जर्जर मकान में रहने को मजबूर है। चार कमरों के इस घर में 18 लोग रहते हैं। मकान की छत से लगातार पानी टपकता है और पूरी संरचना काफी कमजोर हो चुकी है, जिससे भविष्य में भी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को अविलंब अबुआ आवास या प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने बनासो उर्दू विद्यालय के जर्जर भवन के नवनिर्माण की मांग की

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखण्ड के मध्य जिप सदस्य शेख तैयब लगातार अपने क्षेत्र के विकास को सतत प्रयासरत रहते हैं। इसी कड़ी में 28 जुलाई 26 सोमवार को जिला योजना पदाधिकारी, हजारीबाग से मिलकर प्रखण्ड स्थित अंसारी नगर बनासो उर्दू मध्य विद्यालय की जर्जर स्थिति से अवगत कराते हुए विद्यालय के उत्थान एवं विकास के लिए आवेदन देकर कहा कि विद्यालय के चारो भवन जर्जर है, जिसे तोड़कर पुर्ननिर्माण कराया जाय। शौचालय नही होने की वजह से छात्रो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिसके मद्देनजर शौचालय का निर्माण अतिशीघ्र कराया जाय,साथ हीं चारदीवारी, किचन और रेलिंग का निर्माण भी हो। मध्य जिप सदस्य ने दूरभाष के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में जरूरी सुविधाओं एवं रखरखाव का घोर आभाव है, अभिभावकों के लिए ना तो वेटिंग रूम है, ना हीं पुराने भवन का रंगरोगन किया गया है। हजारीबाग जिला प्रशासन से आग्रह होगा कि प्रखण्ड के सरकारी विद्यालयों को उचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाय, ताकि गरीब बच्चों को असुविधाएं एवं कोई अनहोनी का खतरा ना हो।

### विभावि राजनीति विज्ञान विभाग में 'संयुक्त राष्ट्र के पुनर्गठन व प्रासंगिकता' पर संगोष्ठी आयोजित

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग में 'संयुक्त राष्ट्र का पुनर्गठन एवं प्रासंगिकता' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन मंगलवार को विभागीय प्रशाल में किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने किया। इस अवसर पर जाकिर अंसारी ने 'संयुक्त राष्ट्र के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि' पर तथा नीरज कुमार वर्मा ने 'संयुक्त राष्ट्र की उपलब्धियां' पर अपना शोध आलेख प्रस्तुत किया। संजना मासूम ने 'संयुक्त राष्ट्र की वर्तमान चुनौतियों' पर, धर्मेंद्र कुमार ने ₹संयुक्त राष्ट्र महासचिव की भूमिका₹ पर शोध आलेख प्रस्तुत किया। स्वाति कुमारी ने ₹संयुक्त राष्ट्र में भारत की भूमिका₹ पर प्रकाश डाला तथा सौरभ कुमार ने ₹संयुक्त राष्ट्र और विश्व की प्रमुख शक्तियां₹ विषय पर समीक्षात्मक आलेख प्रस्तुत किया। इसी प्रकार संगोष्ठी के संयोजक सुधरता महेंद्र पंडित में संयुक्त राष्ट्र की वर्तमान प्रासंगिकता पर अपना आलेख पाठ किया। संगोष्ठी का आयोजन विभागीय प्राध्यापक डॉ अशोक राम की देखरेख में संपन्न हुआ। डॉ अशोक राम पिछले लगभग एक पखवाड़े से विभाग के सुधारतियों को स्तरीय आलेख पत्र तैयार करने के लिए निर्देशित कर रहे थे।

## उपायुक्त ने विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का किया निरीक्षण

# बच्चों की देखभाल व सुविधाओं का लिया जायजा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : उपायुक्त हेमंत सती ने मंगलवार को मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत संचालित विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान (Specialised Adoption Agency-SAA), सृजन फाउंडेशन, हजारीबाग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थान में रह रहे बच्चों की देखभाल, स्वास्थ्य, सुरक्षा, पोषण, आधारभूत सुविधाओं एवं मानव संसाधन की स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त को बताया गया कि संस्थान में वर्तमान में सात बच्चे आवासित हैं, जबकि इसकी कुल आवासीय क्षमता दस बच्चों की है। संस्थान में शून्य से छह वर्ष तक के बच्चों के लिए दो आवासीय कक्ष, डाइनिंग हॉल, रसोईघर, स्टोर रूम, कार्यालय, स्टाफ रूम एवं विजिटर कक्ष सहित आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। उपायुक्त ने संस्थान में कार्यरत समन्वयक, सामाजिक कार्यकर्ता, नर्स, सुरक्षा गार्ड एवं आया की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की तथा बच्चों की देखभाल में किसी प्रकार की कमी नहीं होने देने का निर्देश दिया। उन्होंने संस्थान में रह रहे बच्चों की व्यक्तिगत स्थिति एवं उनके पुनर्वास एवं दत्तक ग्रहण से संबंधित प्रक्रियाओं की भी समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बच्चों के भोजन एवं पोषण संबंधी व्यवस्था की जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि छोटे बच्चों को आयु के अनुरूप दूध, शिशु आहार एवं अन्य आवश्यक पोषाहार उपलब्ध कराया जाता है, जबकि बड़े बच्चों को निर्धारित भोजन तालिका के अनुसार संतुलित एवं पौष्टिक भोजन दिया जाता है। सभी बच्चों को नियमित रूप से दूध भी उपलब्ध कराया जाता है। उपायुक्त ने बच्चों की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए नियमित स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। उन्हें बताया गया कि बच्चों की स्वास्थ्य जांच विशेषज्ञ चिकित्सक की देखरेख में कराई जाती है तथा सभी बच्चों का नियमित टीकाकरण सुनिश्चित किया जाता है। संस्थान की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने सीसीटीवी निगरानी प्रणाली एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा के लिए संस्थान में आठ सीसीटीवी कैमरे स्थापित हैं। निरीक्षण के दौरान जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारियों ने मिशन वात्सल्य योजना के तहत संस्थान के संचालन एवं बच्चों के रखरखाव से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी भी उपायुक्त को उपलब्ध करायी।

## केदारूत की संध्या ने पहले ही प्रयास में नीट-यूजी में हासिल की सफलता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : प्रखंड के केदारूत पंचायत अंतर्गत कजरा गांव की निवासी एवं जवाहर नवोदय विद्यालय, बौगा की पूर्व छात्रा संध्या भारती ने पहले ही प्रयास में नीट-यूजी परीक्षा में 532 अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। संध्या ने सीमित संसाधनों और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद कड़ी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि को क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक माना जा रहा है। सफलता पर केदारूत पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने संध्या भारती को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि संध्या की मेहनत और समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणा है तथा यह सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर रामचंद्र कुमार, अनिल राम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### खास महाल लीजधारियों के लिए 15 अगस्त तक आवेदन जमा करना अनिवार्य

**हजारीबाग** : हजारीबाग के खास महाल प्रकोष्ठ द्वारा जिले के सभी खास महाल लीजधारियों एवं उनके वैध उत्तराधिकारियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। जारी सूचना के अनुसार, हजारीबाग खास महाल क्षेत्र की लीज भूमि का प्रत्येक 30 वर्ष के लिए लीज नवीकरण किया जाता है। अधिकांश लीजधारियों की लीज अवधि 31 मार्च 2008 को समाप्त हो चुकी है। इसके बावजूद कई लीजधारियों अथवा उनके वैध उत्तराधिकारियों द्वारा अगले 30 वर्षों के लिए लीज नवीकरण, नामांतरण, उत्तराधिकारी नामांतरण, हस्तांतरण, प्रयोजन परिवर्तन, बंदोबस्ती एवं वंशावली संबंधी आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के साथ अब तक जमा नहीं किए गए हैं, जिसके कारण लीज नवीकरण की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकी है। खास महाल प्रकोष्ठ ने ऐसे सभी लीजधारियों एवं उनके वैध उत्तराधिकारियों से अपील की है कि जिनका उपर्युक्त कार्य अब तक लंबित है, वे 15 अगस्त 2026 तक अनिवार्य रूप से अपने आवेदन-पत्र सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित खास महाल प्रकोष्ठ, हजारीबाग में जमा करें।

## शराब बरामदगी मामले में कार्रवाई पर उठाये सवाल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग)** : बरही विधानसभा के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने मंगलवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में वर्तमान विधायक और थाना प्रभारी पंकज कुमार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने भगहर स्थित परसातरी मुखिया जी होटल में हुई शराब बरामदगी की कार्रवाई पर कई सवाल खड़े करते हुए पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाये। साथ ही उन्होंने चौपारण में अवैध बालू, शराब, अफीम और डोडा जैसे अवैध कारोबारों को संरक्षण दिये जाने का आरोप भी लगाया। पूर्व विधायक ने कहा कि भगहर स्थित परसातरी मुखिया जी होटल में शनिवार को थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापेमारी कर 18 पेटी शराब बरामद की गई थी, लेकिन जिस स्कॉर्पियो वाहन से शराब लाई गई थी, उसे छोड़ दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि होटल से एक बंदूक भी बरामद हुई थी, जिसे थाना प्रभारी ने लाइसेंसी बताकर छोड़ दिया। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह उल्लेख किया गया है कि प्रशासन को देख कर होटल संचालक फरार हो गया था। ऐसे में जब होटल संचालक मौके पर मौजूद ही नहीं था, तो यह जानकारी किसने दी कि बंदूक लाइसेंसी है? उन्होंने मांग की कि पुलिस यह सार्वजनिक करे कि शराब बरामदगी मामले में कितने लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा किस-किस को आरोपी बनाया गया है। उमाशंकर अकेला ने कहा कि जिस होटल से शराब बरामद हुई, उसके संचालक के खिलाफ मामला दर्ज क्यों नहीं किया गया। उन्होंने दावा किया कि उक्त होटल भुनेश्वर यादव उर्फ पहलवान का है और सभी लोग इस बात को जानते हैं। इसके बावजूद उनका नाम प्राथमिकी में शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर किसके दबाव में उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पूर्व विधायक ने थाना प्रभारी पंकज कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि चौपारण क्षेत्र में अवैध बालू कारोबारियों से प्रति माह 7,000 की वसूली की जा रही है। इसके अलावा लाइन होटलों से भी मोटी रकम वसूले जाने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि थाना प्रभारी के संरक्षण में चौपारण के कई होटलों में डीजल कटिंग का अवैध कारोबार संचालित हो रहा है और इससे जुड़े लोगों से भी अवैध वसूली की जाती है।

### केदारूत की संध्या ने पहले ही प्रयास में नीट-यूजी में हासिल की सफलता

**बरही** : प्रखंड के केदारूत पंचायत अंतर्गत कजरा गांव की निवासी एवं जवाहर नवोदय विद्यालय, बौगा की पूर्व छात्रा संध्या भारती ने पहले ही प्रयास में नीट-यूजी परीक्षा में 532 अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। संध्या ने सीमित संसाधनों और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद कड़ी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि को क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक माना जा रहा है। सफलता पर केदारूत पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने संध्या भारती को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं।

## रविदास महासभा का चुनाव संवैधानिक प्रक्रिया से ही होगा

# 26 जुलाई का कथित चुनाव असंवैधानिक : बिनोद कुमार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : मंगलवार को रविदास महासभा हजारीबाग के जिला अध्यक्ष बिनोद कुमार ने पत्रकार वार्ता कर कहा कि जिला रविदास महासभा की चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक ढंग से जारी है तथा बहुत जल्द संगठन का चुनाव कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से 'रविदास महासभा पुनर्गठन समिति' नामक कुछ लोगों द्वारा भ्रामक प्रचार किया जा रहा है कि वर्तमान जिला कमेटी चुनाव नहीं कराना चाहती, जबकि यह आरोप पूरी तरह निराधार एवं असत्य है। उन्होंने बताया कि वर्तमान जिला कमेटी महासभा के संविधान के अनुरूप चुनाव कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी बीच 26 जुलाई को कुछ लोगों द्वारा प्रिंट एवं सोशल मीडिया के माध्यम से कुछ लोगों को एकत्रित कर जिला अध्यक्ष एवं अन्य पदों पर चुनाव कराने का दावा किया गया, जिसकी जानकारी समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया से प्राप्त हुई। जिला अध्यक्ष ने इस पूरी प्रक्रिया को सिरे से खारिज करते हुए इसे असंवैधानिक, मनमाना एवं संगठन के संविधान के विपरीत बताया। श्री कुमार ने यह भी कहा कि 26 जुलाई को आयोजित उक्त कथित चुनाव में समाज के कई भोले-भाले लोग इस विश्वास और भ्रम में शामिल हुए थे कि यह चुनाव जिला रविदास महासभा, हजारीबाग द्वारा संवैधानिक प्रक्रिया के तहत कराया जा रहा है। उन्हें यह जानकारी नहीं थी कि उक्त चुनाव वर्तमान जिला रविदास महासभा द्वारा नहीं, बल्कि 'रविदास महासभा पुनर्गठन समिति' नामक एक अलग समूह द्वारा आयोजित किया जा रहा है। यदि लोगों को वास्तविक स्थिति की जानकारी होती, तो वे इस प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बनते। इसलिए समाज के सभी लोगों से अपील है कि वे किसी भी प्रकार के भ्रामक प्रचार या अफवाहों में न आएं तथा केवल जिला रविदास महासभा द्वारा जारी आधिकारिक सूचना पर ही विश्वास करें। श्री कुमार ने कहा कि 2 अगस्त 2026 को सभी प्रखंड अध्यक्षों, जिला कार्यकारिणी के सदस्यों, समाज के प्रबुद्धजनों तथा जिला मुख्यालय में निवास करने वाले प्रमुख लोगों की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में सर्वसम्मति से चुनाव की अंतिम तिथि निर्धारित की जाएगी तथा रविदास महासभा के संविधान के अनुरूप विधिवत चुनाव सम्पन्न कराया जाएगा। इसी चुनाव से गठित जिला कमेटी ही वैधानिक एवं स्थायी जिला कमेटी मानी जायेगी।

## हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट का पुनर्गठन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : वर्ष 2016 से कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में सक्रिय हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट की आमसभा की बैठक बड़ा बाजार सुभाष मार्ग स्थित ट्रस्ट कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जिले की विभिन्न संगीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक संस्थाओं से जुड़े कलाकारों ने भाग लिया। इस दौरान कलाकारों के उत्थान, सांस्कृतिक गतिविधियों के विस्तार तथा ट्रस्ट की भावी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष 2016 में गठित पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का गठन किया गया। नयी कार्यकारिणी में रामकिशोर सावंत को अध्यक्ष, प्रदीप पाठक को महासचिव, कला एवं संस्कृति विभाग के विधायक प्रतिनिधि सुबोध सिन्हा को कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी आशीष सिन्हा, मीडिया प्रवक्ता संजय तिवारी तथा हजारीबाग बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार उर्फ राजू को कानूनी सलाहकार की जिम्मेदारी सौंपी गई। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष के रूप में राजीव रंजन मिश्रा, शोभा सिन्हा, अमित गुप्ता, राजा निजामुद्दीन, संजय तिवारी, पंकज सिन्हा, माथुर साहब, अनवर फिदवी, नियाजउद्दीन, एस. एम. इम्तियाज तथा अभिमन्यु सिन्हा उर्फ बबलू का चयन किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सीमा गुप्ता, रूबी राणा, ललन कुमार, करण पांडे, अशोक कुमार, अखिलेश वर्मा, प्रवीण राठौर, सलीम राजा, अरमान आलम, संतोष कुमार, नेहा श्रीवास्तव, सविता रानी, एकता अरोड़ा, शशिकांत उर्फ चुन्नू, समीर अंबष्ट, अनीता वर्मा, अभिषेक कुमार तथा अधिवक्ता ईश्वरी प्रसाद को शामिल किया गया।

## हरिजन करमा विद्यालय में 35 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरिजन करमा में कल्याण विभाग की ओर से उपलब्ध कराई गई 35 साइकिलों का वितरण समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में करमा पंचायत की मुखिया देवंती देवी ने 15 बालकों एवं 20 बालिकाओं के बीच साइकिलों का वितरण किया। इस अवसर पर मुखिया देवंती देवी ने कहा कि सरकार की यह योजना विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और विद्यालय आने-जाने में होने वाली कठिनाइयों को कम करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। उन्होंने छात्रों से नियमित रूप से विद्यालय आने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेश भुइयां, प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र कुमार दास, समिति सदस्य राजेन्द्र कुमार गुप्ता, मिथलेश ठाकुर, मुकेश कुमार, शिक्षक उपेन्द्र कुमार वर्मा, विजय प्रसाद, शैलेंद्र कुमार चौरसिया, बिंदुल देवी, रामदास राम, रिंकी देवी, सचिन कुमार सहित कई अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

### कुसुंभा ने विद्यार्थियों के बीच साइकिल का किया वितरण

**विष्णुगढ़** : प्रखंड के कुसुंभा पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बरहमोरिया में मंगलवार को सरकार के साइकिल वितरण योजना के तहत छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुसुंभा पंचायत के मुखिया दुलारचंद पटेल के हाथों कुल 30 छात्र-छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं। वितरण के दौरान मुखिया दुलारचंद पटेल ने कहा कि सरकार के इस प्रयास का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ाना है, उन्होंने विद्यार्थियों से साइकिल के सुरक्षित उपयोग के साथ नियमित रूप से विद्यालय आने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय रंजन ने कहा कि साइकिल मिलने से दूर-दराज के गांवों से आने वाले विद्यार्थियों के आवागमन की समस्या काफी हद तक दूर होगी। इससे उनकी नियमित उपस्थिति बढ़ेगी और पढ़ाई में भी सकारात्मक सुधार आयेगा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जागेश्वर महतो, पूर्व अध्यक्ष के रूप में कैलाश महतो, शिक्षक ललित कुमार, लीलावती देवी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## श्रीदस स्कूल के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने किया भद्रकाली मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शनिवार को झारखंड के प्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल इटखोरी स्थित माता भद्रकाली मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस एजुकेशनल टूर का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ इतिहास, संस्कृति और पुरातात्विक धरोहरों से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने माता भद्रकाली मंदिर के इतिहास और धार्मिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्हें बताया गया कि इटखोरी सदियों से विभिन्न धार्मिक परंपराओं का संगम रहा है। मान्यता है कि भगवान बुद्ध ज्ञान की खोज के दौरान इस क्षेत्र में आए थे। यहीं से उनके शिष्यों ने उन्हें खोजते हुए कहा था 'इति खोई', जिससे आगे चलकर इस स्थान का नाम इटखोरी पड़ा। यह स्थल हिंदू, बौद्ध और जैन धर्म की आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है। विद्यार्थियों ने मंदिर परिसर में स्थित पुरातत्व संग्रहालय (म्यूजियम) का भी भ्रमण किया। यहां उन्होंने प्राचीन मूर्तियों, शिलालेखों, बौद्ध एवं जैन प्रतिमाओं तथा ऐतिहासिक अवशेषों को करीब से देखा और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को असाइनमेंट आधारित गतिविधियां भी दी गईं, ताकि वे स्थल के इतिहास, संस्कृति और पुरातात्विक महत्व पर अध्ययन कर सकें।

## 10 वर्षों से बदहाल कोनार नहर सर्विस रोड: दलदल में तब्दील सड़क पर हर दिन मौत का खतरा, विकास के दावों की खुली पोल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विकास के दावों और करोड़ों रुपये की योजनाओं के बीच विष्णुगढ़ प्रखंड के हेठली बोदरा से चौथा गांव को जोड़ने वाला कोनार नहर का सर्विस रोड पिछले करीब दस वर्षों से बदहाली का प्रतीक बना हुआ है। बरसात शुरू होते ही यह सड़क कीचड़, जलजमाव और दलदल में तब्दील हो जाती है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढे और फिसलन भरे रास्ते के कारण ग्रामीणों का आवागमन जानलेवा साबित हो रहा है। हालात ऐसे हैं कि प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण, स्कूली छात्र-छात्राएं, महिलाएं और बुजुर्ग अपनी जान जोखिम में डाल कर इस सड़क से गुजरने को मजबूर हैं। यह सड़क क्षेत्र के लोगों के लिए केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि जीवनरेखा है। इसी मार्ग से ग्रामीण बैंक, साप्ताहिक हाट, बाजार, स्वास्थ्य केंद्र और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आते-जाते हैं। वहीं उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौथा में अध्ययनरत सैकड़ों छात्र-छात्राएं भी प्रतिदिन इसी जर्जर सड़क से विद्यालय पहुंचते हैं।

## हजारीबाग यूथ विंग ने ट्रैफिक पुलिस जवानों को वितरित किये रेनकोट, सेवा और सम्मान का दिया संदेश



**हजारीबाग** : हजारीबाग यूथ विंग सामाजिक सेवा, जनकल्याण और मानवीय मूल्यों के क्षेत्र में लगातार अपनी अलग पहचान बना रही है। निस्वार्थ सेवा और सामाजिक सरोकार को अपना उद्देश्य बनाकर संस्था निरंतर ऐसे कार्य कर रही है, जो समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ-साथ लोगों को सेवा के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं। इसी क्रम में शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए धूप, बारिश और हर विपरीत परिस्थिति में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने वाले ट्रैफिक पुलिस जवानों के सम्मान एवं सुरक्षा के उद्देश्य से मंगलवार को सीसीआर प्रांगण में हजारीबाग यूथ विंग द्वारा रेनकोट वितरण कार्यक्रम के दूसरे चरण का आयोजन किया गया कार्यक्रम में 70 से अधिक ट्रैफिक पुलिस जवानों को रेनकोट वितरित किये गये।

## ओम आरोहणम संस्था के प्रयास से सावन स्पेशल ट्रेन का शुभारम्भ

**हजारीबाग** : सावन माह में बाबा बैद्यनाथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रांची-भागलपुर सावन स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू हो गया है। सोमवार को हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन पर भाजपा एवं संघ परिवार ने मिलकर सावन स्पेशल ट्रेन के श्रद्धालुओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया। श्रद्धालुओं के आग्रह पर ओम आरोहणम संस्था के विगत तीन वर्षों के सतत प्रयासों से सावन माह में बाबा बैद्यनाथ धाम जाने वाले कांवरिया श्रद्धालुओं के अनुरोध पर रांची-भागलपुर-रांची (वाया हजारीबाग) विशेष कांवरिया सावन स्पेशल ट्रेन का संचालन जारी है। जनहितकारी पहल के लिए ओम आरोहणम संस्था की संस्थापिका शेफाली गुप्ता ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं रेल प्रबंधक का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त की।

## तापिन नॉर्थ में डीजल माफिया का राज, रोजाना हजारों लीटर तेल चोरी, सीसीएल को लाखों का चूना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही (हजारीबाग)** : सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र की तापिन नॉर्थ परियोजना एक बार फिर गंभीर आरोपों के घेरे में है। कोयला चोरी के बाद अब यहां बड़े पैमाने पर डीजल चोरी का संगठित नेटवर्क संचालित होने का दावा किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, परियोजना से प्रतिदिन हजारों लीटर डीजल चोरी कर सीसीएल को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। सबसे गंभीर आरोप यह है कि यह पूरा खेल कथित तौर पर सुरक्षा व्यवस्था की मिलीभगत या घोर लापरवाही के बिना संभव नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, वर्तमान में चार अलग-अलग गिरोह सक्रिय हैं, जो रोटेशन सिस्टम के तहत चोरी को अंजाम देते हैं। एक रात एक गिरोह, दूसरी रात दूसरा गिरोह और इसी क्रम में पूरी व्यवस्था संचालित होती है। हालात ऐसे बताए जा रहे हैं कि मानो चोरी भी ड्यूटी रोस्टर के अनुसार हो रही हो। गिरोहों के बीच चोरी की बारी को लेकर विवाद होने की भी जानकारी सामने आई है, जबकि नए गिरोहों को इस अवैध कारोबार में प्रवेश नहीं करने दिया जाता। 80 में खरीद, 100 में बिक्री... बीच में मोटी दलाली सूत्रों का दावा है कि चोरी का डीजल एक स्थानीय बिचौलिए के माध्यम से खरीद व बिक्री किया जाता है। कथित तौर पर वह चोरों से लगभग 80 रुपए प्रति लीटर की दर से डीजल खरीदकर उसका अवैध भंडारण करता है और बाद में 95 से 100 रुपए प्रति लीटर तक वाहन मालिकों व चालकों को बेचता है। यदि प्रतिदिन एक हजार लीटर डीजल का कारोबार होता है, तो केवल दलाली से ही लगभग 20 हजार रुपए प्रतिदिन की अवैध कमाई होने का अनुमान है। इतनी बड़ी मात्रा में प्रतिदिन डीजल चोरी होना सीसीएल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। परियोजना में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती के बावजूद यदि चोरी लगातार जारी है, तो यह या तो सुरक्षा में भारी चूक है या फिर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है।

# खेतों में पहुंचीं विष्णुगढ़ बीडीओ, आधुनिक खेती का लिया जायजा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : सोमवार को विष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) मधुश्री मिश्रा ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर किसानों के खेतों में पहुंचकर आधुनिक तकनीक से की जा रही खेती का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फसलों की स्थिति का जायजा लिया तथा किसानों से खेती-किसानी से जुड़ी समस्याओं और नई कृषि तकनीकों के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की। भ्रमण के क्रम में बीडीओ ने क्षेत्र के खुदरा उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उर्वरकों की उपलब्धता, भंडारण एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए विक्रेताओं को निर्देश दिया कि किसानों को समय पर निर्धारित दर पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने उर्वरक वितरण में पारदर्शिता बनाये रखने और किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होने देने का निर्देश दिया। बीडीओ मधुश्री मिश्रा ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को आधुनिक बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। ऐसे में किसानों को समय पर उर्वरक एवं खेती के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक खेती अपनाने तथा कृषि विभाग की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।

## चुरचू प्रखंड मुख्यालय में कृषि बीज वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

**चरही** : हजारीबाग कृषि विभाग द्वारा चुरचू प्रखंड मुख्यालय में मक्का, मूंग और मूंगफली बीज का वितरण किया गया। वितरणकर्ता: प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक- उपस्थित अधिकारी/जनप्रतिनिधि : प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ललित राम चुरचू पंचायत मुखिया नीलम बेसरा पूर्व उप प्रमुख चोलेश्वर महतोप्रखंड तकनीकी प्रबंधक नकुल कुमार विधायक प्रतिनिधि प्रदीप यादव पूर्व मुखिया धनेश्वर सिंह, सुधीर कुमार, रवि रंजन सिंह किसान मित्र नरेश यादव, जीवन बीज वितरण का उद्देश्य यह बीज क्लस्टर आधारित खेती के लिए दिया गया है।

## विकास कार्यों का बीडीओ ने लिया जायजा



**विष्णुगढ़** : जनहित से जुड़ी विकास योजनाओं को गति देने की दिशा में मंगलवार को विष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) मधुश्री मिश्रा ने सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार बरनवाल (दीपू भाई) के साथ प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रस्तावित एवं निमार्णाधीन सड़कों की प्रगति का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिये गये। बीडीओ ने करोंज मोड़ से भास्कर धाम सूर्य मंदिर तक प्रस्तावित सड़क, तारा नदी से चलनिया होते हुए एनएच-522 तक सड़क, नावाडीह से ईंट-भट्ठा मार्ग होते हुए एनएच-522 तक संपर्क पथ तथा एनएच-522 से नवनिर्मित आईटीआई कॉलेज तक पहुंच मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण से जुड़ी तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं की समीक्षा करते हुए विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान बीडीओ मधुश्री मिश्रा ने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला है। प्रशासन का प्रयास है कि लोगों को गुणवत्तापूर्ण आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जायें।

## मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने बनासो उर्दू विद्यालय के जर्जर भवन के नवनिर्माण की मांग की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखण्ड के मध्य जिप सदस्य शेख तैयब लगातार अपने क्षेत्र के विकास को सतत प्रयासरत रहते हैं। इसी कड़ी में 28 जुलाई 26 सोमवार को जिला योजना पदाधिकारी, हजारीबाग से मिलकर प्रखण्ड स्थित अंसारी नगर बनासो उर्दू मध्य विद्यालय की जर्जर स्थिति से अवगत कराते हुए विद्यालय के उत्थान एवं विकास के लिए आवेदन देकर कहा कि विद्यालय के चारो भवन जर्जर है, जिसे तोड़कर पुर्ननिर्माण कराया जाय।शौचालय नही होने की वजह से छात्रो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिसके मद्देनजर शौचालय का निर्माण अतिशीघ्र कराया जाय,साथ हीं चारदीवारी, किचन ,और रेलिंग का निर्माण भी हो। मध्य जिप सदस्य ने दूरभाष के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में जरूरी सुविधाओं एवं रखरखाव का घोर आभाव है, अभिभावकों के लिए ना तो वेटिंग रूम है, ना हीं पुराने भवन का रंगरोगन किया गया है। हजारीबाग जिला प्रशासन से आग्रह होगा कि प्रखण्ड के सरकारी विद्यालयों को उचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाय, ताकि गरीब बच्चों को असुविधाएं एवं कोई अनहोनी का खतरा ना हो।

# मुख्यमंत्री दाल-भात केन्द्रों की व्यवस्था होगी और पारदर्शी : उपायुक्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** मुख्यमंत्री दाल-भात योजना के तहत जरूरतमंद लोगों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने मंगलवार को शहर के विभिन्न दाल-भात केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सदर अस्पताल, कोहिनूर मैदान, बरटांड़ बस स्टैंड सहित अन्य केंद्रों का दौरा कर भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, बैठने की व्यवस्था और वितरण प्रणाली की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने केंद्र संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि भोजन करने आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का नाम, मोबाइल नंबर और आधार कार्ड नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे योजना का लाभ वास्तविक एवं जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में पारदर्शिता आएगी तथा किसी प्रकार की अनियमितता पर रोक लग सकेगी। उपायुक्त ने भोजन की गुणवत्ता और पौष्टिकता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने की चेतावनी देते हुए कहा कि लाभुकों को स्वच्छ एवं सम्मानजनक वातावरण में भोजन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी केंद्रों पर शुद्ध पेयजल, पर्याप्त बैठने की व्यवस्था और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री दाल-भात योजना गरीब एवं असहाय लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना है। इसलिए इसके संचालन में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भविष्य में भी समय-समय पर औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी की जाएगी और गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त सन्नी राज, जिला आपूर्ति पदाधिकारी पंकज कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक सुधार के निर्देश दिये।



## मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों से जाना लाइसेंस प्रक्रिया का अनुभव, धनबाद में 15 लोगों को मिला ड्राइविंग लाइसेंस



**धनबाद :** राज्य सरकार द्वारा परिवहन सेवाओं को अधिक सुलभ और पारदर्शी बनाने की दिशा में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली। परिवहन विभाग एवं टाटा मोटर्स के बीच इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग, ट्रेनिंग एंड रिसर्च (आईडीटीआर), जमशेदपुर की स्थापना के लिए हुए एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धनबाद की लाभार्थी षष्ठी देवी और जोनाकी दत्ता से सीधा संवाद कर ड्राइविंग लाइसेंस बनने की प्रक्रिया का फीडबैक लिया। ऑनलाइन आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने धनबाद के उपायुक्त आदित्य रंजन से भी बातचीत की। इसके बाद उन्होंने दोनों लाभार्थियों से पूछा कि लाइसेंस बनवाने में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं हुई। षष्ठी देवी ने बताया कि उन्होंने दोपहिया वाहन, जबकि जोनाकी दत्ता ने दोपहिया एवं हल्के मोटर व्हीकल का लाइसेंस बनवाया था। दोनों ने मुख्यमंत्री को बताया कि आवेदन से लेकर लाइसेंस मिलने तक की पूरी प्रक्रिया सरल रही और उन्हें समय पर लाइसेंस प्राप्त हो गया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद उपायुक्त आदित्य रंजन ने 15 लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस केवल वाहन चलाने की अनुमति नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण पहचान पत्र भी है, जिसका उपयोग विभिन्न सरकारी प्रक्रियाओं में पहचान और पते के प्रमाण के रूप में किया जाता है। उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बिना लाइसेंस वाहन चलाना कानून का उल्लंघन है और इससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने अभिभावकों से नाबालिग बच्चों को वाहन नहीं चलाने देने तथा बालिग होने पर उनका ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य बनवाने की अपील की।

## उपायुक्त के निर्देश पर बीडीओ ने पहुंचायी राहत सामग्री, सरकारी योजनाओं से जोड़ने की तैयारी



**धनबाद :** टुंडी प्रखंड के कमलपुर जंगल में पिछले 15 वर्षों से एकाकी और साधनहीन जीवन बिता रहे 75 वर्षीय सुरेंद्र सोरेन की खबर सामने आने के बाद धनबाद जिला प्रशासन सक्रिय हो गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) विशाल पांडेय ने तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत सामग्री उपलब्ध कराई और उनके रहने की व्यवस्था में सुधार कराया। बीडीओ ने सुरेंद्र सोरेन को चावल, दाल, आटा, नमक सहित अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई। लगातार हो रही बारिश को देखते हुए उनकी झोपड़ी की मरम्मत कराई गई, ताकि उन्हें सुरक्षित आश्रय मिल सके। इसके अलावा कपड़े, कंबल और दैनिक उपयोग की अन्य जरूरी वस्तुएं भी प्रदान की गईं। प्रशासन के अनुसार, सुरेंद्र सोरेन के परिजनों ने उन्हें कई बार घर वापस लाने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने हर बार जंगल छोड़ने से इनकार कर दिया। हालांकि परिवार समय-समय पर जंगल पहुंचकर उनका हालचाल लेता रहता है। बीडीओ ने बताया कि जल्द ही परिजनों से बातचीत कर उन्हें परिवार के साथ रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उपायुक्त आदित्य रंजन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सुरेंद्र सोरेन को सरकार की सभी पात्रता आधारित कल्याणकारी योजनाओं से शीघ्र जोड़ा जाये, ताकि भविष्य में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने और जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## एक झलक

### बीआईटी सिन्दरी में बीटेक की 331 सीटें खाली, दूसरे चरण के बाद भी सभी सीटें भरने की उम्मीद कम

**सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी सिंदरी में बीटेक प्रथम सेमेस्टर के प्रथम चरण के नामांकन के बाद 331 सीटें खाली रह गई थीं। दूसरे चरण के नामांकन के चार दिनों में अब तक 144 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है। संस्थान के डीन एकेडमिक डॉ. डी.के. तांती ने बताया कि दूसरे चरण के नामांकन का अंतिम दिन बुधवार है और प्रतिदिन औसतन 40 से 50 विद्यार्थी नामांकन करा रहे हैं। डॉ. तांती के अनुसार दूसरे चरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी लगभग 150 से 160 सीटें खाली रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि शेष सीटों को भरने के लिए तीसरे चरण की काउंसलिंग 04 अगस्त से तथा चौथे चरण की काउंसलिंग 11 अगस्त से आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि बीआईटी सिंदरी में बीटेक की कुल 1115 सीटें हैं। वर्तमान नामांकन की गति को देखते हुए सभी सीटों का भर पाना दूसरे चरण में संभव नहीं दिख रहा है। संस्थान को उम्मीद है कि चौथे चरण की काउंसलिंग पूरी होने के बाद ही अधिकांश या सभी सीटों पर नामांकन पूरा हो सकेगा। संस्थान लगातार अभ्यर्थियों से निर्धारित समय के भीतर काउंसलिंग और नामांकन प्रक्रिया पूरी करने की अपील कर रहा है।

### गरीब बच्चों के लिए नेहरू बालिका विद्यालय भवन आवंटित करने की मांग, आन्दोलन की चेतावनी

**बाघमारा (धनबाद) :** संपूर्ण जन जागृति ऑगेर्नाइजेशन ने डुमरा (हीरक चौक) स्थित वर्षों से बंद पड़े नेहरू बालिका विद्यालय भवन को गरीब बच्चों के लिए संचालित निःशुल्क शिक्षा केंद्र के लिए आवंटित करने की मांग की है। इस संबंध में संस्था ने बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र के महाप्रबंधक को पत्र सौंपकर शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया है। संस्था के प्रतिनिधि विक्की साव ने बताया कि वर्तमान में संगठन एक निजी भवन में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा केंद्र संचालित कर रहा है। उन्होंने कहा कि पहले भी इस संबंध में बीसीसीएल प्रबंधन को आवेदन दिया गया था, लेकिन अब जानकारी मिल रही है कि नेहरू बालिका विद्यालय भवन किसी अन्य संगठन को आवंटित करने की तैयारी की जा रही है। विक्की साव ने कहा कि यह भवन लंबे समय से बंद पड़ा है और इसका उपयोग गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए किया जाना चाहिए। इससे क्षेत्र के सैकड़ों बच्चों को बेहतर शैक्षणिक सुविधा मिल सकेगी।
उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बीसीसीएल प्रबंधन गरीब बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए नेहरू बालिका विद्यालय भवन संस्था को आवंटित नहीं करता है, तो संपूर्ण जन जागृति ऑगेर्नाइजेशन 5 अगस्त से बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन शुरू करेगा। संस्था ने प्रबंधन से जनहित में सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है।

### ईंट से हमला कर युवक को किया घायल, सिर फूटा, बाघमारा थाना में शिकायत

**बाघमारा (धनबाद) :** बाघमारा थाना क्षेत्र के बड़ा पाण्येडीह में मंगलवार सुबह मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। पड़ोसी पर ईंट से हमला कर एक युवक को घायल करने का आरोप लगाया गया है। घायल सुमन कुमार सिन्हा ने मामले की लिखित शिकायत बाघमारा थाना में दर्ज कराते हुए आरोपित सोनू उर्फ राहुल साव के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, सुबह करीब 8:30 बजे सुमन कुमार सिन्हा के प्लांट से जुड़े एक मिनी हाईवा वाहन को आरोपित ने रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि उसने चालक के साथ गाली-गलौज की तथा वाहन का शीशा तोड़ने की धमकी देते हुए हाथ में ईंट-पत्थर उठा लिया। सूचना मिलने पर जब सुमन कुमार सिन्हा मौके पर पहुंचे और उसे समझाने का प्रयास किया, तो आरोपित ने धक्का-मुक्की शुरू कर दी। इसी दौरान उसने ईंट/पत्थर से उनके सिर पर वार कर दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। पीड़ित का आरोप है कि हमलावर का रवैया बेहद आक्रामक था और वह जानलेवा हमला करने की नीयत से वार कर रहा था। बीच-बचाव करने पहुंचे स्थानीय लोगों के अलावा उनकी मां और भाई के साथ भी आरोपित ने गाली-गलौज और दुर्व्यवहार किया। घटना के बाद पीड़ित ने तत्काल डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। बाघमारा थाना पुलिस ने बताया कि मामले में लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। पुलिस सभी आरोपों की जांच कर रही है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## धनबाद में अड्डाबाजी पर पुलिस का शिकंजा

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते 38 लोग हिरासत में

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने और आम नागरिकों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार की देर शाम पुलिस ने सभी थाना क्षेत्रों में अड्डाबाजी और सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन के खिलाफ व्यापक विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीते मिले 38 लोगों को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई। अभियान का नेतृत्व संबंधित थाना प्रभारियों ने किया, जबकि इसकी निगरानी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों (डीएसपी) ने की। पुलिस टीमों ने प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पार्क, मैदान, विद्यालय परिसरों तथा अन्य संवेदनशील स्थानों पर सघन जांच और छापेमारी की। उन स्थानों को विशेष रूप से चिन्हित किया गया था, जहां अड्डाबाजी और असामाजिक गतिविधियों की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। जांच के दौरान बिना किसी वैध कारण समूह बनाकर बैठे लोगों का सत्यापन किया गया तथा अड्डाबाजी कर रहे युवकों और अन्य लोगों को कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में ऐसी गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत दी गई। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। साथ ही लोगों से सार्वजनिक स्थलों पर अनुशासन बनाए रखने, कानून का पालन करने और सामाजिक सौहार्द कायम रखने की अपील भी की गई। अभियान आगे भी जारी रहने की बात पुलिस ने कही।



## झाड़ियों में मिली नवजात बच्ची को बचाने में प्रशासन की तत्परता, उपायुक्त ने सम्भाला मोर्चा



**धनबाद :** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के हुचुकटांड़ गांव के समीप झाड़ियों में लावारिस हालत में मिली नवजात बच्ची के मामले में जिला प्रशासन ने मानवीय संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए त्वरित कार्रवाई की है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित अधिकारियों को नवजात के बेहतर उपचार, सुरक्षा एवं कानूनी प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया। उनके निर्देश पर बच्ची को तत्काल शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) के आईसीयू में भर्ती कराया गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उसका निःशुल्क इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 जुलाई को बरवाअड्डा थाना ने जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी तथा बाल कल्याण समिति को झाड़ियों में नवजात मिलने की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही बाल कल्याण समिति ने पुलिस को बच्ची को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराने और समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया कि उपचार के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही न हो। नवजात की देखभाल के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन, विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान (एसएए) और जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) के कर्मियों की रोस्टरवार प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि अस्पताल में चौबीसों घंटे उसकी निगरानी और देखभाल होती रहे।

# मुराईडीह खास बस्ती में सीआईएसएफ का बड़ा अभियान, 47 टन अवैध कोयला जब्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बाघमारा (धनबाद) :** बीसीसीएल बरोरा एरिया-1 अंतर्गत मुराईडीह खास बस्ती में अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ मंगलवार को सीआईएसएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 47 टन अवैध रूप से भंडारित कोयला जब्त किया। ओबी डंप के पीछे छिपाकर रखे गए कोयले को कब्जे में लेकर बीसीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय अवैध कोयला कारोबारियों में हड़कंप मच गया।
जानकारी के अनुसार, सीआईएसएफ को सूचना मिली थी कि मुराईडीह खास बस्ती के समीप ओबी डंप के पीछे बड़ी मात्रा में चोरी का कोयला जमा कर रखा गया है, जिसे बाद में तस्करी के लिए भेजा जाना था। सूचना के आधार पर कंपनी कमांडर के नेतृत्व में क्यूआरटी (क्विक रिएक्शन टीम) एवं अतिरिक्त सुरक्षा बल के साथ विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। जवानों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाशी ली, जिसमें करीब 47 टन अवैध कोयला बरामद हुआ। छापेमारी के दौरान किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं हो सकी, लेकिन भारी मात्रा में कोयला बरामद होने से यह स्पष्ट है कि क्षेत्र में संगठित तरीके से अवैध कोयला भंडारण का नेटवर्क सक्रिय है। जब्त कोयले को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बीसीसीएल प्रबंधन के सुपुर्द कर दिया गया। सीआईएसएफ अधिकारियों ने बताया कि कोयला चोरी और अवैध भंडारण पर रोक लगाने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित छापेमारी और गश्त जारी रहेगी, ताकि सरकारी संपत्ति की चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की लगातार कार्रवाई से अवैध कोयला कारोबार पर काफी हद तक लगाम लग सकती है।



## स्पाइनल इंजरी को मात देकर राष्ट्रीय निशानेबाजी की ओर बढ़ रहे उत्कर्ष, विधायक व मेयर ने सराहा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** मध्यप्रदेश के रीवा निवासी एवं स्पाइनल कॉर्ड इंजरी से उभरकर राइफल शूटिंग में नई पहचान बना रहे उत्कर्ष मिश्रा ने मंगलवार को धनबाद स्थित सिंह मेंशन में झरिया विधायक रागिनी सिंह और धनबाद के मेयर संजीव सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों ने उनके संघर्ष, आत्मविश्वास और उपलब्धियों की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उत्कर्ष ने बताया कि वर्ष 2015 में एक भीषण सड़क दुर्घटना में उन्हें स्पाइनल कॉर्ड इंजरी हुई थी। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और अपनी इच्छाशक्ति व निरंतर मेहनत के बल पर जीवन को नयी दिशा दी। वर्तमान में वे राइफल शूटिंग में राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं और अब राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी में जुटे हैं। विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि उत्कर्ष का संघर्ष और सकारात्मक सोच समाज, विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। वहीं मेयर संजीव सिंह ने कहा कि उन्होंने साबित कर दिया है कि मजबूत संकल्प के सामने कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। दोनों ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता की कामना करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां देश के लिए गर्व का विषय बनेंगी।

## भाकपा माले नेता राम प्रसाद राजवार के पिता बेंगू राजवार का निधन, क्षेत्र में शोक

**धनबाद/बलियापुर :** भाकपा माले के सक्रिय नेता कॉमरेड राम प्रसाद राजवार के पिता बेंगू राजवार (65) का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही सिंदरी व बलियापुर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। विधायक चंद्रदेव महतो ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि बेंगू राजवार के निधन से उन्हें व्यक्तिगत क्षति का अनुभव हुआ है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। पूर्व विधायक कॉमरेड आनंद महतो ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। भाकपा माले बलियापुर प्रखंड कमेटी की ओर से भी दिवंगत को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।


## एसएस +2 हाई स्कूल बाघमारा में विधिक जागरूकता शिविर, छात्रों को बताये गये कानूनी अधिकार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**बाघमारा (धनबाद) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), धनबाद के सचिव मयंक तुषार टोपनो के निर्देश पर मंगलवार को एसएस +2 हाई स्कूल, बाघमारा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विधिक अधिकार मित्रों ने छात्र-छात्राओं को मौलिक अधिकार, बाल अधिकार तथा शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम की जानकारी दी। साथ ही नालसा की स्पृहा योजना एवं स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में बताते हुए कहा कि इनके तहत अनाथ, आर्थिक रूप से कमजोर, कैदियों के आश्रित और अपराध प्रभावित परिवारों के बच्चों को शिक्षा, निःशुल्क कानूनी सहायता एवं पुनर्वास की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। छात्रों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक और ओटीपी साझा नहीं करने की सलाह दी गई। इसके अलावा नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहकर शिक्षा पर ध्यान देने का संदेश दिया गया। कानूनी सहायता के लिए राष्ट्रीय टोल-फ्री नंबर 15100 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक सुशांत पांडेय, शिक्षिका सावित्री बास्की, सुनिता सिंह, शिक्षक शशिकांत पांडेय तथा विधिक अधिकार मित्र संजय, रणधीर भारती, विवेकानंद मिश्रा और राजू कुमार साव उपस्थित रहे।

## चित्रकला से निखर रही बच्चों की प्रतिभा, 02 अगस्त को धनबाद में होगी वार्षिक परीक्षा



**धनबाद :** बंगिया संगीत परिषद, कोलकाता के तत्वावधान में झारखंड के बच्चों में चित्रकला प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का अभियान लगातार आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में आर्ट प्वाइंट की ओर से टाटानगर के परसुडीह स्थित श्यामा प्रसाद स्कूल में वार्षिक चित्रकला परीक्षा का आयोजन किया गया। धनबाद के वरिष्ठ चित्रकार शिव शंकर धर के मार्गदर्शन में आयोजित इस परीक्षा में करीब 400 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। परीक्षा में केवल व्यवहारिक पेंटिंग ही नहीं, बल्कि थ्योरी और मौखिक परीक्षा भी आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने निर्धारित समय में वाटर कलर और क्रेयॉन के माध्यम से आकर्षक चित्र उकेरे तथा वर्षभर में तैयार किए गए अपने चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई। मुख्य परीक्षक शिव शंकर धर ने बच्चों की कलाकृतियों का मूल्यांकन करते हुए कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों की छिपी कलात्मक प्रतिभा को निखारना और उन्हें झारखंड की पारंपरिक लोक कला से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि आगामी 2 अगस्त को धनबाद के जयप्रकाश नगर स्थित हॉबी सेंटर में वार्षिक चित्रकला परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें धनबाद सहित विभिन्न जिलों के बच्चे हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आर्ट प्वाइंट के संचालक माणिक शाह तथा महादेव, सौरव, प्रह्लाद, तोपनंद, अनीकेत, अंकित, शुभम, रिया, राज और गणेश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजकों ने उम्मीद जताई कि आगामी प्रतियोगिता में भी बड़ी संख्या में बच्चे अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

## बस्ताकोला मांझी बस्ती में वर्षों पुरानी पेयजल समस्या होगी दूर, पाइपलाइन बिछाने का कार्य अंतिम चरण में

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**झरिया (धनबाद) :** बस्ताकोला स्थित मांझी बस्ती पहाड़ी के ग्रामीणों को जल्द ही स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिलने वाली है। क्षेत्र में झमाडा की ओर से 4 इंच व्यास की लगभग 800 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाने का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। योजना पूरी होने के बाद सैकड़ों परिवारों को नियमित पेयजल आपूर्ति का लाभ मिलेगा।
यह योजना झरिया विधायक रागिनी सिंह की अनुशंसा पर डीएमएफटी मद से स्वीकृत हुई है। मंगलवार को भी पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से जारी रहा। झमाडा के अधिकारियों के अनुसार, यदि कार्य निर्धारित समय पर पूरा हो जाता है तो शुक्रवार से स्थानीय लोग झमाडा का पेयजल कनेक्शन लेना शुरू कर सकेंगे। झमाडा के कनीय अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है और इसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। वहीं विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर जेना ने कहा कि अगले दो दिनों में कार्य पूरा कर क्षेत्रवासियों को कनेक्शन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। स्थानीय निवासी रविकांत तिवारी ने बताया कि मांझी बस्ती पहाड़ी के लोग लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रहे थे। उनकी मांग पर विधायक रागिनी सिंह ने पहल की, जिसके बाद यह योजना धरातल पर उतर सकी। भाजपा नेता काजू राय, भाजपा नेत्री सरिता सिंह तथा भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी ने कहा कि क्षेत्र की जनसमस्याओं को प्राथमिकता के साथ विधायक तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे विकास कार्यों में तेजी आई है। विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पूर्व जनता से किए गए वादों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। पेयजल, सड़क, नाली सहित सभी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है, ताकि लोगों की समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित हो सके।



## कोयला नगर श्री साईं मंदिर में अखंड हरि कीर्तन का समापन, आज निकलेगी साईं बाबा की पालकी यात्रा



**धनबाद :** कोयला नगर स्थित श्री साईं मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को अखंड हरि कीर्तन का श्रद्धापूर्वक समापन हुआ। बोरागढ़ के भजन गायक शशि सिंह एवं उनकी मंडली ने सुमधुर भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। भजनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे। कार्यक्रम के बाद सभी भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। महोत्सव के जजमान उदय प्रताप सिंह ने बताया कि बुधवार, 29 जुलाई को श्री साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा तथा महाभंडारे का आयोजन होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में पालकी यात्रा और भंडारे में शामिल होने की अपील की। कार्यक्रम के दूसरे दिन उदय प्रताप सिंह एवं उनकी पत्नी रेनू सिंह, इंदु देवी, आशनी सिंह, डी.एन. सिंह, नितिन भट्ट, मिल्टन पार्थशास्त्री, उमेश सिंह, शशि सिंह, रेवती रमण सिंह, तुफानी बाबा, मुनी मनीष कुमार सिंह, चंदन कुमार और अभिनाश सहित अन्य श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर चार केन्द्रों में चला हेपेटाइटिस-बी टीकाकरण अभियान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता




**धनबाद :** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर मंगलवार को रोटरी क्लब ऑफ धनबाद सेंट्रल ने शहर में हेपेटाइटिस-बी टीकाकरण एवं जागरूकता अभियान चलाया। क्लब की ओर से पाटलिपुत्रा नर्सिंग होम, पार्क क्लिनिक, कल्याणी डायग्नोस्टिक और सुरक्षा वैक्सीन सेंटर में एक साथ टीकाकरण शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में बड़ी संख्या में लोगों ने हेपेटाइटिस-बी का टीका लगवाकर बीमारी से बचाव का संकल्प लिया। अभियान का उद्देश्य लोगों को हेपेटाइटिस-बी संक्रमण के प्रति जागरूक करना और समय पर टीकाकरण के लिए प्रेरित करना था। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने लोगों को बताया कि हेपेटाइटिस-बी लीवर से जुड़ी गंभीर बीमारी है, जिससे बचाव के लिए टीकाकरण सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने संक्रमण के कारण, लक्षण और बचाव के तरीकों की भी जानकारी दी। अभियान का नेतृत्व क्लब के अध्यक्ष अतुल डोकानिया ने किया। इस दौरान सचिव पंकज गोयल, अनूप गोयल, मनीष लाला, अमित अग्रवाल, अमित जैन, डॉ. निखिल ड्रोलिया, राहुल डोकानिया, गजल गोयल, कविता चौधरी और नेहा अग्रवाल सहित कई सदस्य मौजूद रहे। क्लब ने कहा कि समाज को स्वस्थ और जागरूक बनाने के लिए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी स्वास्थ्य अभियान लगातार आयोजित किए जायेंगे।

# गोविंदपुर में माले ने मनाया कॉमरेड चारु मजूमदार का 54वां शहादत दिवस

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** भाकपा (माले) प्रखंड कार्यालय, गोविंदपुर-रतनपुर में मंगलवार को पार्टी के संस्थापक महासचिव कॉमरेड चारु मजूमदार का 54वां शहादत दिवस श्रद्धा और संकल्प के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दो मिनट का मौन रखकर की गई। इस दौरान नेताओं और कार्यकताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और सामाजिक परिवर्तन के प्रति योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा (माले) की राज्य स्थायी समिति के सदस्य कार्तिक प्रसाद ने कहा कि चारु मजूमदार ने गरीब किसानों, खेत मजदूरों और वंचित तबकों के अधिकारों की लड़ाई को नई वैचारिक दिशा दी। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष आज भी उतना ही जरूरी है और जनता के मुद्दों पर आंदोलन को और मजबूत करने की आवश्यकता है। प्रखंड सचिव गोपाल महतो ने कहा कि चारु मजूमदार का जीवन शोषण और अन्याय के खिलाफ निरंतर संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संगठित आंदोलन को आगे बढ़ाने तथा जनहित के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पार्टी की केंद्रीय कमिटी के आह्वान का पाठ किया गया तथा उसके अनुरूप संगठन को मजबूत करने और जनसंघर्षों को तेज करने का सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि कृष्ण प्रसाद महतो, लाल मोहन महतो, जिला संयोजक सोनू शर्मा, आइसा के राज्य उपाध्यक्ष जयजीत मुखर्जी, मुकेश कुमार दास, सुखदेव हरि समेत कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए तथा चारु मजूमदार के वैचारिक योगदान को याद करते हुए संघर्ष की राह पर आगे बढ़ने का संकल्प दोहराया।



## सिन्दरी में भी मना चारु मजूमदार का शहादत दिवस



**सिन्दरी (धनबाद) :** मनोहरटांड़ स्थित भाकपा माले के पार्टी कार्यालय में मंगलवार को संगठन के प्रथम महासचिव एवं नक्सलबाड़ी आंदोलन के प्रमुख नेता चारु मजूमदार का 54वां शहादत दिवस श्रद्धा और संकल्प के साथ मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि चारु मजूमदार ने अपना संपूर्ण जीवन गरीब किसानों, मजदूरों, आदिवासियों और शोषित-वंचित वर्ग के अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित कर दिया। वर्ष 1967 के नक्सलबाड़ी आंदोलन के माध्यम से उन्होंने सामंती शोषण और दमन के खिलाफ आवाज बुलंद की। वक्ताओं ने कहा कि 28 जुलाई 1972 को पुलिस हिरासत में उनकी मृत्यु हुई, लेकिन उनके विचार आज भी अन्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देते हैं। सभा में वर्तमान समय में जल, जंगल और जमीन पर बढ़ते कॉर्पोरेट कब्जे, किसानों की बदहाली और मजदूरों के शोषण पर चिंता जताई गई। अंत में कार्यकर्ताओं ने शोषणमुक्त समाज के निर्माण और जनसंघर्ष को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सिंदरी नगर सचिव राजीव मुखर्जी, विमल रवानी, सहदेव सिंह, विनोद महतो, सुभाष हांसदा, गोपाल महतो, ओमप्रकाश राम, राजू बावड़ी, राजेश मुखर्जी, प्रेम बहादुर, धनंजय बावड़ी, लगन महतो, साजन सिंह, प्रदीप मल्लिक, परेश रवानी, तापस बावड़ी, राजेंद्र साव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सम्पादकीय.....

## युवा शक्ति का नया लोकतांत्रिक अध्याय

**भारतीय** लोकतंत्र ने एक बार फिर यह साबित किया है कि जनता की आवाज यदि संगठित, शांतिपूर्ण और निरंतर हो तो वह सबसे शक्तिशाली सत्ता को भी आत्ममंथन के लिए विवश कर सकती है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा केवल एक मंत्री का पद छोड़ना नहीं है बल्कि यह उस लोकतांत्रिक दबाव की स्वीकारोक्ति भी है, जो पिछले कई सप्ताह से देशभर के लाखों युवाओं ने अपने धैर्य, अनुशासन और दृढ़ता से निर्मित किया। हाल के घटनाक्रमों में सरकार और आंदोलनकारियों के बीच बातचीत के बाद आंदोलन समाप्त करने की घोषणा हुई और आंदोलन के नेतृत्व ने दावा किया कि उनकी प्रमुख मांगें स्वीकार कर ली गई। यह घटना केवल शिक्षा मंत्रालय तक सीमित नहीं रहेगी। आने वाले वर्षों में इसे उस मोड़ के रूप में याद किया जाएगा, जब भारत की जेन-जी ने यह संदेश दिया कि लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं चलता बल्कि जवाबदेही, पारदर्शिता और नागरिक भागीदारी से भी संचालित होता है। इस पूरे आंदोलन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसकी शुरुआत किसी स्थापित राजनीतिक दल ने नहीं की। यह आंदोलन सोशल मीडिया की दुनिया से निकला, व्यंग्य से शुरू हुआ और देखते ही देखते करोड़ों युवाओं की सामूहिक चेतना का प्रतीक बन गया। जिस 'कॉकरोच' शब्द का प्रयोग कथित रूप से अपमान के लिए किया गया था, उसी शब्द को युवाओं ने अपने आत्मसम्मान और प्रतिरोध का प्रतीक बना दिया। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती है कि वह अपमान को भी प्रतिरोध की शक्ति में बदल देता है। इस आंदोलन ने भारतीय राजनीति को एक नया पाठ पढ़ाया है। लंबे समय तक यह माना जाता रहा कि सोशल मीडिया पर चलने वाले अभियान केवल कुछ दिनों की सनसनी होते हैं लेकिन इस बार 'डिजिटल अभियान' सड़क पर उतरा, शांतिपूर्ण जनआंदोलन में बदला और अंततः सत्ता को निर्णय लेने के लिए बाध्य कर गया। इससे स्पष्ट है कि भारत की नई पीढ़ी केवल 'लाइक' और 'शेयर' तक सीमित नहीं है; वह लोकतांत्रिक भागीदारी की नई भाषा लिख रही है। हालांकि इस जीत का सबसे बड़ा श्रेय केवल आंदोलन की सफलता को नहीं बल्कि उसके संयम को भी जाता है। अनेक स्थानों पर तनाव और पुलिस कार्रवाई के बावजूद आंदोलन के नेतृत्व ने लगातार संवैधानिक और शांतिपूर्ण विरोध की अपील की। यही कारण है कि इस आंदोलन को व्यापक सामाजिक समर्थन मिला। लोकतंत्र में किसी भी जनआंदोलन की नैतिक शक्ति उसकी अहिंसा और अनुशासन से ही आती है। हालांकि इस जीत के साथ कुछ गंभीर प्रश्न भी खड़े होते हैं। क्या केवल एक मंत्री का इस्तीफा शिक्षा व्यवस्था की उन गहरी समस्याओं का समाधान कर देगा, जिनके कारण यह आंदोलन जन्मा? क्या प्रश्नपत्र लीक की घटनाएं स्वतः समाप्त हो जाएंगी? क्या भर्ती परीक्षाओं में वर्षों से चली आ रही देरी खत्म हो जाएगी? क्या करोड़ों युवाओं को रोजगार की नई संभावनाएं मिल जाएंगी? इन प्रश्नों का उत्तर अभी भविष्य के गर्भ में है। धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा राजनीतिक जवाबदेही का एक महत्वपूर्ण उदाहरण अवश्य है किंतु इसे अंतिम समाधान मान लेना भूल होगी। यदि परीक्षा प्रणाली की संरचनात्मक कमियां जस की तस रही, यदि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसियों में पारदर्शिता और तकनीकी सुरक्षा नहीं बढ़ी, यदि दोषियों को समयबद्ध दंड नहीं मिला और यदि भर्ती प्रक्रियाएं पहले की तरह वर्षों तक अटकी रही तो आज का यह जनसंतोष भविष्य में फिर नए रूप में सामने आ सकता है। सरकार के लिए भी यह आत्मचिंतन का अवसर है। लोकतंत्र में किसी आंदोलन को केवल राजनीतिक षड्यंत्र मानकर खारिज कर देना कभी भी दूरदर्शी नीति नहीं हो सकती।

## ● किसने क्या कहा



केवल समिति बनाने से नहीं आयेगा शिक्षा क्षेत्र में बदलाव

**प्रियंका गांधी**
**कांग्रेस नेता**

जनसांख्यिकीय लाभांश कहीं आपदा न बन जाये

**अखिलेश यादव**
**समाजवादी पार्टी के नेता**



# अज्ञानता से मुक्ति और ज्ञान का मार्ग प्रशस्त करता है गुरु

विशेष | **विजय केसरी**



गुरु स्वयं में एक प्रकाश होते हैं। गुरु का प्रकाश शिष्य के भीतर जाए, इस निमित्त गुरु अपनी पूरी आध्यात्मिक तप शक्ति लगा देते हैं। कोई भी व्यक्ति गुरु के पास इसलिए जाता है कि वह अंधकार, अज्ञानता से मुक्ति पाएं। उसके मन में अज्ञानता और अंधकार को मिटाने की जिज्ञासा जागृत होती है। तब ही वह गुरु के पास आता है। गुरु, ईश्वरीय माया के वशीभूत व्यक्ति को सांसारिक प्रपंच से निकालकर ईश्वरीय अनुग्रह को जागृत कर अपने गुरु धर्म का पालन करता है। हमारे धर्म ग्रंथों में दो प्रकार के गुरुओं का विशेष रुप से उल्लेख मिलता है। देवताओं के गुरु बृहस्पति माने जाते हैं। वहीं दूसरी ओर दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य माने जाते हैं। दोनों गुरुओं की अलग-अलग महता है।

**अंधकार** से प्रकाश की ओर जाने का अर्थ है, अज्ञानता से मुक्ति और ज्ञान की प्राप्ति। मानवीय जीवन में ज्ञान का बहुत ही महत्व है। सभी जीवों में मनुष्य जाति सबसे श्रेष्ठ इसलिए बन पाया कि उसके पास ज्ञान का धन है। ज्ञान प्राप्ति के बाद व्यक्ति स्वयं में विराजमान असत्य को निकाल कर सत्य को आत्मसात कर पाता है। ज्ञान प्राप्ति के पूर्व व्यक्ति सत्य और असत्य के भेद को समझ नहीं पाता है। व्यक्ति को ज्ञान प्रदान करने वाले को गुरु कहते हैं। हम सबको कोई जानना चाहिए कि अज्ञानता से मुक्ति और ज्ञान का मार्ग गुरु ही प्रशस्त कर सकता है। भारतीय संस्कृति और रीति-रिवाज में गुरु का बहुत ही महत्व है। भारतीय समाज और काल से गुरु को भगवान से भी ऊंचा स्थान प्रदान करता रहा है। संत कबीर ने दर्ज किया है, 'गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पाय, बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताए'। कबीर ने उक्त पंक्तियों के माध्यम से स्पष्ट कर दिया है कि भगवान और गुरु दोनों जब आपके समक्ष उपस्थित हों, तो पहले गुरु को प्रणाम अर्पित करें। किसी भी व्यक्ति के अंदर में जो भी आध्यात्मिक, पुनर्जागरण और क्रांतिकारी बदलाव आते हैं, उसमें गुरु की भूमिका अहम होती है। गुरु भगवान नहीं होते हैं, किंतु गुरु ही अपने शिष्यों को भगवान तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। हम सबों को यह याद रखना चाहिए कि गुरु ही नर से नारायण बनाने की क्षमता रखते हैं। अर्थात नर से नारायण बनाती है, गुरु सत्ता। गुरु स्वयं में एक प्रकाश होते हैं। गुरु का प्रकाश शिष्य के भीतर जाए, इस निमित्त गुरु अपनी पूरी आध्यात्मिक तप शक्ति लगा देते हैं। कोई भी व्यक्ति गुरु के पास इसलिए जाता है कि वह अंधकार, अज्ञानता से मुक्ति पाएं। उसके मन में अज्ञानता और अंधकार को मिटाने की जिज्ञासा जागृत होती है। तब ही वह गुरु के पास आता है। गुरु, ईश्वरीय माया के वशीभूत व्यक्ति को सांसारिक प्रपंच से निकालकर ईश्वरीय अनुग्रह को जागृत कर अपने गुरु धर्म का पालन करता है। हमारे धर्म ग्रंथों में दो प्रकार के गुरुओं का विशेष रुप से उल्लेख मिलता है। देवताओं के गुरु बृहस्पति माने जाते हैं। वहीं दूसरी ओर दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य माने जाते हैं। दोनों गुरुओं की अलग-अलग महता है। देवताओं के गुरु, इसलिए विशेष रुप से पूछे जाते हैं कि उन्होंने सत्य मार्ग पर चलने का मार्ग प्रशस्त किया। दूसरी ओर दैत्यों के गुरु अपने शिष्यों में दुर्गुण विचारों को पुनर्जीवित कर अपने गुरु धर्म का पालन सत्य प्रेरणा से नहीं किया। फलतः दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य को जगत में वह सम्मान नहीं कर मिल पाया। गुरु अपने गुरु एवं ईश्वर की कृपा से गुरू बनते हैं। उनको जो अध्यात्मिक और ज्ञान की शक्ति प्राप्त होती है, उसका सही दिशा में प्रयोग ही श्री श्रेष्कर है। अगर गुरु अपने शिष्यों में दुर्गुण से भरते हैं तो वे शुक्राचार्य की तरह ही जगत में पूजित नहीं हो पाते हैं। इसलिए वर्तमान परिप्रेक्ष में चाहे वे आध्यात्मिक गुरु हों, शैक्षणिक गुरु हों, उपरोक्त बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार कर सत्य मार्ग की ओर ले जाने वाला ही संदेश अपने शिष्यों के बीच बांटे। संपूर्ण भारतवर्ष में गुरु पूर्णिमा पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस दिन शिष्य अपने अपने गुरुओं की आराधना करते हैं। कई शिष्यों के उनके गुरु जीवित रहने पर इस दिन शिष्यगण उनकी विशेष सेवा करते हैं, और गुरु से अमृतवाणी प्राप्त करते हैं। विचारणीय बात यह है कि आषाढ़ शुक्ल पक्ष का पूर्णिमा का दिन बहुत ही पवित्र दिन माना जाता है। इस दिन शिष्यगण अपने अपने गुरुओं से दीक्षित भी होते हैं। गुरु द्वारा शिष्यों को पवित्र किया जाता है। उन्हें संकल्पित सूत्र से बांधा जाता है। हिंदू धर्म ग्रंथों में इस दिन की महत्ता पर बहुत कुछ दर्ज किया गया है। इन्हीं बातों के पाठन से ज्ञात होता है कि ईसा से 3000 वर्ष पूर्व गुरु पूर्णिमा के दिन ही महर्षि वेदव्यास जी का प्रादुर्भाव इस धरा पर हुआ था। महर्षि वेदव्यास जी ने ही चारों वेदों सहित उपनिषद और पुराणों की रचना की। इसलिए भारतीय समाज में वे पहले गुरु के रूप में पूजे जाते हैं और माने भी जाते हैं। महर्षि वेदव्यास जी का संपूर्ण जीवन शास्त्रों की रचना में बीता था। उन्होंने जिस तरह के शास्त्रों की रचना की वह कदापि एक मनुष्य संभव नहीं हो सकता। महर्षि वेदव्यास त्रिकालदर्शी के साथ जगत के कल्याण के लिए चारों वेदों, पुराणों और उपनिषद की रचना की थी। हजारों साल बीत जाने के बाद भी महर्षि वेदव्यास जी की कृति की सार्थकता उसी प्रकार बनी हुई है। आज भी लाखों करोड़ों लोगों को उनकी कृतियां मार्ग प्रशस्त करती रह रही है। आज की बदली परिस्थितियों में गुरु की महत्ता और भी बढ़ गई है। भारतीय वांग्मय के अध्ययन से ज्ञात होता है कि किसी भी युग व काल खंड में गुरु की महत्ता कम नहीं हुई। सतयुग, द्वापर युग, त्रेता युग के काल खंडों में रचित शास्त्रों के अध्ययन से प्रतीत होता है कि किसी भी युग के कालखंड में गुरु की महिमा कम नहीं हुई बल्कि हर कालखंड में गुरु की महिमा बढ़ती ही रही थी। वाल्मिकी रचित रामायण गुरु शिष्य परंपरा को बहुत ही मजबूती के साथ स्थापित करता है। माता-पिता से भी ज्यादा हक उनके पुत्रों पर गुरु का होता है। राजा दशरथ ने कभी भी अपने पुत्रों के गुरु की बातों की अवहेलना नहीं की बल्कि उनके आदेशों का अक्षरश पालन किया। द्वापरयुग में भगवान श्री कृष्ण और सुदामा एक ही गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त करते हुए मित्र बन पाए थे।

# आधुनिक तकनीकों से मिली 'बाघ संरक्षण' अभियानों को ऊर्जा ?

गौरतलब | **डॉ. रमेश ठाकुर**



शुरुआत रूस स्थित 'पीटरसबर्ग टाइगर संरक्षण शिखर सम्मेलन' के दौरान वर्ष-2010 में की गई थी। विश्व में बाघों की संख्या करीब 78 फीसदी तक घट चुकी है। गनीमत है कि भारत बाघों के मामले में अभी भी टॉप पर है। वैश्विक स्तर के आंकड़ों पर गौर करें तो अनुमानित, बाघों की संख्या पूरे विश्व में लगभग 5,500 के बीच है।

'अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस' मनाने का मुख्य मकसद विश्वभर में तेजी से घटती बाघों की आबादी को रोकने एवं उनके संरक्षण के प्रति समूची दुनिया को जागरूक करना है। यह दिन जंगल की शान कहे जाने वाले बाघों के लिए समर्पित है। सालाना ये दिन 29 जुलाई को पूरे संसार में मनाया जाता है। शुरूआत रूस स्थित 'पीटरसबर्ग टाइगर संरक्षण शिखर सम्मेलन' के दौरान वर्ष-2010 में की गई थी। विश्व में बाघों की संख्या करीब 78 फीसदी तक घट चुकी है। गनीमत है कि भारत बाघों के मामले में अभी भी टॉप पर है। वैश्विक स्तर के आंकड़ों पर गौर करें तो अनुमानित, बाघों की संख्या पूरे विश्व में लगभग 5,500 के बीच है। इनमें से 72 प्रतिशत आबादी अकेले भारत में ही है। साल 2022 बाघ गणना में भारतीय जंगलों और टाइगर रिजर्व में 3,682 जंगली बाघ थे, इनमें पिछले दो वर्षों में इजाफा ठीक-ठाक हुआ। 'ग्लोबल टाइगर दिवस-2025' की थीम थी- 'हमारे हाथों में है बाघों का संरक्षण।' बाघों की आबादी के मामले में भारत के अलावा दूसरे पायदान पर रूस है। अखिल भारतीय बाघ जनगणना-2022 में बाघों की जितनी संख्या बताई गई थी, उनमें अब 12 फीसदी की वृद्धि हो चुकी है। हालांकि, संपूर्ण संख्या अगली गणना में ही सामने आएगी। बाघ संरक्षण की दिशा में बीते कुछ वर्षों से सराहनीय प्रयास हुए हैं। बाघों का सर्वेक्षण आधुनिक तकनीकों से किया जाने लगा है। प्रत्येक टाइगर रिजर्व क्षेत्रों में कैमरे लगवाए गए हैं, ताकि उनकी आबादी का सही-सही आंकड़ा सामने आ सके और उनकी चहलकदमी पर नजर रखी जा सके। पिछली बाघ गणना के दौरान मध्य प्रदेश के शिवपुरी में एकाध बाघ दिखे तो केंद्र सरकार ने 9 मार्च 2025 को उस जगह को 58 वां टाइगर रिजर्व स्थापित कर दिया जिसका नाम 'माधव राष्ट्रीय उधान' रखा गया। यह प्रदेश का 9वां टाइगर रिजर्व है। गौरतलब है कि भारत में बाघों की गणना प्रत्येक 5 साल बाद की जाती है पिछली गणना 2022 में हुई थी, अगली गणना मार्च-2027 में करवाने का प्रस्ताव पारित है। बाघों की आबादी जितनी होनी चाहिए, उतनी है नहीं। बाघ संरक्षण पर केंद्र सरकार सालाना करीब 250 से 290 करोड़ रूपए खर्च करती है। वन्य जीव रेस्क्यू सेंटर में रखे गए प्रत्येक बाघ पर साल में 20 लाख से ज्यादा खर्च होता है। आजादी से पूर्व 100 साल पहले यानी 1926 के आसपास में भारत में बाघों की आबादी सर्वाधिक एक लाख से भी अधिक हुआ करती थी, जो घटती-घटती आज कुछ हजारों तक ही सिमट गई।

## आज का इतिहास

- ईस्ट इंडिया कम्पनी की सहायता के लिए ब्रिटिश सेना की पहली सैन्य टुकड़ी 1748 में भारत पहुंची।
- यूनाइटेड स्टेट्स और जापान ने 1858 में हैरिस संधि पर हस्ताक्षर किये।
- भारत में विज्ञान संगठन की स्थापना 1876 में की गयी।
- न्यूयॉर्क में पहली मोटरसाइकिल रेस का आयोजन 29 जुलाई 1899 में किया गया।
- मोहन बगान ने 1911 में आईएफ शील्ड पहली बार जीता।
- जर्मनी में एडोल्फ हिटलर नेशनल सोशलिस्ट जर्मन वर्कस पार्टी के नेता 1921 में चुने गये।
- जापानी सेना ने 1937 में चीन के पेकिंग और टिनट्सीन पर कब्जा किया।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी के घटक जापान ने 1941 ईसवी को चीन और भारत पर अधिकार करने के लिए अपने सैनिक इस क्षेत्र के दक्षिणी तट पर उतारे।
- ब्रिटिश ब्राडकॉस्टिंग कार्पोरेशन रेडियो पर 1949 में प्रसारण शुरू हुआ।
- संयुक्त राष्ट्र ने 1957 में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) का गठन किया।
- मॉस्को ओलंपिक में भारत ने 1980 को हॉकी में स्वर्ण पदक हासिल किया।
- ब्रिटेन के राजकुमार चार्ल्स और राजकुमारी डायना की शादी 1981 में हुई थी।
- चीन ने 1996 में लोपनोर में अपना 45वां भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- सं.रा. अमेरिका द्वारा पैमनसेट-9 नामक संचार उपग्रह उक्रेन के राकेट की सहायता से अंतरिक्ष में 2000 को प्रक्षेपित किया गया।
- सीमा भदौरिया ने 29 जुलाई 2000 को अपने दांतों से 3390 किलोग्राम के विमान को खींचा।
- श्रीलंकाई बल्लेबाज माहेला जयवर्धन और कुमार संगाकारा ने 2006 में 624 रनों की भागीदारी का टेस्ट क्रिकेट में विश्व रिकार्ड बनाया।




## कर्तव्य को बनायें सर्वोपरि लक्ष्य

**अध्यापक** ने विद्यार्थियों से पूछा- 'रामायण और महाभारत में क्या अंतर है?' विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी समझ के अनुसार उत्तर दिए। अध्यापक को संतोष नहीं हुआ। एक विद्यार्थी ने अनुरोध किया- 'आप ही बताइए' अध्यापक बोला-रामायण और महाभारत में सबसे बड़ा अंतर है 'हक-हकूक' का। रामायण में राम ने अपना अधिकार छोड़ा, राज्य छोड़ा और चौदह वर्षों तक वन में जाकर रहे। वे चाहते तो अधिकार के लिए लड़ाई कर सकते थे। दशरथ उन्हें वन में नहीं भेजना चाहते थे। अयोध्या की जनता उनके वन-गमन से व्यथित थी। पर राम ने अपने कर्त्तव्य को अधिकार से ऊपर रखा। पिता के कहे का पालन उनके जीवन का महान आदर्श था। महाभारत का संपूर्ण कथानक अधिकारों की लड़ाई का कथानक है। कौरव और पांडव आपस में चचेरे भाई थे। भाई-भाई के रिश्तों में जो गंध होती है, मिठास होती है, अपनापा होता है, उसका दर्शन ही वहां कहां होता है! पांडव सब कुछ जुए में हार गए। सब वादे पूरे कर वे लौटे तो दुर्योधन ने पांच गांव तो क्या, सूई की नोक के बराबर भूमि भी देने से मना कर दिया। ये दो उदाहरण हैं - हमारे सामने। प्रथम उदाहरण अपनेपन से भरे आत्मीय संबंधों का है। यह संबंधों की मधुरता व्यक्ति को कभी आत्मकेंद्रित नहीं होने देती।

## सुविचार

इस दुनिया में आजाद कौन है? वह व्यक्ति, जो खुद पर नियंत्रण रखता है।
**होरेस**

शुरुआत करने का तरीका है कि बातें बन्द करें और काम शुरू करें।
**वाल्ट डिज्नी**

## राशिफल

**मेष** — बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा।

**तुला** — मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**वृष** — कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृश्चिक** — दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे।

**मिथुन** — यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**धनु** — घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**कर्क** — मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

**मकर** — प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**सिंह** — परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कुंभ** — कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**कन्या** — अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**मीन** — आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

# पेपर लीक पर गैर-भाजपा सरकारों से जवाबदेही कब ?



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**भारत** में प्रतियोगी परीक्षाएं केवल रोजगार का माध्यम नहीं हैं, बल्कि करोड़ों युवाओं के सपनों, परिवारों की उम्मीदों और सामाजिक न्याय की आधारशिला भी हैं। कोई भी परीक्षा तभी सार्थक मानी जाती है जब उसमें प्रतिभा, मेहनत और निष्पक्षता का सम्मान हो। लेकिन जब प्रश्नपत्र लीक हो जाता है, तो केवल एक परीक्षा प्रभावित नहीं होती, बल्कि पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग जाता है। दुर्भाग्य यह है कि ऐसी घटनाओं पर देश में सबसे पहले समाधान की नहीं, बल्कि राजनीति की शुरूआत होती है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल पड़ता है और छात्रों का भविष्य राजनीतिक बहस का विषय बनकर रह जाता है।

पिछले कुछ वर्षों में देश के अनेक राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं सामने आई हैं। कहीं शिक्षक भर्ती परीक्षा प्रभावित हुई, कहीं पुलिस भर्ती, कहीं लोक सेवा आयोग की परीक्षा तो कहीं अन्य प्रतियोगी परीक्षाएं। इन घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि पेपर लीक किसी एक राज्य, किसी एक दल या किसी एक परीक्षा संस्था की समस्या नहीं है। यह पूरे परीक्षा तंत्र की चुनौती है। फिर भी राजनीतिक दल इस मुद्दे को अपने-अपने हितों के अनुसार प्रस्तुत करते हैं।

जब राष्ट्रीय स्तर की किसी परीक्षा में गड़बड़ी होती है, तब विपक्ष केंद्र सरकार और संबंधित मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग करता है। यह लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है। सरकार से जवाब मांगना विपक्ष का दायित्व है। लेकिन यही प्रश्न तब और महत्वपूर्ण हो जाता है जब गैर-भाजपा शासित राज्यों में बार-बार पेपर लीक की घटनाएं सामने आती हैं। वहां वही राजनीतिक दल, जो केंद्र में नैतिकता और जवाबदेही की बात करते हैं, अक्सर इसे केवल प्रशासनिक चूक बताकर आगे बढ़ जाते हैं। यहीं से दोहरे मानदंडों की बहस शुरू होती है। लोकतंत्र में नैतिकता का अर्थ यह नहीं कि वह केवल विरोधी दल पर लागू हो। यदि किसी सरकार से इस्तीफे की मांग उचित है तो वही कसौटी हर सरकार पर समान रूप से लागू होनी चाहिए। जवाबदेही दल देखकर तय नहीं हो सकती। यदि भाजपा शासित राज्य में पेपर लीक सरकार की विफलता है तो गैर-भाजपा सरकारों में वही घटना केवल अधिकारियों की गलती कैसे बन जाती है? यदि एक जगह मंत्री से इस्तीफे की मांग होती है तो दूसरी जगह वही मांग अनुचित क्यों मानी जाती है? दरअसल, भारतीय राजनीति में नैतिकता का पैमाना अक्सर सत्ता और विपक्ष के साथ बदल जाता है। विपक्ष में रहते हुए हर दल जवाबदेही की सबसे ऊंची बातें करता है, लेकिन सत्ता में आते ही वही दल जांच, प्रक्रिया और प्रशासनिक कारणों का हवाला देने लगता है। यह प्रवृत्ति किसी एक राजनीतिक दल तक सीमित नहीं है। लगभग सभी दल समय-समय पर इसी राजनीतिक सुविधा के शिकार हुए हैं। इसलिए समस्या किसी दल विशेष की नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति की है।

हालांकि यह भी उतना ही सच है कि विपक्ष का दायित्व केवल सवाल उठाना नहीं, बल्कि अपने शासनकाल में बेहतर उदाहरण प्रस्तुत करना भी है। यदि कोई दल भाजपा सरकारों से इस्तीफे की मांग करता है, तो उसे अपने राज्यों में भी वही नैतिक मानदंड अपनाने चाहिए। लोकतंत्र में विश्वसनीयता तभी बनती है जब सिद्धांत सत्ता बदलने के साथ न बदलें।

# यूनेस्को में सारनाथ : भारत की सभ्यता का वैश्विक हस्ताक्षर

गौरतलब | **प्रो. आरके जैन**



यह सिद्ध करता है कि किसी सभ्यता की वास्तविक शक्ति उसके शस्त्रों में नहीं, बल्कि उन मूल्यों में होती है जो पीढ़ियों तक मानवता का पथ प्रकाशित करते हैं। भारत ने इस उपलब्धि के साथ अपने अतीत को इतिहास की धरोहर भर नहीं रहने दिया, बल्कि उसे आधुनिक विश्व-राजनीति की प्रभावशाली भाषा बना दिया। इसके साथ भारत के विश्व धरोहर स्थलों की संख्या 45 हो गई है, जो उसकी सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक स्वीकृति का सशक्त प्रमाण है।

**इतिहास** की सबसे बड़ी शक्ति यह नहीं कि वह अतीत में दर्ज है, बल्कि यह कि वह हर युग में वर्तमान को दिशा देता है। 25 जुलाई 2026 को यूनेस्को द्वारा सारनाथ को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया जाना केवल एक पुरातात्विक स्थल का सम्मान नहीं, बल्कि उस भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा का विस्तार है जिसने कभी अपने विचारों से दुनिया को मार्ग दिखाया था। युद्ध, क्षेत्रीय संघर्ष, जलवायु संकट और बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच सारनाथ का यह सम्मान एक वैकल्पिक संदेश है। यह सिद्ध करता है कि किसी सभ्यता की वास्तविक शक्ति उसके शस्त्रों में नहीं, बल्कि उन मूल्यों में होती है जो पीढ़ियों तक मानवता का पथ प्रकाशित करते हैं। भारत ने इस उपलब्धि के साथ अपने अतीत को इतिहास की धरोहर भर नहीं रहने दिया, बल्कि उसे आधुनिक विश्व-राजनीति की प्रभावशाली भाषा बना दिया। इसके साथ भारत के विश्व धरोहर स्थलों की संख्या 45 हो गई है, जो उसकी सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक स्वीकृति का सशक्त प्रमाण है।

सारनाथ वह पावन भूमि है जहाँ बुद्ध ने प्रथम उपदेश देकर करुणा, मध्यम मार्ग और अहिंसा का ऐसा संदेश दिया, जिसने पूरे एशिया की सांस्कृतिक चेतना को नई दिशा दी। आज इसका महत्व केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं, बल्कि आधुनिक भारत की सशक्त सॉफ्ट पावर का प्रतीक बन चुका है। जब अनेक देश सैन्य गठबंधनों, आर्थिक प्रतिबंधों और रणनीतिक दबावों से अपना प्रभाव बढ़ाने में लगे हैं, तब भारत संवाद, सह-अस्तित्व और सांस्कृतिक विरासत को अपनी कूटनीति का आधार बना रहा है। यूनेस्को की यह मान्यता विश्व मंच पर भारत की उस विशिष्ट पहचान को और मजबूत करती है, जो केवल आर्थिक या सामरिक शक्ति से नहीं, बल्कि शांति, ज्ञान और सभ्यताओं को जोड़ने की अपनी ऐतिहासिक क्षमता से नेतृत्व करने का विश्वास रखती है। यही आधुनिक भारतीय कूटनीति की सबसे बड़ी विशेषता है।

सारनाथ की असली शक्ति उसके अतीत में नहीं, बल्कि भविष्य को दिशा देने की उसकी क्षमता में है। मानसिक तनाव, अकेलेपन और असंतुलित जीवनशैली से जूझती दुनिया में करोड़ों युवा माइंडफुलनेस और मेडिटेशन के माध्यम से शांति खोज रहे हैं। ऐसे समय में सारनाथ केवल स्मारकों का परिसर नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन का वैश्विक केंद्र बन सकता है। यहाँ विश्वस्तरीय माइंडफुलनेस सेंटर, अंतरराष्ट्रीय शांति एवं बौद्ध अध्ययन संस्थान, वर्चुअल रियलिटी आधारित ध्यान अनुभव और डिजिटल सांस्कृतिक संग्रहालय विकसित किए जा सकते हैं। प्राचीन ज्ञान और आधुनिक तकनीक का यह संगम भारत को केवल पर्यटन का नहीं, बल्कि वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य और मानवीय संतुलन का केंद्र बना सकता है। तब सारनाथ इतिहास की धरोहर भर नहीं रहेगा, बल्कि भविष्य की आवश्यकता बन जाएगा।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## उपायुक्त ने की डीएमएफटी योजनाओं की समीक्षा बैठक

# लम्बित कार्यों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** उपायुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के अंतर्गत स्वीकृत, निर्माणाधीन एवं पूर्ण योजनाओं की विभागवार अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि निर्माणाधीन योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन स्थलों पर कार्य संचालित हैं, वहां संबंधित कार्यपालक अभियंता नियमित रूप से मॉनिटरिंग एवं स्थलीय निरीक्षण करें, ताकि कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति पर सतत निगरानी बनी रहे।उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि डीएमएफटी अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं का अद्यतन अभिलेख संधारित करें। प्रत्येक योजना में अब तक हुए व्यय, शेष उपलब्ध राशि तथा कार्यों की वर्तमान स्थिति का अद्यतन विवरण नियमित रूप से तैयार रखा जाए, ताकि योजनाओं की प्रभावी समीक्षा एवं वित्तीय प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लघु सिंचाई प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जिला परिषद, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम तथा ग्रामीण कार्य विभाग सहित विभिन्न अभियंत्रण विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने विशेष रूप से लंबित एवं निर्माणाधीन योजनाओं में तेजी लाने तथा सभी प्रक्रियाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान विभागवार प्रगति की जानकारी दी गई। ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल में 27 योजनाएं निर्माणाधीन, 17 योजनाएं निविदा/एकरारनामा की प्रक्रिया में तथा 3 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। जिला परिषद के अंतर्गत 4 योजनाएं निर्माणाधीन एवं 14 योजनाएं पूर्ण हैं। लघु सिंचाई प्रमंडल में 2 योजनाएं निर्माणाधीन तथा 7 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल में 6 योजनाएं निर्माणाधीन एवं 21 योजनाएं पूर्ण हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत 2 योजनाएं निर्माणाधीन तथा 1 योजना पूर्ण है। वहीं ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल द्वारा 16 योजनाएं पूर्ण की जा चुकी हैं।उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी की योजनाओं का उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं एवं जनकल्याणकारी सेवाओं का सुदृढ़ीकरण करना है।



## जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**गुमला :** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, मुआवजा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, पेयजल, बिजली, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं सहित कई जनहित से जुड़े मामलों में आवेदन सौंपे। उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित जांच कर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जन शिकायत निवारण दिवस में बिशुनपुर के एक आवेदक ने भूमि विवाद और जान से मारने की धमकी मिलने पर सुरक्षा की मांग की। कामडारा के एक आवेदक ने उच्च न्यायालय के अंतिम आदेश के आलोक में पेट्रोल पंप से संबंधित लंबित प्रशासनिक कार्रवाई पूरी कराने का अनुरोध किया। वहीं घाघरा के एक शिक्षित बेरोजगार युवक ने रोजगार उपलब्ध कराने की मांग रखी। रायडीह के आवेदक ने राष्ट्रीय राजमार्ग-43 के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई। इसके अलावा लंबित वेतन, आर्थिक सहायता, पारिवारिक समस्याओं तथा अन्य प्रशासनिक मामलों से जुड़े आवेदनों पर भी उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

## जन शिकायत शिविर में पहुंचे फरियादी राहत अनुदान से लेकर जमीन विवाद तक के मामलों की हुई सुनवाई

**लातेहार :** समाहरणालय में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण शिविर में जिले के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। उपायुक्त संदीप कुमार के निर्देश पर आयोजित इस शिविर की अध्यक्षता अपर समाहर्ता सलमान जफर खिजरी ने की। शिविर के दौरान राहत अनुदान, मानदेय भुगतान, आग लगने से घर और सामान के नुकसान पर आर्थिक सहायता, मुआवजा तथा जमीन विवाद से जुड़े कई आवेदन प्राप्त हुए। फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों को बताईं और शीघ्र समाधान की मांग की।अपर समाहर्ता ने सभी आवेदनों की क्रमवार सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों को मामलों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा और जांच पूरी होने के बाद योग्य मामलों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित लोगों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन का प्रयास है कि जन शिकायत निवारण शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से हो। इसके लिए सभी विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जन शिकायत निवारण शिविर का लाभ उठाएं और आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं, ताकि मामलों का निष्पादन बिना किसी अनावश्यक देरी के किया जा सके।

## एक झलक

### पांच दिवसीय वार्षिक आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन

**लातेहार :** दक्षिण झारखंड संभाग के लोहरदगा भाग अंतर्गत लातेहार अंचल में आयोजित पांच दिवसीय वार्षिक आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन मंगलवार को हुआ। समापन सत्र में संगठन के पदाधिकारियों और आचार्य भाई-बहनों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त अनुभवों को साझा किया गया और समाज में सेवा, संस्कार तथा संगठनात्मक कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।समापन समारोह में अंचल समिति अध्यक्ष अभिनंदन प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ हरिकथा सत्संग समिति के अध्यक्ष मनमोहन राम, अंचल संरक्षक रमेश प्रसाद और संजय तिवारी, अंचल कार्यालय प्रभारी गया प्रसाद, अंचल मां कार्यालय प्रमुख राहुल कुमार, संच प्रशिक्षक विद्या दीदी, संच प्रमुख बहादुर प्रजापति सहित लातेहार अंचल के सभी आचार्य भाई-बहन मौजूद रहे।वक्ताओं ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सेवा भावना को मजबूत करना भी है।

### नेतरहाट के पूर्व प्राचार्य मंगलदेव पांडेय के निधन पर विद्यालय में शोकसभा

**महुआडांड़ (लातेहार) :** नेतरहाट आवासीय विद्यालय के पूर्व प्राचार्य और वरिष्ठ शिक्षाविद् मंगलदेव पांडेय के निधन पर मंगलवार को विद्यालय परिसर में शोकसभा आयोजित की गई। विद्यालय परिवार ने उन्हें याद करते हुए दो मिनट का मौन रखा और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सभा में विद्यालय के प्रशासनिक पदाधिकारी रौशन कुमार बक्शी ने कहा कि मंगलदेव पांडेय ने वर्ष 1958 में गणित शिक्षक के रूप में नेतरहाट विद्यालय में अपनी सेवा शुरू की थी। अपने लंबे शैक्षणिक जीवन में उन्होंने शिक्षक, प्रशासक और प्राचार्य के रूप में संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अप्रैल 1990 में वे सेवा से सेवानिवृत्त हुए थे।उन्होंने बताया कि पांडेय अनुशासनप्रिय, कर्मठ और छात्रों के बीच बेहद लोकप्रिय शिक्षक थे। उनके नेतृत्व में विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन की पहचान और मजबूत हुई। विद्यालय परिवार ने कहा कि उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा और उनके आदर्श नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बने रहेंगे।

### सर्पदंश से 14 वर्षीय किशोरी की मौत

**चतरा :** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के नावाडीह सिंगारो गांव में मंगलवार की अहले सुबह सर्पदंश की दर्दनाक घटना में 14 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। मृतका की पहचान काजल कुमारी (14 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की सुबह काजल कुमारी को जहरीले सांप ने तब डंस लिया जब वह अपने खेत में सब्जी तोड़ रही थी। परिजनों ने बिना देर किए उसे प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, चतरा रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा इलाज शुरू किया गया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद काजल की जान नहीं बचाई जा सकी।

## सीआरपीएफ के 88वें स्थापना दिवस पर शहीदों को किया नमन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** 11वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के ब्लॉक परिसर में 88वां स्थापना दिवस पूरे उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वाहिनी के कमांडेंट रवि कुमार ने किया। उन्होंने अधिकारियों, जवानों और उनके परिजनों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सीआरपीएफ की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाना हर जवान की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने से हुई। इसके बाद मुख्यालय स्थित क्वार्टर गार्ड में कमांडेंट ने परेड की सलामी ली और जवानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में सीआरपीएफ की भूमिका हमेशा अहम रही है। हर चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में बल ने साहस, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। इस दौरान सीआरपीएफ के इतिहास और उपलब्धियों की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि 28 दिसंबर 1949 को तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस का नाम बदलकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल रखा था।

## लातेहार में जिला परिषद के नये कार्यालय भवन का शिलान्यास

# आधुनिक सुविधाओं से होगा लैस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिला परिषद, लातेहार के नए कार्यालय भवन निर्माण की दिशा में मंगलवार को महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। नगर पंचायत कार्यालय के समीप प्रस्तावित भवन का भूमि पूजन और शिलान्यास वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया गया। कार्यक्रम में लातेहार विधायक प्रकाश राम, मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह, उपायुक्त संदीप कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, जिला परिषद उपाध्यक्ष सहित जिला परिषद सदस्यों ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह ने कहा कि नया जिला परिषद भवन ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों को गति देगा। इससे जनप्रतिनिधियों और ग्रामीण



क्षेत्रों से आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने निर्माण कार्य को तय समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा करने पर जोर दिया।उपायुक्त संदीप कुमार ने कहा कि नया भवन आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जिससे जिला परिषद की कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनेगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य सभी गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए समय पर पूरा कराया जाएगा। जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि नए भवन से पंचायत प्रतिनिधियों को योजनाओं के संचालन और समन्वय में सुविधा मिलेगी। उन्होंने इसे जिले के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। इस दौरान उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद ने जिला परिषद की आय बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में जिला परिषद के अधीन दुकानों से 2.44 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। वहीं चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में बालूमाथ और महुआडांड़ की दुकानों से अब तक 33.33 लाख तथा अन्य स्रोतों से करीब ?98.05 लाख की आय हुई है। उन्होंने बताया कि दुकानों के आवंटन में ई-ऑक्शन प्रणाली लागू होने से राजस्व में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

## विज्ञान सप्ताह में सरस्वती विद्या मंदिर में बच्चों ने विज्ञान और पर्यावरण पर दिखायी नयी सोच

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर पथ में चल रहे विज्ञान सप्ताह के तहत विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच और रचनात्मक क्षमता को निखारने के लिए लगातार विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। 2 अगस्त तक विज्ञान, पर्यावरण और सामान्य ज्ञान से जुड़ी कई गतिविधियां आयोजित होंगी। विज्ञान सप्ताह का शुभारंभ डॉ. एस. के. सिंह की मौजूदगी में हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान के महत्व और दैनिक जीवन में उसकी उपयोगिता के बारे में बताया। इस दौरान विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने अतिथि का स्वागत भी किया। कार्यक्रम के अगले चरण में कक्षा पांच से आठ तक के विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण संरक्षण विषय पर भाषण



प्रतियोगिता और विज्ञान मॉडल निर्माण प्रतियोगिता कराई गई। विद्यार्थियों ने अपने विचारों और मॉडलों के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इसके बाद कक्षा आठ के विद्यार्थियों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता और कक्षा चार के विद्यार्थियों के लिए नागरिकता विषय पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक सोच, तर्क करने की क्षमता और नई चीजें सीखने की जिज्ञासा विकसित करते हैं।

## विकास योजनाओं की समीक्षा को लेकर बीडीओ ने की बैठक

# आवास व मनरेगा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डंडई (गढ़वा) :** प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) देवलाल करमाली ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सेवकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में बीपीओ रंजन कुमार, कनीय अभियंता नंदकिशोर प्रसाद, सहायक अभियंता राहुल कुमार तथा मनरेगा रोकड़पाल जितेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, जनमन आवास तथा मनरेगा की जी-रामजी योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बीडीओ ने सभी पंचायत सचिवों से आवास योजनाओं के निर्माण कार्यों की स्थिति की जानकारी ली और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया। इसके बाद मनरेगा की जी-रामजी योजना पर विस्तार से चर्चा हुई। बीडीओ ने कर्मियों से योजना की गाइडलाइन के संबंध में जानकारी ली। पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सेवकों ने बताया कि यह योजना नए स्वरूप में लागू की जा रही है और इसकी गाइडलाइन लगातार अपडेट हो रही है। उन्होंने कहा कि जब तक अपडेट की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक योजना के संबंध में अंतिम रूप से कुछ कहना उचित नहीं होगा। बैठक में जी-रामजी योजना के अंतर्गत नई प्रकार की योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर भी अधिकारियों एवं कर्मियों के बीच विचार-विमर्श किया गया। इसी दौरान पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सेवकों ने बीडीओ को बताया कि पिछले छह माह से उनके मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि कुछ राशि प्राप्त हुई है, लेकिन अपडेट प्रक्रिया के कारण उसका भुगतान भी लंबित है। कर्मियों ने शीघ्र मानदेय भुगतान कराने की मांग की। बैठक में पंचायत सचिव दीपक तिवारी, सुनील कुमार, नरेश ठाकुर, बिंदेश्वर कुजूर, राजेंद्र उरांव, रमेश सिंह, ग्राम रोजगार सेवक सुनील धर दुबे, बृजमोहन कुमार, संजीव कुमार, अशोक राम, सुरेंद्र तिवारी, प्रमोद कुमार तथा कंप्यूटर ऑपरेटर हिमांशु यादव सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत खारिज, फिर भी सरकारी दफ्तर में तैनात है आरोपी

**चतरा :** सरकारी दस्तावेजों में कथित जालसाजी और लाखों रुपये के गबन के मामले में नामजद आरोपी अजीत कुमार सिंह की गिरफ्तारी नहीं होने और सरकारी पद पर उनकी निरंतर तैनाती को लेकर जिले में गंभीर सवाल उठ रहे हैं। मामला सदर थाना कांड संख्या 88/2025 से जुड़ा है, जिसमें अजीत कुमार सिंह (34 वर्ष, पिताझअशोक सिंह, निवासी-कुरूमदारी) एवं इंदर नाथ कुमार (पिता-स्व. प्रभु राम, निवासी-बभने) को आरोपी बनाया गया है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की गंभीर एवं गैर-जमानती धाराओं 467, 468, 471, 409, 420 एवं 34 के तहत प्राथमिकी दर्ज है। आरोप है कि सरकारी अभिलेखों में जालसाजी कर लाखों रुपये के गबन को अंजाम दिया गया। सूत्रों के अनुसार, दोनों आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका पहले मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) न्यायालय और बाद में झारखंड हाईकोर्ट द्वारा भी खारिज कर दी गई। इसके बावजूद मुख्य आरोपी अजीत कुमार सिंह की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है।

## पौधों को प्रदूषण के खिलाफ 'मिसाइल' बना कर चला रहे अभियान : डॉ. कौशल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** छतरपुर प्रखंड के डाली बाजार स्थित कौशल नगर के मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क जैविक उद्यान में सोमवार को पर्यावरण धर्म एवं वृक्षों पर रक्षाबंधन आंदोलन की स्वर्ण जयंती के तहत पौधा वितरण कार्यक्रम हुआ। पर्यावरणविद् डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने ग्रामीणों के बीच अमरूद, काजू, आंवला, कटहल और सागवान के एक हजार पौधे वितरित किए। पौधों के वितरण से पहले लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। डाली बाजार की मुखिया पूनम



जायसवाल और डॉ कौशल ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद पौधरोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन कर कार्यक्रम का समापन किया गया। डॉ कौशल ने कहा कि डॉ कलाम ने देश की सुरक्षा के लिए हवा में चलने वाली मिसाइलें बनाईं, जबकि वे प्रदूषण रूपी दुश्मन से दुनिया को बचाने के लिए पौधा रूपी मिसाइल धरती में लगाने का अभियान चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि 1967 में जंगल लगाओ, जंगल बचाओ और 1977 में ह्यपर्यावरण धर्मह्ल अपनाने के बाद शुरू हुआ यह आंदोलन अब स्वर्ण जयंती वर्ष में देश-विदेश तक पहुंच चुका है। मुखिया पूनम जायसवाल ने महिलाओं से पौधे को बच्चों की तरह देखभाल करने की अपील की। शिक्षक सरफराज अहमद ने डॉ कलाम और डॉ कौशल के पर्यावरण एवं राष्ट्रहित में योगदान पर प्रकाश डाला। मौके पर मनोज यादव, अफजाल अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, रामजी प्रसाद, जुबेर अंसारी, खालिद खान, सद्दाम हुसैन, गुलाम गौस, बाबूराम, रजी अहमद, वसीम अंसारी, धर्मदेव यादव, विनोद यादव,मुंतज़िर अंसारी, लक्ष्मण राम समेत कई लोग मौजूद थे।

## 29 जुलाई को भवनाथपुर, केतार व खरौंधी में चार घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर :** 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र भवनाथपुर में बुधवार, 29 जुलाई 2026 को आवश्यक मरम्मत कार्य किए जाने के कारण भवनाथपुर, केतार एवं खरौंधी क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। यह जानकारी कनीय विद्युत अभियंता महादेव महतो ने दी। उन्होंने बताया कि उपकेंद्र में स्विच लगाने एवं जम्फरिंग का तकनीकी कार्य किया जाएगा। इस दौरान 33 केवी भवनाथपुर फीडर से जुड़े विद्युत शक्ति उपकेंद्र भवनाथपुर, केतार एवं खरौंधी की बिजली आपूर्ति सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक बंद रहेगी। विभाग के अनुसार यह कार्य विद्युत व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण घरेलू उपभोक्ताओं, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, सरकारी कार्यालयों तथा अन्य संस्थानों को कुछ समय के लिए असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय के दौरान आवश्यक कार्यों की पूर्व तैयारी कर लें तथा बिजली से संचालित उपकरणों का उपयोग सावधानीपूर्वक करें। विद्युत विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि मरम्मत कार्य समय से पहले पूरा होने पर बिजली आपूर्ति निर्धारित समय से पहले भी बहाल की जा सकती है। हालांकि किसी तकनीकी कारण से कार्य में विलंब होने की स्थिति में आपूर्ति बहाल होने में कुछ अतिरिक्त समय लग सकता है। कनीय विद्युत अभियंता महादेव महतो ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह कार्य क्षेत्र में बेहतर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।

## नवजात बेटियों के जन्म पर माताओं का सम्मान, उपायुक्त ने कहा

# बेटियों को समान अवसर देना सबकी जिम्मेदारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संचालित बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत मंगलवार को सदर अस्पताल में नवजात बेटियों के जन्म का स्वागत करते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त संदीप कुमार ने अस्पताल में जन्मी बच्चियों की माताओं को सम्मानित किया और उन्हें अभियान से संबंधित किट तथा फल भेंट किए। इस अवसर पर उन्होंने परिवारों को बेटियों के जन्म की शुभकामनाएं भी दीं। उपायुक्त ने कहा कि बेटियां परिवार और समाज की सबसे बड़ी ताकत हैं। उनका बेहतर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और



सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करना सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने का अभियान है। बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के समान अवसर मिलने चाहिए।उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बेटियों की शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर विशेष ध्यान दें तथा उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज का वास्तविक विकास महिलाओं और बेटियों के सशक्त होने से ही संभव है। जिला प्रशासन भी शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं के माध्यम से बेटियों के समग्र विकास के लिए लगातार काम कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान माताओं को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, स्तनपान, संतुलित आहार, नियमित टीकाकरण और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच के महत्व की जानकारी दी गई। चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने नवजात शिशुओं की देखभाल एवं पोषण से जुड़े आवश्यक सुझाव भी साझा किये।

## जाति प्रमाण पत्र की मांग को लेकर जनजाति समुदायों का प्रदर्शन, प्रशासन को सौंपा मांग पत्र

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग को लेकर महुआडांड़ के लोहरा-लोहार, बड़ाईक-चिक बड़ाईक और भूईहर-मुंडा समुदाय के लोग अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। जनजाति सुरक्षा मंच के बैनर तले एकत्रित लोगों ने एसडीओ और बीडीओ को मांग पत्र सौंपते हुए शीघ्र प्रमाण पत्र निर्गत कराने की मांग की। समुदाय के लोगों ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशों के अनुसार इन तीनों समुदायों को जनजाति श्रेणी का जाति प्रमाण पत्र मिलना चाहिए, लेकिन अब तक कई पात्र लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। इससे छात्रों को छात्रवृत्ति, उच्च शिक्षा में प्रवेश, सरकारी नौकरियों में आरक्षण और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने में



कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से लंबित मामलों का जल्द निष्पादन कर योग्य लोगों को जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की मांग की। उनका कहना था कि प्रमाण पत्र नहीं बनने से वर्षों से समुदाय के लोग परेशान हैं। मांग पत्र सौंपने वालों में जनजाति सुरक्षा मंच के जिला संयोजक के अलावा भूईहर-मुंडा, बड़ाईक-चिक बड़ाईक और लोहरा-लोहार समाज के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल थे।

## चार माह का बकाया मानदेय भुगतान के बाद आउटसोर्सिंग कर्मियों की हड़ताल समाप्त

# कर्मचारियों के एकजुट संघर्ष की जीत : संजय पासवान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** झारखंड स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ (सीटू) के बैनर तले जिला के सदर अस्पताल एवं सभी प्रखण्डों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों की 23 जुलाई से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार को समाप्त कर दिया गया। मालूम हो कर्मचारियों का चार माह का बकाया मानदेय का भुगतान होने एवं सिविल सर्जन, कमांडो कंपनी के मालिक नवल सिंह एवं उपाधीक्षक के साथ दो राउंड की वार्ता के बाद बनी सहमति के आधार पर आउटसोर्सिंग



कर्मचारियों की हड़ताल स्थगित किया गया। वार्ता में आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ कर्मचारी नेता दिनेश रविदास और सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश भी मौजूद थे। हड़ताल समाप्त होने पर सीटू के बाद राज्य सचिव संजय पासवान जो किसान मजदूर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दिल्ली में हैं। वहीं से धरनास्थल पर बैठे कर्मचारियों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि यह कर्मचारियों की एकजुट संघर्ष की जीत है। कमांडो ने कभी भी कर्मचारियों को एक माह से ज्यादा मानदेय नहीं दिया। लेकिन आंदोलन के दबाव के कारण एकसाथ चार माह का बकाया भुगतान करना पड़ा। न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मानदेय भुगतान के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा। 1 अगस्त को कमांडो कंपनी की उपस्थिति में श्रम अधीक्षक के साथ सीटू के प्रतिनिधियों की संयुक्त वार्ता होगी। जिसके बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक ने हड़ताल समाप्ति के बाद धरना स्थल पर पहुंच कर कर्मचारियों की मांगों का समर्थन दोहराया और जल्द ही झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री से आउटसोर्सिंग कर्मियों का प्रतिनिधिमंडल मिलाने की बात की। आंदोलन को सफल बनाने में आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रंजीत राम, सचिव धीरज तिवारी, कोषाध्यक्ष अभिजीत कुमार राणा, विशाल राणा, नीरज कुमार साह, सत्येन्द्र यादव, शेखर कुमार, राजकिशोर, जगधात्री भगत, रजनी सिन्हा, महिमा भारद्वाज, प्रिंस पांडे, हीरालाल डोम, हेमंत कुमार, मुकुल, बबीता, सूफी, प्रेमलता, सुलतानी, साजन दास, दीपक कुमार, कंचन कुमारी, सरिता, प्रेमलता, रंजीत कुमार, शालिनी कुमारी, रंभा देवी, राधा कुमारी, कंचन कुमारी, रानी सिंह, चम्मा देवी, संजना कुमारी, आर्यन सहित सभी कर्मचारियों की भूमिका रही।

## महुआडांड़ में भाजपा की बैठक में संगठन मजबूती पर मंथन, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने का आह्वान



**महुआडांड़ (लातेहार) :** भाजपा पलामू प्रमंडल की मासिक बैठक मंगलवार को महुआडांड़ में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, जिला अध्यक्ष बंशी यादव समेत प्रमंडल के कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में महुआडांड़ मंडल अध्यक्ष अमित कुमार जायसवाल, प्रशांत सिंह तथा स्थानीय पदाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में संगठन को गांव और बूथ स्तर तक अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। नेताओं ने कहा कि पार्टी की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता से ही संभव है। उन्होंने प्रत्येक बूथ पर संगठन को सशक्त करने, नए लोगों को जोड़ने और नियमित जनसंपर्क अभियान चलाने का आह्वान किया। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे योजनाओं की सही जानकारी लोगों तक पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक पात्र परिवार इनका लाभ उठा सकें।बैठक में सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए इसे और गति देने का निर्णय लिया गया। आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श हुआ और विभिन्न मंडलों के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

## एक झलक

### खड़ी ट्रक से टकरायी बाइक, युवक की मौत

**गुमला :** सुरसांग थाना क्षेत्र के चटकपुर गांव निवासी 21 वर्षीय सत्यनारायण बड़ाईक की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना रविवार रात ओडिशा के राउरकेला-कालटा मोड़ के समीप हुई। जानकारी के अनुसार सत्यनारायण बाइक से जा रहा था, तभी सड़क किनारे खड़ी ट्रक में पीछे से टकरा गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वह ओडिशा में वाहन चालक के रूप में काम कर परिवार का भरण-पोषण करता था। पोस्टमार्टम के बाद सोमवार को शव गांव लाया गया, जहां अंतिम संस्कार किया गया। सत्यनारायण परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उसकी मौत से परिवार में मातम पसरा है।

### खरका पुल से गिरी बाइक, दो युवकों की मौत

**गुमला :** गुमला सदर प्रखंड के घाघरा-गुमला सीमांत सड़क पर खरका के पास मंगलवार दोपहर बाइक पुल से नीचे गिर गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान बड़काडीह निवासी 25 वर्षीय मंगरा उरांव और 30 वर्षीय चरकु उरांव के रूप में हुई है। वहीं 25 वर्षीय सूरज उरांव घायल है, जिसका इलाज सदर अस्पताल गुमला में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, तीनों एक ही बाइक से खरका डेली मार्केट जा रहे थे। तेज रफ्तार के कारण बाइक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गई। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने चरकु और मंगरा को मृत घोषित कर दिया। टोटो थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है। बताया गया कि तीनों युवक ईंट भट्ठे में काम करते थे।

### जन आन्दोलन देशद्रोह नहीं : संतोष झा

**गुमला :** राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों को लेकर देश में समय-समय पर आंदोलन होते रहे हैं। संतोष झा ने कहा कि शांतिपूर्ण जन आंदोलन लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन हिंसा और अभद्रता किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों की पहचान के नाम पर आम लोगों, महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं को परेशान करना संविधान में मिले अधिकारों का उल्लंघन है। प्रशासन को केवल उपद्रव करने वालों पर कार्रवाई करनी चाहिए। संतोष झा ने आरोप लगाया कि कई बार सरकारें आंदोलनों में सक्रिय लोगों को डराने का प्रयास करती हैं, जिससे लोकतांत्रिक भागीदारी प्रभावित होती है।

## राज्यस्तरीय कार्यक्रम के तहत चतरा के 17 लाभुकों को मिला ड्राइविंग लाइसेंस

# उपायुक्त ने सुरक्षित व जिम्मेदार वाहन संचालन का दिया संदेश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** अपर सचिव, परिवहन विभाग, झारखंड, रांची के पत्रांक-170, दिनांक 24.07.2026 के आलोक में मंगलवार को आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम के तहत चतरा जिले के 17 चयनित लाभुकों को ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किया गया। समाहरणालय में आयोजित सांकेतिक कार्यक्रम में उपायुक्त रवि आनंद ने लाभुकों को ड्राइविंग लाइसेंस वितरित करते हुए उन्हें सुरक्षित, जिम्मेदार एवं यातायात नियमों के अनुरूप वाहन संचालन की शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि जमशेदपुर में इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च (IDTRS) की स्थापना हेतु परिवहन विभाग, झारखंड एवं टाटा मोटर्स लिमिटेड के मध्य समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर का राज्यस्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री, झारखंड एवं मंत्री, परिवहन विभाग की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी जिलों में किया गया, जिसके क्रम में चतरा जिले में भी चयनित लाभुकों को ड्राइविंग लाइसेंस का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त रवि आनंद ने कहा कि प्रशिक्षित एवं जिम्मेदार चालक सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लाभुकों से सदैव यातायात नियमों का पालन करने तथा सुरक्षित वाहन संचालन करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी माहेश्वरी प्रसाद ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा जिले के सभी प्रखंडों में 1 जुलाई से 25 अगस्त 2026 तक विशेष ड्राइविंग लाइसेंस शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अब तक पत्थलगड्डा, चतरा, कुंदा, प्रतापपुर, हंटरगंज एवं कान्हाचट्टी प्रखंडों में शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 1,058 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 707 आवेदकों को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस निर्गत किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि शेष प्रखंडों में भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विशेष शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक पात्र आवेदकों को ड्राइविंग लाइसेंस की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

### जनता दरबार में अपर समाहर्ता ने सुनीं आमजनों की समस्याएं

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त रवि आनंद के निदेशानुसार अपर समाहर्ता अरबिंद कुमार ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि विवाद, आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, मंईयां सम्मान योजना, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। अपर समाहर्ता ने सभी मामलों का क्रमवार अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर निष्पादन करने का निर्देश दिया। अपर समाहर्ता ने जनशिकायत कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्री रितेश कुमार को जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों का पंजीकरण कर संबंधित विभागों को भेजने तथा उनकी नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण करने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक समाहरणालय परिसर में नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।


## शपथ-पत्र

मैं प्रमिन्ता मिंज, पिता -करमा मिंज, उम्र 18 वर्ष, निवासी ग्राम- कुम्हरिया हडुवाटोली, पोस्ट- करौंदा, थाना- गुमला जिला- गुमला झारखंड शपथपूर्वक बयान करता हूं कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का अस्थाई निवासी हूं।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड संख्या-9364 1919 9848 है जिसमें मेरा नाम PRAMINTA ORAON एवं जन्म तिथि-01.01.2008 दर्ज है जो गलत है।
3. यह कि जन्म प्रमाण पत्र बनाना है जिसका पंजीयन संख्या-B20262003936000021 दिनांक,25.05.2026 है जिसमें मेरा नाम PRAMINTA MINJ एवं जन्म तिथि-15.02.2007 दर्ज है जो सही है।
4. यह कि शपथ पत्र में अपने आधार कार्ड मैं अपने आधार कार्ड में दर्ज नाम PRAMINTA ORAON एवं जन्म तिथि-15.02.2007 दर्ज कराने हेतु कर रही हूं।

**सत्यापन**

मैं प्रमिन्ता मिंज तसदीक करती हूं कि उपरोक्त दिए गए बयान मेरी जानकारी में सही सत्य वो दुरुस्त है।

दिनांक 28/7/2026

पत्रांक 7906/26


## लातेहार में अल्ट्रासाउंड केन्द्रों पर बढ़ेगी निगरानी

# अनियमितता पर होगी सख्त कार्रवाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक और लिंगानुपात में सुधार को लेकर प्रशासन ने निगरानी और सख्त करने का फैसला किया है। इसी उद्देश्य से उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को पीसीपीएनडीटी अधिनियम, 1994 के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिले के सभी पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केंद्रों की स्थिति, उनके पंजीकरण, नियमित निरीक्षण और अधिनियम के पालन की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीसीपीएनडीटी अधिनियम का हर स्तर पर सख्ती से पालन कराया जाए ताकि भ्रूण लिंग जांच जैसी अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।उन्होंने कहा कि सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जाए। यदि कहीं भी नियमों के उल्लंघन या किसी प्रकार की गड़बड़ी सामने आती है तो संबंधित केंद्र के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया, ताकि बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिल सके।बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी दिनेश कुमार, सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन समेत जिला सलाहकार समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### बिना कागजात कोयला ढो रहे तीन ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार

**लातेहार :** अवैध कोयला परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हेरहंज थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच अभियान के दौरान पुलिस ने बिना वैध दस्तावेज के कोयला ले जा रहे तीन ट्रकों को पकड़ लिया। इस मामले में तीन चालकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, हेरहंज वाहन जांच के दौरान ट्रक संख्या जेएच02एएक्स-3022, जेएच02एजे-5519 और जेएच02एटी-0155 को रोका गया। जांच में वाहनों पर लदे कोयले के परिवहन से जुड़े आवश्यक कागजात नहीं मिले। इसके बाद पुलिस ने तीनों ट्रकों को जब्त कर लिया। मौके से गिरफ्तार किए गए चालकों की पहचान मुकेश यादव, मुखलाल यादव और उदय कुमार यादव के रूप में हुई है। तीनों चतरा जिले के गिदौर थाना क्षेत्र स्थित केंदुआ गांव के रहने वाले हैं। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि कोयला किस स्थान से लोड किया गया था और इसे कहां पहुंचाया जाना था। अधिकारियों का कहना है कि अवैध खनन और अवैध परिवहन के खिलाफ जिले में लगातार अभियान चलाया जा रहा है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।


## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़।

### -: सूचना :-

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि PR No. 385376 में प्रकाशित ई निविदा सूचना संख्या-RDSD/RAMGARH/10/2026-27 (Gola Vendor Market Development Scheme For Promotion of Local Livelihoods (Phase-II)) जिसका कार्य पूर्ण करने की अवधि 03 माह के स्थान पर 12 (बारह) माह समझा जाय।

**शेष सभी यथावत् है।**

**कार्यपालक अभियंता,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,**
**रामगढ़।**

PR 386023 (District) 26-27 (D)



## AFFIDAVIT

I, BUDDHI NATH YADAV S/o. Sri Dasrath Prasad Yadav, DOB-05.05.1967, A/p. R/o. Koiribandh, Near Kali Mandir, P.O. & P.S. Jharia, Dist. Dhanbad, Jharkhand and permanent address-Vill. Pratappur, P.O. Kadra Chak, P.S. shambhuganj, Dist. Banka (Bhagalpur) Bihar, Andhar no. 6053 2140 2042 do hereby solemly affirm and declare on oath as follows:-

1. That I am working at Rajapur O.C.P. South Jharia, under M/S.B.C.C.L. Bastacola Area no. IX, as a E.P.Fitter vide pers. no. 62914687.
2. That Munni Devi @Muni Devi is my wife both the name of same lady which is my only one wife.
3. That in my service file my wife's name is mentioned as MUNI DEVI, DOB-20.02.1969 whereas in her Aadhar card no. 7352 2675 4917 her name mentioned as MUNNI DEVI and her date of birth 31.12.1969 which is correct.
4. That I am swearing this affidavit for proof that MUNNI DEVI @MUNI DEVI is same lady i.e. my only wife and her actual date of birth is 31.12.1969.
5. That I am affixing my passport size photo along with my wife Munni Devi on the face of this affidavit for proof identification.
6. That I swear this affidavit to produce it before the authority concerned for needful.

**Verification**

The statements made above are true and correct to the best of my knowledge and belief.I sign this at Dhanbad on 28/7/26

Date : 25/07/2026

series no : 43111


## कोडरमा पुलिस ने चोरी की वारदात का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** कोडरमा थाना क्षेत्र के वृंदा गांव में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गए सभी सामान बरामद कर लिए गए हैं। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई है। जानकारी के अनुसार, वृंदा निवासी गुरु प्रसाद साव के घर में अज्ञात अपराधियों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। मामले में उनके लिखित आवेदन के आधार पर कोडरमा थाना कांड संख्या 136/26, दिनांक 8 जुलाई 2026, धारा 305 एवं 331(4) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, कोडरमा के निर्देश पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया। टीम में तकनीकी शाखा के कर्मियों को भी शामिल किया गया था। अनुसंधान के दौरान तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज, मानवीय सूचना एवं अन्य वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने तौफिक अंसारी (पिता-नूर मोहम्मद अंसारी), निवासी असनाबाद (अम्बाटांड़) तथा मो. आतिफ अंसारी (पिता-मो. अशरफ), निवासी करमा (पूर्वी गली), थाना तिलैया, जिला कोडरमा को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उनकी निशानदेही पर चोरी गई संपत्ति की शत-प्रतिशत बरामदगी की गई तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई।

## शिवपुर रेलवे साइडिंग का मामला पहुंचा उच्च न्यायालय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** टण्डवा प्रखण्ड के आम्रपाली कोल परियोजना से शिवपुर रेलवे साइडिंग तक कोयला परिवहन का कार्य कर रहे एनसीसी कंपनी का मामला अब माननीय उच्च न्यायालय पहुंच गया है। उमेश कुमार गंझु के द्वारा याचिका दायर किया गया है। याचिका में पर्यावरणीय स्वीकृतियों, सीटीओ अनापत्ति की शर्तों के कथित उल्लंघन, धूल प्रदूषण, ओवरलोडिंग, सार्वजनिक सड़कों के उपयोग, श्रम कानूनों के पालन नहीं होने तथा परियोजना प्रभावित परिवारों के अधिकारों से जुड़े मामलों की जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि क्षमता से अधिक (ओवरलोडिंग) कोयला परिवहन लगातार जारी है, जिससे सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं, दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जल स्रोत नदी तालाब कृषि योग्य भूमि सभी प्रदूषित हो रहे हैं। साथ हीं पर्यावरणीय नियमों के अनुपालन पर भी सवाल उठाए गए हैं। आम्रपाली परियोजना में उत्खनन तथा डिस्पैच का कार्य कर रही एनसीसी कंपनी का मुश्किलें कम होता नहीं दिख रहा है। दिन प्रतिदिन मुश्किलें बढ़ता हीं जा रहा है। हैवी ब्लास्टिंग क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने उत्पादित कोयले का बगैर मेजरमेंट डिस्पैच करना, ओवरलोड कोयला ढोने नौकरी के नाम पर युवको से पैसा वसूली जैसे गंभीर आरोप लगातार एनसीसी कंपनी के ऊपर लग रहे हैं।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची

### सर्वसाधारण के लिए सूचना



**नाम-आरती उर्फ सुनाली कुमारी, उम्र-25 वर्ष, (साथ में दो बच्चें), उँचाई-5 फिट 04 ईंच, रंग-गोरा, पहनावा-लाल रंग की सूट पहनी हुई है।**

उपरोक्त लापता महिला आरती उर्फ सुनाली कुमारी, उम्र-25 वर्ष, (साथ में दो बच्चें), पति-अमरनाथ मोदी, सा0-गाडीगॉव, थाना-खेलगॉव, जिला-रॉंची जो दिनांक-18.07.2026 को अपने घर से बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में खेलगॉव थाना सनहा सं0-18/2026, दिनांक-20.07.2026 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID**(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)

पुलिस उपाधीक्षक, सादर, रॉंची। - 9431102090
थाना प्रभारी, खेलगॉव, रॉंची। - 8987790607
आवेदक कौशल कुमार। - 9608906710

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची


**PR 386084 Police(26-27).D**


## गुरु रविदास की 650वीं जयंती पर भाजपा का राष्ट्रव्यापी समरसता संकल्प अभियान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** भारतीय जनता पार्टी ने संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी 2027 तक देशव्यापी 'समरसता संकल्प अभियान' चलाने की घोषणा की है। अभियान का उद्देश्य गुरु रविदास के समरसता, समानता, सेवा और मानवता के संदेश को देश के प्रत्येक गांव और समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना है। चतरा स्थित भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी नेताओं ने बताया कि अभियान की शुरूआत गुरु पूर्णिमा के दिन 29 जुलाई को होगी। इस अवसर पर देशभर के 51 हजार से अधिक मंदिरों में 'समरसता दीप महोत्सव' आयोजित किया जाएगा तथा वाराणसी के संत रविदास घाट पर 11 हजार दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। अभियान के तहत 'कलश वंदन अभियान' भी चलाया जाएगा। वाराणसी स्थित संत गुरु रविदास महाराज की जन्मस्थली की पवित्र मिट्टी से भरे 131 कलश देश के विभिन्न राज्यों तक पहुंचाए जाएंगे। इसके अलावा संत संपर्क अभियान, धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम, सांस्कृतिक आयोजन और समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद भी किया जाएगा। 5 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक जालंधर से वाराणसी तक 'श्री गुरु रविदास महाराज समरसता यात्रा' भी निकाली जाएगी।

## मासांत बैठक में शिक्षा, अनुशासन और नयी कार्ययोजना पर हुआ मंथन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में मंगलवार को मासांत बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, प्रशासनिक व्यवस्था और आगामी माह की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही बीते माह के कार्यों की समीक्षा कर नए लक्ष्य तय किए गए।बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव राजीव रंजन पांडे ने आचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी संस्था की प्रगति निरंतर प्रयास, समर्पण और सामूहिक कार्यशैली से संभव होती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय की उपलब्धियों के पीछे सभी आचार्य-दीदी का योगदान महत्वपूर्ण है और इसी भावना के साथ आगे भी कार्य करने की आवश्यकता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने सभी शिक्षकों से अपने दायित्वों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रत्येक आचार्य की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक की शुरूआत सरस्वती वंदना और प्रार्थना के साथ हुई। इसके बाद विभिन्न अभिलेखों और पंजियों के संधारण की समीक्षा की गई तथा आवश्यक सुधारों पर चर्चा हुई। अगले चरण में बीते माह में आयोजित कार्यक्रमों का मूल्यांकन किया गया और आने वाले दिनों में होने वाली शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई। चर्चा के दौरान विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने, अनुशासन को और प्रभावी बनाने तथा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास से जुड़े कई सुझाव सामने आए। बैठक का समापन संघ शाखा सत्र, प्रेरक प्रसंग और प्रार्थना के साथ हुआ।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
## BUILDING DIVISION NO. -02. RANCHI

### NOTICE INVITING QUOTATION NO-09/2026-27

Sealed quotations are invited for the work

| S.No. | Name of Work | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1 | Upgradation for AV S ystem installed at New Jharkhand Vidhan Sabha, Ranchi | 10,000.00 | Fifteen Days |

by the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi sell of quotation paper will be on 04.08.2026 upto 1.00 pm, quotation paper received on dated-05.08.2026 at 3.00 p.m and will be opened on 05.08.2026 at 3.30 pm at B.C.D. Division No.-02, Ranchi by Executive Engineer or his authorized representative in the presence of Quotationers or their authorized representative, whosoever desire may remain present at the time of opening. Cost of Bid for work in shape of Demand draft (non refundable) from any State Bank Payable at SBI Main Branch, Ranchi (Code-0167) /any Schedule Bank, Payable at Ranchi in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi.

The quotation should be accompanied with (1) Initial security deposit which will be 2% of the quoted amount in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3 Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue)/fixed deposits of a scheduled Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Division No.-02, Ranchi. (2) Updated Income Tax Return and GST Return (3) PAN Card

In the case of Gazetted holiday the quotation will be received/opened on the next working day.

नोट : कोटेशन की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

**Executive Engineer**
**Building Construction Department**
**Building Division No-02, Ranchi**

**PR 386101 Building(26-27).D**


## ग्रिजली विद्यालय के प्री-प्राइमरी विंग में 'ग्रीन कलर डे' का उत्साहपूर्ण आयोजन

# नन्हे विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के प्री-प्राइमरी विंग में 'ग्रीन कलर डे' का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे विद्यार्थियों को प्रकृति, हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व से परिचित कराना तथा उनमें पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करना था। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक हरी सजावट से सजाया गया तथा बच्चों ने हरे रंग की पोशाक पहनकर पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का सफल आयोजन प्री-प्राइमरी समन्वयक बनानी नियोगी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। श्वेता प्रकाश ने गतिविधियों का संचालन किया, जबकि एवेली बर्नवाल एवं काजल प्रवीण ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आयोजन में एल.के.जी. एवं कक्षा-1 (आलमंड) के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने ट्वर्ल पेपर की सहायता से सुंदर वृक्षों का निर्माण किया, पाम प्रिंटिंग के माध्यम से आकर्षक वृक्ष बनाए तथा फिंगर डिपिंग तकनीक से मनमोहक कलाकृतियां तैयार कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित मनमोहक नृत्य एवं लघु अभिनय प्रस्तुत कर उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति, सृजनात्मकता तथा प्रकृति के प्रति अपने प्रेम को सहज एवं सुंदर ढंग से अभिव्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों का उत्साह, आत्मविश्वास एवं आनंद देखने योग्य था। यह आयोजन उनके लिए मनोरंजन के साथ-साथ प्रकृति के महत्व को समझने, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनने तथा रचनात्मक सोच विकसित करने का एक प्रेरणादायी अवसर सिद्ध हुआ।


## झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, रामगढ़।
### विज्ञापन संख्या-01/2026

### आवश्यक सूचना

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, रामगढ़ जिलान्तर्गत गृह रक्षकों के नव-नामांकन हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या-01/2026 के आलोक में ग्रामीण एवं शहरी गैर तकनीकी/शहरी तकनीकी के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की गठित समिति द्वारा स्क्रूटनी के उपरान्त अभ्यर्थियों के योग्य एवं त्रुटिपूर्ण आवेदनों की सूची NIC Ramgarh/JAP IT Ranchi के वेबसाईट ramgarh.nic.in एवं recruitment.jharkhand.gov.in तथा जिला समादेष्टा कार्यालय, रामगढ़ के सूचना पट्ट पर उपलब्ध है।

अतएव गृह रक्षक नव-नामांकन के सभी आवेदकों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वेबसाईट पर अपलोड की गई सूची एवं उनमें अंकित विवरणी की जानकारी प्राप्त करते हुए यदि कोई दावा/आपत्ति हो, तो वे अपना दावा/आपत्ति आवेदन, शपथ पत्र एवं अनुलग्नक सहित दिनांक-28.07.2026 से 06.08.2026 के अपराहन 05:00 बजे तक जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, रामगढ़ में हाथों हाथ एवं कार्यालय के वेबसाईट discomrmg@gmail.com पर मेल करते हुए समर्पित करेंगे। निर्धारित तिथि के उपरान्त किसी भी दावा/आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। साथ ही, गलत प्रमाण पत्रों के आधार पर दावा प्रस्तुत करने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

ह0
**जिला समादेष्टा,**
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, रामगढ़।
(सदस्य)

PR 386021 (District) 26-27 (D)

## एक झलक

### लापुंग में सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत



**लापुंग** : लापुंग थाना क्षेत्र के फतेहपुर ककरिया सड़क पर मोटरसाइकिल असंतुलित होकर बैल से टकरा कर घायल हुए सुनील हेरेंज पिता सामु हेरेंज उम्र 27 वर्ष का इलाज के दौरान मौत हो गई। सुनील हेरेंज को घायल अवस्था में 108 एम्बुलेंस से लापुंग सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद खूंटी सदर अस्पताल इलाज के लिए रेफर किया गया था। जहां इलाज के क्रम में मौत हो गया। वह धान रोपने वालों के लिए कुछ जलपान लाने के लिए गोबिंदपुर जा रहा था। फतेहपुर दाढ़ी सीमान में चरवाहा सड़क किनारे गाय बैल चारा रहे थे। बैल अचानक सड़क पर आ गया और स्कूटी से टकरा गया और घायल हो गया। स्कुल से लौट रहे बच्चो ने इसकी सुचना परिजनों को दिया तब इसको 108 एम्बुलेंस से लापुंग पहुंचाया। मृतक का एक छोटा बच्चा और पत्नी है। घटना कि जानकारी के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

### ट्रैक्टर और ऑटो में सीधी टकर, तीन घायल

**अनगड़ा** : अनगड़ा हुंडरू मार्ग में शाम 7 बजे गेतलसूद दुर्गा के सौ मीटर की दूरी पर ट्रैक्टर- J H 01FR- 3169 और अनगड़ा की ओर से आ रही ऑटो-J H 01अ- 3126 में सीधी टकर हो गई। जिससे पांचा निवासी तिजु ठाकुर (38) अपने परिवार साथ सिरका से अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच घटना हुई जिसमें तिजु ठाकुर का दाहिना पैर जोरदार धक्का से टूट गया वहीं तिजु ठाकुर के बेटे अंश ठाकुर (18) को भी सिर पर चोट लगी साथ में एक महिला लीला देवी (33) गिर कर घायल हो गई कुल मिलाकर ऑटो में पांच लोग सवार थे दो अन्य को हल्की चोट लगी है। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार एवं कांग्रेस नेता शिवदास गोस्वामी ने ग्रामीणों की सहयोग से एम्बुलेंस से ईलाज के हॉस्पिट भेजवाया।मौके पर सूचना पाकर अनगड़ा थाना पुलिस भी पहुंची।

### कटिहार-अमृतसर स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़े

**कटिहार** : यात्रियों की निरंतर बढ़ती मांग को पूरा करने, सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने और अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने ट्रेन संख्या 05736/05735 कटिहार-अमृतसर-कटिहार स्पेशल ट्रेन की सेवाओं को दोनों दिशाओं में पाँच अतिरिक्त फेरों के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि यह ट्रेन अपने मौजूदा संयोजन, समय-सारणी, ठहराव और अनुरक्षण सूची के साथ चलती रहेगी, जिससे बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और मार्ग के अन्य महत्वपूर्ण स्टेशनों के यात्रियों को निर्बाध कनेक्टिविटी मिलेगी। ट्रेन संख्या 05736 (कटिहार - अमृतसर स्पेशल): यह ट्रेन 5 अगस्त से 2 सितंबर, 2026 तक प्रत्येक बुधवार को 21:00 बजे कटिहार से रवाना होगी।

### लापता दो नाबालिग बहनों की बरामदगी को लेकर ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों ने दिया धरना

**सहरसा** : जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना मुख्यालय के चौधरी टोला स्थित वार्ड संख्या 17 निवासी सुरेश चौधरी की दो पुत्रियों के लापता होने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी 14 वर्षीय चांदनी कुमारी और छह वर्षीय राधिका कुमारी का कोई सुराग नहीं मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। दोनों बहनों की सकुशल बरामदगी की मांग को लेकर मंगलवार को चौधरी टोला में एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि घटना अत्यंत गंभीर और चिंताजनक है। चार दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस के हाथ अब तक कोई ठोस सफलता नहीं लगना चिंता का विषय है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विशेष टीम गठित कर दोनों बहनों की जल्द से जल्द सकुशल बरामदगी सुनिश्चित की जाए।

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की 'बिहार गति' परियोजनाओं की समीक्षा

# समयबद्ध क्रियान्वयन पर दिया जोर

एजेंसी



**पटना** : बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में 'बिहार गति' के अंतर्गत चिन्हित विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में राज्य में क्रियान्वित 100 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं तथा केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में जल संसाधन, पथ निर्माण और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए और नियमित समीक्षा के माध्यम से कार्यों की गति बनाए रखी जाए। जल संसाधन विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कोसी-मेची इंटर स्टेट लिंक परियोजना के निर्माण कार्य में मानसून समाप्त होते ही तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परियोजना को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। साथ ही नियमित निगरानी के माध्यम से सभी प्रशासनिक एवं तकनीकी अवरोधों का समय रहते समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना के कार्यों में तेजी लाने पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के शीघ्र पूरा होने से सिंचाई क्षमता बढ़ेगी और किसानों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। वहीं, मंडई वीयर परियोजना की नियमित निगरानी करते हुए इसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि राज्य की सिंचाई एवं जल प्रबंधन व्यवस्था और मजबूत हो सके। पथ निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने वाराणसी-रांची-कोलकाता छह लेन कॉरिडोर, आमस-दरभंगा फोर लेन परियोजना तथा कन्हौली-शेरपुर (एनएच-131जी) छह लेन परियोजना के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने भूमि अधिग्रहण, वन विभाग की स्वीकृतियों तथा अन्य प्रशासनिक बाधाओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने और सभी परियोजनाओं की नियमित समीक्षा करते हुए समयबद्ध निष्पादन पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से राज्य में सड़क संपर्क बेहतर होगा, आवागमन सुगम बनेगा और आर्थिक तथा औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने 'टीबी मुक्त भारत' अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रोगियों की पहचान, उपचार और जागरूकता कार्यक्रमों को और सशक्त बनाया जाए, ताकि अभियान के लक्ष्य समय पर हासिल किए जा सकें।

## बांकीपुर में राजग के प्रति एकतरफा जनसमर्थन : उमेश सिंह कुशवाहा

एजेंसी

**पटना** : जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवर को बयान जारी कर कहा कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव एनडीए के लिए हार-जीत का नहीं, बल्कि पिछली बार की तुलना में जीत का अंतर और अधिक बढ़ाने का चुनाव है। वहीं, विपक्षी दलों के लिए यह चुनाव केवल दूसरे स्थान के लिए संघर्ष बनकर रह गया है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष के पास बांकीपुर की जनता के लिए न कोई स्पष्ट विजन है और न ही विकास का कोई ठोस एजेंडा। वे केवल झूठ, भ्रम और दुष्प्रचार के सहारे मतदाताओं को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उनका नकारात्मक मंसूबा पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। उन्होंने कहा कि पूरे बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में एनडीए के पक्ष में एकतरफा जनसमर्थन दिखाई दे रहा है और पूरे चुनावी अभियान में मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला है। यह साफ-साफ संकेत है कि एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा अब तक के सभी जीत के रिकॉर्ड तोड़ते हुए ऐतिहासिक बहुमत से विजय प्राप्त करेंगे। उमेश कुशवाहा ने कहा कि एनडीए ने एक साधारण कार्यकर्ता को विधानसभा का उम्मीदवार बनाकर कार्यकताओं का सम्मान बढ़ाया है, जिससे कार्यकताओं में नए उत्साह का संचार हुआ और एनडीए का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ चुनावी जनसंपर्क अभियान में जुटा रहा। उन्होंने कहा कि एनडीए का वैचारिक और व्यवहारिक गठबंधन चट्टानी एकता की तरह मजबूत है।

## संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज के 650वें जयन्ती वर्ष पर चलेगा समरसता संकल्प अभियान : रामकुमार पाहन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**अनगड़ा** : संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज के 650वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में देशव्यापी ₹समरसता संकल्प अभियान₹ चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य संत गुरु रविदास महाराज के समरसता, समानता, सामाजिक न्याय एवं मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 29 जुलाई (आषाढ़ पूर्णिमा) से प्रारंभ होकर 20 फरवरी (माघ पूर्णिमा) तक व्यापक जनभागीदारी के साथ संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत विभिन्न चरणों में सामाजिक, धार्मिक एवं जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई से 10 सितंबर तक ₹कलश वंदन अभियान₹ के माध्यम से संत गुरु रविदास महाराज की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी की पवित्र मिट्टी से भरे कलश जिले के प्रत्येक गांव तक पहुंचाए जाएंगे। साथ ही गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मंदिरों में भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 29 जुलाई से 31 अगस्त तक संत संपर्क अभियान, 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक समरसता यात्रा तथा 26 नवंबर से 15 जनवरी तक छात्रावास संपर्क अभियान संचालित किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के सभी वर्गों तक संत गुरु रविदास महाराज के विचारों एवं उनके समरस समाज के संदेश को पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। रामकुमार पाहन ने कहा कि संत गुरु रविदास महाराज ने अपने जीवन और वाणी से जाति-पांति, ऊंच-नीच एवं भेदभाव से मुक्त समाज का मार्ग प्रशस्त किया। उनके विचार आज भी सामाजिक समरसता, समानता और मानव कल्याण के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने सभी सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकताओं एवं आम नागरिकों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि संत गुरु रविदास महाराज के आदर्शों को आत्मसात कर ही समरस, सशक्त एवं विकसित भारत के निर्माण का संकल्प साकार किया जा सकता है। विनय महतो धीरज ने कहा कि संत गुरु रविदास महाराज ने समाज के करोड़ों शोषित, वंचित और उपेक्षित लोगों में सम्मान, आत्मविश्वास और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा जगाई। उन्होंने सामाजिक सुधार, समरसता, सद्भाव और मेल-मिलाप का मार्ग प्रशस्त किया। यही कारण है कि आज देशभर में करोड़ों लोग जाति और धर्म की सीमाओं से ऊपर उठकर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हैं। उन्होंने कहा कि जिस समय समाज जातिगत भेदभाव, सामाजिक विसंगतियों, धार्मिक उत्पीड़न और तत्कालीन मुगल शासन के अत्याचारों जैसी चुनौतियों से जूझ रहा था, उस समय संत गुरु रविदास महाराज ने सामाजिक समरसता, समानता, आत्मसम्मान और मानव गरिमा का संदेश देकर करोड़ों लोगों के जीवन में नई चेतना का संचार किया। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट करने और राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरणा प्रदान करते हैं।

# सीमा पर ब्राउन शुगर तस्करी का भंडाफोड़

एजेंसी

**किशनगंज** : भारत-नेपाल सीमा पर नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और दिघलबैंक थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में 100.4 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई है तथा एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। बरामद मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब ?2 लाख बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, एसएसबी की एफ कंपनी धनतोला और दिघलबैंक थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सीमावर्ती तेलीभिट्ठा गांव स्थित एक घर में अवैध रूप से ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद दोनों एजेंसियों की संयुक्त टीम ने तेलीभिट्ठा निवासी भीम प्रसाद हरिजन के घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान घर के एक कमरे से 100.4 ग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। मौके से भीम प्रसाद हरिजन को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद मंगलवार दोपहर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दिघलबैंक थाना पुलिस ने बताया कि आरोपी के



खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि बरामद ब्राउन शुगर कहां से लाई गई थी और इसकी आपूर्ति किन क्षेत्रों में की जानी थी। साथ ही इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए एसएसबी और स्थानीय पुलिस लगातार संयुक्त अभियान चला रही है। अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## कटिहार मंडल में रेल सेवा पुरस्कार समारोह आयोजित उत्कृष्ट कार्य करनेवाले 51 रेलकर्मी सम्मानित

एजेंसी

**कटिहार** : कटिहार रेल मंडल में वर्ष 2024-25 के रेल सेवा पुरस्कार समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण, उत्कृष्ट कार्यशैली और रेलवे की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 51 रेलकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नरह ने प्रशस्ति-पत्र एवं रेल सेवा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नरह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा निवेदिता नरह, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार सिंह एवं महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्षा पूजा सिंह द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में डीआरएम श्री नरह ने पुरस्कार प्राप्त रेलकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने सभी रेलकर्मियों से यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने तथा रेलवे के विकास में निरंतर योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मंडल के सभी विभागों के अधिकारी, मान्यता प्राप्त यूनियनों एवं एसोसिएशनों के पदाधिकारी, महिला कल्याण संगठन के सदस्य तथा बड़ी संख्या में रेलकर्मी उपस्थित रहे।

## असम बाढ़ : 10 हजार परिवारों तक राहत पहुंचायेगा रिलायंस फाउंडेशन

# 04 हजार मवेशियों की भी होगी देखभाल

- शिवसागर और चराइदेव जिलों में पांच लाख से अधिक लोग प्रभावित
- पशुधन की सहायता के लिए वनतारा की 39 सदस्यीय टीम तैनात

फ्रीडम फाइटर संवाददाता




**गुवाहाटी** : ऊपरी असम में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए रिलायंस फाउंडेशन ने राहत अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत शिवसागर और चराइदेव जिलों के कम से कम 10 हजार परिवारों तक भोजन, सुरक्षित पेयजल, राशन, स्वास्थ्य और अस्थायी आश्रय से जुड़ी सहायता पहुंचाई जायेगी। दोनों जिलों में पांच लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। रिलायंस फाउंडेशन की आपदा प्रबंधन टीम ने जिला प्रशासन और स्थानीय संगठनों के साथ प्रभावित इलाकों का आकलन करने के बाद राहत कार्य शुरू किये हैं। वनतारा, रिलायंस रिटेल और जियो भी इस अभियान में सहयोग कर रहे हैं। जिन परिवारों के पास भोजन या राशन की व्यवस्था नहीं है, उनके लिए सामुदायिक रसोई चलायी जा रही हैं। इसके साथ ही सूखे राशन के पैकेट भी बांटे जायेंगे। विस्थापित परिवारों के लिए तिरपाल, ग्राउंडशीट, मच्छरदानी, रस्सी और बिस्तर वाले आपातकालीन आश्रय किट की व्यवस्था की जा रही है। बाढ़ के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं। स्वास्थ्य सेवाएं जल्द बहाल करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की सफाई और मरम्मत शुरू की गयी है। प्रभावित परिवारों को स्वच्छ पेयजल तथा साफ-सफाई से जुड़ी जरूरी किट्स भी उपलब्ध करायी जा रही है। पालतू पशुओं को हुए नुकसान को देखते हुए वनतारा की 39 सदस्यीय टीम भी मौके पर तैनात की गयी है। टीम पशुओं के इलाज और देखभाल के साथ स्थानीय समुदाय के दूसरे जानवरों की भी सहायता करेगी। रिलायंस फाउंडेशन ने करीब 04 हजार प्रभावित मवेशियों के लिए चारा उपलब्ध कराने की योजना बनायी है। राहत सामग्री जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचे, इसके लिए फाउंडेशन की टीमें जिला प्रशासन, सरकारी विभागों, स्थानीय संस्थाओं और सहयोगी संगठनों के साथ मिल कर काम कर रही हैं।

## प्रसिद्ध समाजसेवी व शिक्षिका सिंधु झा का हृदयगति रुकने से हुआ आकस्मिक निधन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता




**रजरप्पा (रामगढ़)** : राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद, झारखंड की प्रदेश अध्यक्ष तथा हिन्दू जागरण मंच, झारखंड प्रांत की महिला टोली सदस्या एवं रामगढ़-हजारीबाग जिला प्रभारी सिंधु झा का मध्यरात्रि उनके आवास पर हृदयगति रुक जाने (हार्ट अटैक) की वजह से आकस्मिक निधन हो गया। पेशे से शिक्षिका रहीं सिंधु झा ने अपने उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के बल पर पूरे क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान बनाई थी।

उक्त बातों की जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से हिन्दू जागरण मंच, रामगढ़ के जिलाध्यक्ष सत्यजीत चौधरी ने मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि सिंधु झा की समर्पित कार्यशैली और निष्ठा से प्रभावित होकर ही संगठन द्वारा उन्हें झारखंड प्रांत की महिला टोली की सदस्या के साथ-साथ रामगढ़ एवं हजारीबाग जिले का प्रभार सौंपा गया था, जिसका वे अत्यंत सफलतापूर्वक और निष्ठापूर्वक निर्वहन कर रही थीं। सोमवार की मध्यरात्रि अचानक तबीयत बिगड़ने और दिल का दौरा पड़ने के कारण उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली।

**मुक्तिधाम पर उमड़ा जनसैलाब, गणमान्य लोगों ने दी अंतिम विदाई**

मंगलवार सुबह 11 बजे रामगढ़ स्थित मुक्तिधाम में उनके पार्थिव शरीर का हिंदू रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए जिले के कई गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिक हस्तियां उपस्थित हुईं। अंतिम संस्कार के दौरान रांची से चलकर रामगढ़ आए हिन्दू जागरण मंच झारखंड के प्रांत संयोजक विक्रम शर्मा, प्रांत महिला आयाम टोली की सदस्या गुंजन देवी, भाजपा नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, सूर्यवंश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष सत्यजीत चौधरी, भाजपा जिला मंत्री शिवकुमार महतो, राजेश ठाकुर, दीपक मिश्रा, राजीव झा, शुभम झा, अमन झा सहित कई अन्य कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## संवेदक की अकर्मण्यता से उपायुक्त के आदेशों की उड़ रही हैं धज्जियां

# बंदा विद्यालय में छह अतिरिक्त कमरों के निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**गोला (रामगढ़)** : उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय बंदा में छह अतिरिक्त कमरों के निर्माण कार्य का शिलान्यास सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल एवं विधायक प्रतिनिधि मनोज पुजहर के संयुक्त सान्निध्य में नारियल फोड़कर तथा शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय के विकास को शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

**शिलापट्ट में फिर दोहरायी गयी पुरानी गलती**

**शिलान्यास** कार्यक्रम के दौरान लगाए गए शिलापट्ट पर एक बार फिर प्राक्कलन राशि, निर्माण अवधि, कार्यदायी एजेंसी तथा अन्य अनिवार्य तकनीकी विवरण अंकित नहीं किए गए जबकि गत दिनों उपायुक्त ने जिले के सभी निर्माण कार्यों के शिलापट्टों पर इन जानकारियों का उल्लेख अनिवार्य रूप से करने का स्पष्ट निर्देश दिया था।

**उपायुक्त के निर्देशों की खुली अनदेखी, उठे गंभीर सवाल**

**लगातार** जारी प्रशासनिक निर्देशों के बावजूद एक के बाद एक निर्माण कार्यों में नियमों की अनदेखी यह दर्शाती है कि संबंधित संवेदक एवं स्थानीय विभागीय तंत्र आदेशों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। इससे सरकारी कार्यों की पारदर्शिता, जवाबदेही और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। सोसोकला और उपरबरगा के बाद अब बंदा में भी दोहराई गई वही चूक ग्रामीणों ने बताया कि इससे पूर्व सोसोकला एवं उपरबरगा में हुए शिलान्यास कार्यक्रमों में भी शिलापट्ट पर आवश्यक विवरण अंकित नहीं किए गए थे। उस समय ग्रामीणों ने इसका विरोध भी किया था, लेकिन उसके बावजूद व्यवस्था में कोई सुधार देखने को नहीं मिला।

**आखिर किसके संरक्षण में हो रही नियमों की अनदेखी**

**ग्रामीणों** का कहना है कि बार-बार सरकारी आदेशों की अवहेलना होने और किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से लोगों के बीच यह चर्चा है कि आखिर संबंधित संवेदकों को किसका संरक्षण प्राप्त है। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

# एक माह से टायफाइड जांच किट नहीं, मरीजों की बढ़ीं मुश्किलें

- 77 वर्षीय झारखंड आंदोलनकारी कामरेड नंद किशोर सिंह का फूटा गुस्सा, बोले, अस्पताल में बुनियादी सुविधाएं भी नसीब नहीं, कागजों तक सिमट गयी स्वास्थ्य व्यवस्था

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौपारण की स्वास्थ्य व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। पिछले करीब एक माह से अस्पताल में टायफाइड जांच किट उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों को बिना जांच लौटना पड़ रहा है या फिर निजी जांच केन्द्रों का सहारा लेना पड़ रहा है। इसका सबसे अधिक असर गरीब और ग्रामीण मरीजों पर पड़ रहा है, जिन्हें इलाज के साथ-साथ जांच पर भी अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है।इस गंभीर मुद्दे को लेकर 77 वर्षीय झारखंड आंदोलनकारी एवं वरिष्ठ नागरिक कामरेड नंद किशोर सिंह ने अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य व्यवस्था पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में जब सामान्य जांच की सुविधा भी उपलब्ध नहीं हो, तो आम लोगों को बेहतर इलाज मिलने का दावा कैसे किया जा सकता है। कॉमरेड नंद किशोर सिंह ने बताया कि जब उन्होंने अस्पताल प्रभारी डॉ. डी.एन. ठाकुर से टायफाइड जांच किट नहीं होने का कारण पूछा तो उनका जवाब था, यह सरकारी आपूर्ति का मामला है। हम क्या कर सकते हैं। किट उपलब्ध कराने के लिए विभाग को लगातार लिखा जा रहा है और प्रयास जारी है।₹उन्होंने कहा कि जब उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा, बैठने की व्यवस्था और मरीजों को हो रही परेशानियों के संबंध में सवाल उठाया तो उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उनका आरोप है कि अस्पताल में मरीजों की सुविधा के नाम पर पर्याप्त व्यवस्था नहीं है और अधिकांश दावे केवल कागजों तक सीमित दिखाई देते हैं।कामरेड नंद किशोर सिंह ने कहा कि उनकी उम्र 77 वर्ष है। लंबे समय तक खड़े रहना उनके लिए संभव नहीं है, लेकिन अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों के बैठने की समुचित व्यवस्था तक नहीं है। कई बार उन्हें जमीन पर बैठकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि एक वरिष्ठ नागरिक और झारखंड आंदोलनकारी की यह स्थिति है, तो दूर-दराज के गांवों से आने वाले गरीब मरीजों की परेशानी का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल में कई बार मरीज घंटों लाइन में खड़े रहते हैं, लेकिन आवश्यक जांच सुविधा नहीं मिलने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। टायफाइड जैसी बीमारी की समय पर जांच नहीं होने से मरीजों का इलाज भी प्रभावित हो सकता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से मांग की कि अस्पताल में तत्काल टायफाइड जांच किट उपलब्ध कराई जाए, वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग सुविधा की व्यवस्था हो तथा मरीजों को सभी बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं।स्थानीय लोगों का भी कहना है कि सरकारी अस्पतालों में जांच सामग्री की कमी नई बात नहीं है। समय पर आवश्यक किट और दवाएं उपलब्ध नहीं रहने से मरीजों का सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर भरोसा कमजोर हो रहा है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।अस्पताल प्रभारी डॉ. डी.एन. ठाकुर ने कहा कि टायफाइड जांच किट की उपलब्धता पूरी तरह सरकारी आपूर्ति पर निर्भर है। विभाग को मांग भेजी जा चुकी है और लगातार संपर्क किया जा रहा है। किट उपलब्ध होते ही अस्पताल में जांच सेवा फिर से शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।

## निजी जमीन की घेराबंदी के लिए वन अध्यक्ष ने काटे पेड़, वनकर्मियों व कैटलगार्डो को ग्रामीणों ने दी सूचना

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**कटकमसांडी** : प्रखंड के डाड गांव के बसवनिया में वन अध्यक्ष ने वनकर्मियो के साठ घाट कर नेशनल पार्क अधीनस्थ वनभूमि से दर्जनों पेड़ पौधे काटकर अपने निजी जमीन की घेराबंदी कर दी। इस संबंध में वनयकर्मी अभिषेक कुमार को सूचना देने पर वह स्थलीय जांच की और मामले को सच पाया मगर वन अध्यक्ष अर्जुन रविदास प्रभाव से कोई कार्रवाई नहीं की गई वन अध्यक्ष जंगली क्षेत्रों से अपने निजी ट्रैक्टर से अध्यक्ष का प्रभाव दिखाकर अवैध रूप से बालू की निकासी भी करता है चार वर्ष पूर्व अवैध बालू व लकड़ी ढोने के मामले में वन विभाग ने ट्रैक्टर भी जब्त किया आज भी वन अध्यक्ष रात्रि में वन क्षेत्रों से बालू की अवैध निकासी कर जहां तहां बेचता है इसकी जानकारी वन्यकर्मियो को भी है मगर उसके विरुद्ध आजतक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी इस संबंध में वन्यकर्मि अभिषेक कुमार से पूछे जाने पर बताया कि वन अध्यक्ष द्वारा लकड़ी काटा गया मगर वह गिरे हुए पेड़ से टहनी काटकर लाने की बात कही मगर ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि वह जंगल में खड़े जीवित पेड़ पौधे को काटे जाने और अपने निजी जमीन की घेराबंदी करने की बात दोहराई फिलहाल उस काटे हुए पेड़ पौधे के लकड़ी से घेराबंदी हो चुकी है और वनविभाग द्वारा वन अध्यक्ष पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जबकि ग्रामीणों का कहना है कि आम गरीब लोगों द्वारा एक टहनी काटे जाने पर भी वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अक्सर परेशान किया जाता रहा है ।लोगों का यह भी कहना है कि वर्षों से यह वन अध्यक्ष पद पर कायम है अध्यक्ष पद के चयन के लिए कब चुनाव होती है इसका किसी को कोई बात की जानकारी नहीं होती है।

राष्ट्रमंडल खेल 2026

# अजय बाबू ने भारोत्तोलन में जीता रजत पदक




**एजेंसी**

**ग्लासगो :** राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारत के भारोत्तोलक वल्लुरी अजय बाबू ने भारतीय समयानुसार मंगलवार तड़के पुरुषों के 79 किलोग्राम भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। बेहद रोमांचक मुकाबले में अजय बाबू लंबे समय तक स्वर्ण पदक की दौड़ में आगे रहे, लेकिन मलेशिया के मुहम्मद एरी हिदायत ने अंतिम प्रयास में खेलों का नया रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। अजय बाबू ने स्नैच स्पर्धा में 149 किलोग्राम वजन सफलतापूर्वक उठाकर राष्ट्रमंडल खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया। दूसरे प्रयास में वह असफल रहे थे, लेकिन तीसरे प्रयास में उसी वजन को उठाकर उन्होंने शानदार वापसी की और स्नैच के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया। क्लीन एंड जर्क में भी भारतीय खिलाड़ी ने लगातार तीनों प्रयास सफल किए। उन्होंने क्रमशः 174 किलोग्राम, 178 किलोग्राम और 181 किलोग्राम वजन उठाया। इस तरह उनका कुल वजन 330 किलोग्राम रहा और वह स्वर्ण पदक के बेहद करीब पहुंच गए। हालांकि मुकाबले के अंतिम क्षणों में मलेशिया के मुहम्मद एरी हिदायत ने 184 किलोग्राम वजन उठाकर नया खेल रिकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही उनका कुल वजन 331 किलोग्राम हो गया और उन्होंने मात्र एक किलोग्राम के अंतर से स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। अजय बाबू ने छह में से पांच प्रयास सफलतापूर्वक पूरे किए और स्नैच में नया खेल रिकॉर्ड भी बनाया, लेकिन उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इंग्लैंड के क्रिस मरे ने कुल 325 किलोग्राम वजन

## सर्वेश कुशारे ने ऊंची कूद में जीता रजत



**भारत** के स्टार हाई जंप खिलाड़ी सर्वेश कुशारे ने सोमवार (स्थानीय समयानुसार) राष्ट्रमंडल खेल 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा का रजत पदक जीत लिया। इसके साथ ही उन्होंने ग्लासगो खेलों में एथलेटिक्स में भारत का पहला पदक दिलाया। 31 वर्षीय सर्वेश ने फाइनल में 2.05 मीटर, 2.10 मीटर, 2.15 मीटर और 2.20 मीटर की ऊंचाई पहले ही प्रयास में सफलतापूर्वक पार की। इसके बाद उन्होंने 2.25 मीटर की ऊंचाई तीसरे प्रयास में पार कर रजत पदक लगभग सुनिश्चित कर लिया। जमैका के रोमेन बेकफोर्ड ने भी 2.25 मीटर की ऊंचाई पार की, लेकिन उन्होंने यह ऊंचाई पहले प्रयास में ही पार कर ली थी। इसी आधार पर उन्हें स्वर्ण पदक मिला। इसके बाद दोनों खिलाड़ी 2.28 मीटर की ऊंचाई पार करने में तीनों प्रयासों में असफल रहे। इंग्लैंड के किमानी जैक ने 2.20 मीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक अपने नाम किया। सर्वेश कुशारे शानदार फॉर्म में राष्ट्रमंडल खेलों में पहुंचे थे। उन्होंने 27 जून को भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय अंतर-राज्य एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 2.31 मीटर की छलांग लगाकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। इसके अलावा 2025 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की हाई जंप फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बनकर उन्होंने इतिहास भी रचा था, जहां उन्होंने छठा स्थान हासिल किया था। भारत की ओर से इस स्पर्धा के फाइनल में तीन खिलाड़ी उतरे थे। हालांकि, तेजस्विन शंकर शुरूआती 2.05 मीटर की ऊंचाई पार करने में असफल रहने के बाद चोट के कारण मुकाबले से हट गए। इसके बावजूद बर्मिंघम 2022 के कांस्य पदक विजेता तेजस्विन पूरे मुकाबले के दौरान ट्रैक के किनारे मौजूद रहे और सर्वेश का उत्साह बढ़ाते रहे।

## रिंकू को मिला बेस्ट एटीट्यूड ऑफ द मैच अवॉर्ड

**हरारे :** भारतीय टीम के बल्लेबाज रिंकू सिंह को जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज में मिली 3-0 की जीत के बाद बेस्ट एटीट्यूड ऑफ द मैच का विशेष अवॉर्ड मिला है। रिंकू को ये अवॉर्ड मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने दिया। यह अवार्ड उस खिलाड़ी को दिया जाता है जो मैदान के अंदर और बाहर अपने रवैये, समर्पण और टीम के प्रति प्रतिबद्धता से सबसे ज्यादा प्रभावित करता है। भारतीय टीम के स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच ए आई हर्षा ने ये इनाम मिलने का कारण बताते हुए कहा कि एक अच्छे और महान खिलाड़ी में सबसे बड़ा अंतर दबाव को संभालने की क्षमता होती है। उन्होंने कहा, रिंकू ने हमेशा दबाव को सकारात्मक तरीके से लिया और कड़ी मेहनत में कमी नहीं आने दी।

### श्रीलंका टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित

## सारांश जैन को पहली बार मौका, रवीन्द्र जडेजा की वापसी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। टीम की कमान एक बार फिर शुभमन गिल के हाथों में होगी, जबकि केएल राहुल को उपकप्तान बनाया गया है। इस टीम में सबसे बड़ा आकर्षण मध्य प्रदेश के अनुभवी ऑफ स्पिन ऑलराउंडर सारांश जैन का पहली बार टेस्ट टीम में चयन है। 33 वर्षीय सारांश को वॉशिंगटन सुंदर के हैमस्ट्रिंग चोटिल होने के बाद मौका मिला है। घरेलू क्रिकेट और इंडिया ए के लिए लगातार शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई है। वहीं, अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की भी टीम में वापसी हुई है। उन्हें जून में अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच के लिए आराम दिया गया था। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और बल्लेबाज साई सुदर्शन को भी टीम में शामिल किया गया है, लेकिन दोनों का चयन बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से फिटनेस मंजूरी मिलने पर ही प्रभावी होगा। दूसरी ओर, चोट के कारण पुनर्वास कर रहे नितीश कुमार रेड्डी को टीम में जगह नहीं मिली है। भारत और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट 15 अगस्त से गॉल में खेला जाएगा, जबकि दूसरा और अंतिम टेस्ट 23 अगस्त से एसएससी, कोलंबो में होगा। भारत ने पिछली बार 2017 में श्रीलंका का दौरा किया था, जहां उसने मेजबान टीम का 3-0 से सफाया किया था। जसप्रीत बुमराह और साई सुदर्शन का चयन फिटनेस मंजूरी के अधीन है।




### श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम

**शुभमन गिल** (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मानव सुथार, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बरार, देवदत्त पडिक्कल और सारांश जैन।

## अब छत्तीसगढ़ से खेलेंगे यश दयाल

**मुम्बई :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से खेलने वाले तेज गेंदबाज यश दयाल अब आने वाले घरेलू सत्र से छत्तीसगढ़ की ओर से खेलेंगे। यश दयाल अभी तक अपने गृह राज्य उत्तर प्रदेश की ओर से खेलते आये हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार यश को अभी तक उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) भी नहीं मिला है पर वह कर्नाटक के आलूर में लगे छत्तीसगढ़ के प्री-सीजन कैंप में शामिल हो गये हैं। यश विवादों में भी रहे हैं। यौन उत्पीड़न मामले में फंसे होने के करण वह आईपीएल 2025 के बाद से ही किसी भी तरह से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में नहीं खेल पाये हैं। इस मामले के बावजूद उनकी आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने उन्हें अगले सीजन के लिए बरकरार रखा था पर वह कानूनी मामलों में फंसे होने के कारण टीम से नहीं जुड़ पाए और पूरे सत्र से बाहर रहे।

## 10 मीटर एयर राइफल में भारत को कांस्य

**एजेंसी**

**हांगझोउ :** चीन के हांगझोउ में आयोजित आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन प्रतियोगिता में भारत की सोनम उत्तम मस्कर और हिमांशु ढिल्लों की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश की झोली में एक और पदक डाला। दोनों ने फाइनल में कुल 441.2 अंक (220.6-220.6) हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस स्पर्धा में चीन की दोनों टीमों ने स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम किए। भारतीय निशानेबाजों ने क्वालिफिकेशन राउंड में भी शानदार प्रदर्शन किया। सोनम (317.2) और हिमांशु (317.4) ने मिलकर 634.6 अंक जुटाए और फाइनल में जगह बनाई। वहीं एलावेनिल वलारिवन (316.8) और पार्थ राकेश माने (317.4) की



दूसरी भारतीय जोड़ी ने 634.2 अंक के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। फाइनल में सोनम और हिमांशु ने संयमित प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक सुनिश्चित किया, जबकि एलावेनिल और पार्थ 378.8 अंक (एलावेनिल 190.5, पार्थ 188.3) के साथ चौथे स्थान पर रहे। पदक जीतने के बाद सोनम उत्तम मस्कर ने कहा कि यह प्रतियोगिता काफी चुनौतीपूर्ण रही और यह सफलता आगामी एशियाई खेलों तथा विश्व चैंपियनशिप के लिए उनका आत्मविश्वास बढ़ाएगी।

**झारखंड**

## गढ़वा जिला आपूर्ति कार्यालय के कम्प्यूटर ऑपरेटर पर आवंटन में गड़बड़ी का आरोप, पीडीएस दुकानदारों ने उठाये सवाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डंडई (गढ़वा) :** गढ़वा जिला आपूर्ति कार्यालय में कार्यरत एक कंप्यूटर ऑपरेटर पर जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) से जुड़े आवंटन में कथित अनियमितता करने का आरोप लगा है। प्रखंड क्षेत्र के कई जन वितरण प्रणाली दुकानदारों का आरोप है कि किसी दुकानदार का आवंटन बढ़ा दिया जाता है तो किसी का घटा दिया जाता है, जिससे लाभुकों के साथ-साथ दुकानदारों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि इस स्थिति के कारण प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (बीएसओ) सतीश कुमार को भी विभिन्न प्रकार की प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि धोती-साड़ी योजना और दाल वितरण योजना के आवंटन में भी गड़बड़ी की जा रही है। प्रखंड मुख्यालय के एक जन वितरण प्रणाली दुकानदार ने बताया कि उनके यहां कुल 302 लाभुक पंजीकृत हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें धोती-साड़ी योजना के तहत एक भी लाभुक का आवंटन नहीं मिला। उनका दावा है कि पूरा आवंटन किसी अन्य दुकानदार को आवंटित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि उपायुक्त गढ़वा और जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) कार्यालय में शिकायत करने के बाद मंगलवार देर शाम उनके आवंटन में सुधार किया गया। इसके बाद उन्होंने लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण शुरू कर दिया, और समाचार लिखे जाने तक 10 से 15 लाभुकों को सामग्री वितरित की जा चुकी थी। दुकानदार का यह भी आरोप है कि दाल वितरण योजना के आवंटन में भी इसी प्रकार की गड़बड़ी की गई है। वहीं, जन वितरण प्रणाली दुकानदार रामचंद्र सिंह तथा रानी महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष श्रद्धा देवी ने भी आरोप लगाया कि उनके धोती-साड़ी एवं दाल वितरण योजना के आवंटन में भी कथित रूप से छेड़छाड़ की गई है। उनका कहना है कि जिला आपूर्ति कार्यालय की फॉरवर्डिंग के आधार पर एनआईसी, रांची द्वारा प्रत्येक माह आवंटन जारी किया जाता है। उनका आरोप है कि यदि बीच में किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं होती तो आवंटन सही रहता है, लेकिन हस्तक्षेप होने पर गड़बड़ी सामने आती है। दुकानदारों ने चेतावनी दी है कि यदि उनके आवंटन में जल्द सुधार नहीं किया गया तो वे इस मामले की शिकायत उपायुक्त गढ़वा से करेंगे।

### क्या बोले बीएसओ

**प्रखंड** आपूर्ति पदाधिकारी (बीएसओ) सतीश कुमार ने बताया कि धोती-साड़ी और दाल वितरण योजना के आवंटन में गड़बड़ी की शिकायत दो-चार दुकानदारों द्वारा की गई है। उन्होंने कहा कि यह गड़बड़ी किस कारण से हो रही है, इसके बारे में फिलहाल वे कुछ नहीं कह सकते। उन्होंने बताया कि जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) कार्यालय से जानकारी मिलने के बाद ही पूरे मामले पर स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकेगा।

## मजदूरी के पैसे के विवाद में मारपीट, दोनों पक्ष पहुंचे चैनपुर थाना

**चैनपुर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के बरवेनगर गांव में मजदूरी के पैसे के लेन-देन को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के बाद दोनों पक्ष अपनी-अपनी शिकायत दर्ज कराने चैनपुर थाना पहुंचे हैं। पीड़ित मिस्त्री पवन सिंह बरवेनगरनिवासी ने बताया कि उन्होंने 6 दिनों तक राजमिस्त्री का काम किया था। जब वे अपने काम की बकाया मजदूरी मांगने गए, तो सफ्रोज मिया द्वारा उनके साथ मारपीट की गई। इस मारपीट में पवन सिंह के सिर के ऊपर गंभीर चोट आई है और उनके सिर पर पट्टी लगी हुई है।वहीं दूसरे पक्ष के सफ्रोज मिया पिता शमसुद्दीन मिया ने आरोपों को नकारते हुए अपना पक्ष रखा। उनका कहना है कि राजमिस्त्री उनके पिता के पास इंदिरा आवास योजना के तहत हुए काम के पैसे मांगने आए थे। सफ्रोज का कहना है कि वे अपने परिवार से अलग रहते हैं, लेकिन मिस्त्री जबरन उनसे पैसे मांग रहे थे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई और धक्का-मुक्की मारपीट की नौबत आ गई। फिलहाल चैनपुर थाना पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है और घायलों के इलाज तथा कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

## मुंबई से तिलैया तक सपना गुप्ता का सफर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की अनोखी पहल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** सफलता शहर की मोहताज नहीं होती, बल्कि मेहनत और लगन से मिलती है—इसे साबित कर दिखाया है सपना गुप्ता ने। मुंबई जैसे बड़े शहर से आकर झुमरी तिलैया में अपनी खास पहचान बनाने वाली सपना गुप्ता की कहानी आज कई महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी है। इसी कड़ी में, झुमरी तिलैया स्थित 'जायका' (Zaika) में FEME Beauty Salon द्वारा BSG के सौजन्य से आयोजित Professional Makeup & Beauty Skills Course का समापन समारोह संपन्न हुआ। कोर्स पूरा करने वाली सभी महिला प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। यह आयोजन स्थानीय महिलाओं को हुनरमंद बनाकर अपने पैरों पर खड़ा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ। संस्थान एवं अतिथियों ने सभी सफल प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

### हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार पुलिस लाइन भेजे गये

## कार्यशैली और उपलब्धियों की हो रही चर्चा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के आदेश पर हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त करते हुए पुलिस लाइन भेज दिया गया है। हालांकि, उनके स्थान पर नए थाना प्रभारी की नियुक्ति संबंधी आदेश अब तक जारी नहीं किया गया है। इस प्रशासनिक निर्णय के बाद हंटरगंज क्षेत्र में प्रभात कुमार के कार्यकाल और उनकी कार्यशैली को लेकर व्यापक चर्चा हो रही है। प्रभात कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के साथ-साथ जनसरोकारों को प्राथमिकता देने का प्रयास किया।



अपराध नियंत्रण, कानून का प्रभावी अनुपालन तथा आम लोगों की शिकायतों के त्वरित निष्पादन को लेकर उनकी कार्यशैली की सराहना होती रही। पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर संवाद एवं विश्वास कायम करने की दिशा में भी उन्होंने उल्लेखनीय पहल की। उन्होंने हत्या, चोरी, भूमि विवाद, अवैध शराब, बालू, पत्थर एवं कोयला के अवैध कारोबार के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया। संवेदनशील मामलों में समयबद्ध कार्रवाई और प्रशासनिक सतर्कता के कारण क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता का स्पष्ट संदेश गया। राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने में भी उन्होंने प्रशासनिक समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन किया। त्योहारों एवं अन्य संवेदनशील अवसरों पर पुलिस बल की प्रभावी तैनाती, फ्लैग मार्च तथा जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों के साथ नियमित संवाद उनकी कार्यशैली की प्रमुख विशेषताओं में शामिल रहे।

### प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन

## जानकी मंडल बनीं अध्यक्ष, अनिल पाल उपाध्यक्ष

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**कुंडहित (जामताड़ा) :** कुंडहित प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन को लेकर आमसभा आयोजित की गई। जिला परिषद सदस्य रीना मंडल की अध्यक्षता तथा सीआरपी संजीत मस्त्री की देखरेख में आयोजित बैठक में अभिभावकों की मौजूदगी में 20 सदस्यीय विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। बैठक में बताया गया कि राज्य परियोजना निदेशक, रांची के निदेर्शानुसार 100 से 500 छात्र-छात्राओं वाले विद्यालयों में 20 सदस्यीय विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया जाना है। इसी के अनुरूप समिति का पुनर्गठन किया गया। समिति में 15 निर्वाचित एवं पांच नामित सदस्य शामिल होंगे। नामित सदस्यों में स्थानीय प्राधिकार का एक सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका, आशा कार्यकर्ता अथवा नर्स में से एक, स्थानीय निकाय का प्रतिनिधि, विद्यालय की प्रधानाध्यापक तथा एक वरिष्ठ शिक्षिका शामिल रहेंगी। साथ ही समिति में कम से कम 50 प्रतिशत महिला सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। आमसभा में 15 निर्वाचित सदस्यों का चयन किया गया, जिनमें सात महिला एवं आठ पुरुष सदस्य शामिल हैं। बैठक के दौरान उपस्थित चयनित सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से जानकी मंडल को अध्यक्ष पद तथा उपाध्यक्ष के लिए अनिल पाल को चयन किया गया। चयन प्रक्रिया शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरी मंडल,विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप मुर्मू, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## चैनपुर में उत्पाद विभाग का छापा, 60 किग्रा जावा महुआ नष्ट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चैनपुर :** लोक स्वास्थ्य एवं राजस्व हित को ध्यान में रखते हुए उत्पाद विभाग ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। मंगलवार को चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजार टांड़ चैनपुर में उत्पाद विभाग द्वारा चलाए गए औचक तलाशी अभियान के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, उत्पाद चलिष्णु दल गुमला के प्रभारी अवर निरीक्षक विकास कुमार निराला के नेतृत्व में सशस्त्र बल के सहयोग से यह छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान घटनास्थल से लगभग 60 किलोग्राम जावा महुआ बरामद कर उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा करीब 10 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान



गिरफ्तार अभियुक्त को सुसंगत धाराओं के तहत हिरासत में लेकर जिला उत्पाद कार्यालय, गुमला लाया गया। तत्पश्चात, निर्धारित विधिक जुमार्ना राशि जमा कराने एवं आवश्यक बंधपत्र भरवाने के बाद अभियुक्त को छोड़ दिया गया। मामले की जानकारी देते हुए उत्पाद चलिष्णु दल गुमला के प्रभारी अवर निरीक्षक विकास कुमार निराला ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए उत्पाद विभाग का यह औचक छापेमारी अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# पलामू में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त, अपराधियों के हौसले बुलंद : पूर्णिमा पाण्डेय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव एवं प्रदेश प्रवक्ता पूर्णिमा पाण्डेय ने पलामू के मेदिनीनगर स्थित जेएमपी कॉम्प्लेक्स में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड एवं नावाबाजार थाना क्षेत्र के राजहरा गांव निवासी विनोद पांडेय की गोली मारकर की गई हत्या को जिले की बिगड़ती कानून-व्यवस्था का सबसे बड़ा प्रमाण बताया है। उन्होंने कहा कि यह घटना ऐसे स्थान पर हुई है, जो डीआईजी आवास और एसपी कोठी से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। इससे स्पष्ट है कि अब अपराधियों के मन से कानून और पुलिस का भय पूरी तरह समाप्त हो चुका है। पूर्णिमा पाण्डेय ने कहा कि शहर के सबसे संवेदनशील और सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में हत्या होना इस बात का संकेत है कि पलामू में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। यदि पुलिस अधिकारियों के आवास के पास भी लोग सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिकों की सुरक्षा की कल्पना कैसे की जा सकती है? उन्होंने कहा कि प्रशासन हर घटना के बाद केवल सीसीटीवी फुटेज और जांच की बात करता है, लेकिन अपराधियों पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के कारण उनका मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है। अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जबकि आम लोग भय और असुरक्षा के माहौल



में जीने को मजबूर हैं। प्रदेश सचिव ने प्रशासन पर तीखा हमला करते हुए कहा कि आज पलामू की स्थिति ऐसी हो गई है कि जिन लोगों से कभी समाज डरता था, वही लोग खुलेआम प्रभावशाली बनकर घूम रहे हैं। कई अपराधी सुरक्षा के साथ चलते हैं और सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ दिखाई देते हैं। ऐसे हालात कानून के राज पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं और यह संदेश देते हैं कि अपराधियों का प्रभाव प्रशासन पर भारी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार और जिला प्रशासन की पहली जिम्मेदारी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, लेकिन वर्तमान हालात बताते हैं कि प्रशासन अपराध रोकने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। यदि अपराधियों के खिलाफ कठोर और त्वरित कार्रवाई नहीं की गई तो जनता का कानून और शासन व्यवस्था से विश्वास उठ जाएगा। पूर्णिमा पाण्डेय ने जिला प्रशासन से मांग की कि हत्या में शामिल सभी आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक प्रक्रिया के माध्यम से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही मृतक के परिजनों को सरकार की ओर से उचित मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा जिले में अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कानून-व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए, ताकि आम नागरिकों का भरोसा दोबारा कायम हो सके।

## प्रदेश सचिव सह हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी पूर्णिमा पांडेय ने की एसआईआर की समीक्षा बैठक



**मेदिनीनगर :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव सह हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी श्रीमती पूर्णिमा पांडेय ने हुसैनाबाद प्रखंड में संगठन के पदाधिकारियों एवं नेताओं के साथ SIR (Special Intensive Revision) को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में विधानसभा क्षेत्र में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए संगठन को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए श्रीमती पूर्णिमा पांडेय ने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रहना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। उन्होंने कार्यकताओं से घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करने, आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देने तथा यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न कटे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता मतदाता जागरूकता अभियान को जन-जन तक पहुंचाएगा। बैठक में बूथ स्तर तक अभियान को प्रभावी बनाने, आम लोगों की समस्याओं का समाधान कराने तथा मतदाता सूची से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के लिए भी दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित संगठन के पदाधिकारियों एवं नेताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों की स्थिति से अवगत कराया तथा अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी सक्रियता से कार्य करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष शैलेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर पाठक, जिला सचिव सुनीता श्रीवास्तव, सतीश कुमार चौबे, मालती देवी, अम्बिका सिंह, सुधीर सिंह, पवन मारी तथा सुरेंद्र पासवान सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक झलक

### भारतीय खिलौनों की दुनिया में बढ़ी धाक, सात साल में 89 फीसदी बढ़ा निर्यात

**नयी दिल्ली** : वैश्विक बाजार में भारतीय खिलौनों का दबदबा तेजी से बढ़ रहा है। पिछले 7 साल में घरेलू विनिर्माण और सरकार की प्रोत्साहन नीतियों के बल पर भारत के खिलौना उद्योग का परिदृश्य पूरी तरह बदल गया है। भारत के खिलौना निर्यात में 89.1 फीसदी की भारी बढ़ोत्तरी हुई है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत खिलौने आयात करने वाले देश से उभरकर एक शुद्ध निर्यातक बन चुका है। अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड्स तथा जर्मनी जैसे विकसित देशों को भारतीय खिलौने निर्यात किए जा रहे हैं। ट्रेडस्टैट आंकड़ों के मुताबिक भारत में खिलौनों का आयात 37.5 फीसदी कम हुआ है, जबकि खिलौनों के निर्यात में 89.1 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। वित्त वर्ष 2018–19 की तुलना में वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान भारत से खिलौनों के निर्यात में 89.1 फीसदी का बड़ा उछाल दर्ज किया गया है। विदेशी खिलौनों पर निर्भरता भी कम हुई है और आयात में 37.5 फीसदी की भारी कमी देखने को मिली है। मंत्रालय ने बताया कि टॉय एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने 17वीं टॉय बिज इंटरनेशनल बी2बी प्रदर्शनी का आयोजन नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 4 से 7 जुलाई तक किया। इस प्रदर्शनी में 400 भारतीय खिलौना ब्रांडों, 40 देशों के 100 अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और लगभग 30,000 व्यावसायिक आगंतुकों ने भाग लिया। इस प्रदर्शनी ने निमार्ताओं को थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, वितरकों, संस्थागत खरीदारों और ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ने का मंच प्रदान किया।

### केन्द्र सरकार ने चीनी की स्टॉक लिमिट तय की, नये नियम 01 अगस्त से लागू होंगे

**नयी दिल्ली** : केंद्र सरकार ने चीनी की जमाखोरी रोकने के लिए बड़ा सख्त कदम उठाया है। सरकार ने बाजार में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए चीनी कारोबारियों के लिए नई स्टॉक रखने की सीमा लागू किया है। सरकार के नए आदेश के तहत अब कोई भी चीनी डीलर 4,000 क्विंटल से अधिक चीनी का स्टॉक नहीं रख सकेगा। ये नियम 1 अगस्त से 30 नवंबर तक लागू रहेगा। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) और सरकारी चीनी भंडार को इस नई स्टॉक सीमा से छूट दी गई है। केंद्र सरकार ने निर्देश दिया कि कोई भी चीनी डीलर 30 दिन से ज्यादा समय तक स्टॉक या भंडार न रखे। साथ ही चीनी की कीमतों को काबू में रखने की कोशिशों के तहत चार हजार क्विंटल की स्टॉक सीमा तय की गई है।
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के आधिकारिक बयान के अनुसार सभी चीनी डीलरों को खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के ऑनलाइन पोर्टल के जरिए हर हफ्ते अपने चीनी स्टॉक की जानकारी देनी होगी और स्टॉक की स्थिति को अपडेट करना होगा। इसके अलावा केंद्र सरकार ने राज्यों को भी अधिकार दिया है कि अगर जरूरी हो तो वे केंद्र की ओर से तय सीमा से कम स्टॉक लिमिट लागू कर सकते हैं।

# उतार-चढ़ाव के बाद मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार



**नयी दिल्ली** : घरेलू शेयर बाजार पूरे दिन सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव के बाद मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। आज बाजार की चाल पर निफ्टी और बैंक निफ्टी के साथ एनएसई के अन्य सूचकांकों और स्टॉक्स के डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स की मंथली एक्सपायरी का भी असर बना रहा। आज के कारोबार की शुरूआत भी मामूली गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद पूरे दिन तेजड़िये और मंदड़िये एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिश करते रहे, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल भी ऊपर-नीचे होती रही। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.09 प्रतिशत और निफ्टी 0.04 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ बंद हुए।
बीएसई का सेंसेक्स आज 4.03 अंक की सांकेतिक कमजोरी के साथ 76,831.75 अंक के स्तर पर खुला। बाजार खुलने के कुछ देर बाद ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में उतार-चढ़ाव होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स 152.70 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,988.48 अंक के स्तर तक पहुंचा। वहीं, बिकवाली का दबाव बनने पर इस सूचकांक ने 163.01 अंक यानी 0.21 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 76,672.77 अंक के स्तर तक गोता भी लगाया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 69.86 अंक टूट कर 76,765.92 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 24.70 अंक फिसल कर 23,971.25 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद पूरे दिन यह सूचकांक सीमित दायरे में ऊपर-नीचे होता रहा। खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी 45.20 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,041.15 अंक के स्तर तक पहुंचा। वहीं, बिकवाली का दबाव बनने पर यह सूचकांक 41.35 अंक यानी 0.17 प्रतिशत फिसल कर 23,954.60 अंक के स्तर तक गिर भी गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 10.60 की मामूली कमजोरी के साथ 23,985.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिनभर के कारोबार के दौरान आईटी सेक्टर के शेयरों की जमकर खरीदारी होती रही, जिसके कारण निफ्टी का आईटी इंडेक्स 3.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह रियल्टी, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। दूसरी ओर, कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों पर आज जबरदस्त दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का कैपिटल गुड्स इंडेक्स 2.40 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह बैंकिंग, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, मेटल और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसकी वजह से निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.22 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 479.22 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 480.33 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.11 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,424 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,626 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,629 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 169 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,986 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 938 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2,048 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए।

## सब्सक्रिप्शन के लिए खुला पूजा प्रेसिजन का आईपीओ

**नयी दिल्ली** : कारों, इलेक्ट्रिकल व्हेकिल्स और अन्य उद्योगों के लिए एल्युमिनियम पार्ट्स बनाने वाली कंपनी पूजा प्रेसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड का 159.83 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 30 जुलाई तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 31 जुलाई को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि तीन अगस्त को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर चार अगस्त को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने के बाद पहले घंटे में ही ये शेयर फुली सब्सक्राइब हो गया था। सुबह 10:30 बजे तक इस आईपीओ को 1.12 गुना सब्सक्रिप्शन मिल चुका था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 285 रुपये प्रति शेयर से लेकर 301 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 400 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 800 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,40,800 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 53.10 लाख नए शेयर बेचे जा रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 47.08 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 32.98 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 14.15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इसके अलावा मार्केट मेकर के लिए 5.01 प्रतिशत और कंपनी के कर्मचारियों के लिए 0.78 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इस इश्यू के लिए हेम सिक्योरिटीज लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि एमयूजीएफ इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। वहीं हेम फिनलीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का मार्केट मेकर है। पूजा प्रेसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत मजबूत नजर आती है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 16.10 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 23.93 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का शुद्ध लाभ उछल कर 30.90 करोड़ रुपये हो गया।

## पेटीएम पेमेंट्स बैंक होगा बंद, अब ऑफिशियल लिक्विडेटर संभालेगा कमान

**नयी दिल्ली** : पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। दिल्ली हाई कोर्ट ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को बंद करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने ये निर्देश दिया है कि लिक्विडेटर 8 जुलाई से बोर्ड की शक्तियों का इस्तेमाल करेगा। साथ ही कोर्ट ने गिरिकुमार नायर को ऑफिशियल लिक्विडेटर नियुक्त किया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि हाई कोर्ट ने केंद्रीय बैंक के अनुरोध पर पेटीएम पेमेंट बैंक को बंद करने का आदेश देते हुए उसके संचालन की जिम्मेदारी ऑफिशियल लिक्विडेटर को सौंप दी है। आरबीआई ने कहा कि 8 जुलाई, 2026 के आदेश और उसके साथ 22 जुलाई 2026 के आदेश के तहत दिल्ली हाई कोर्ट ने आदेश दिया है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट, 1949 और कंपनीज एक्ट, 2013 के प्रावधानों के तहत बंद किया जाए।

## जियो ने जोड़े सबसे ज्यादा 33.3 लाख सक्रिय मोबाइल सब्सक्राइबर : ट्राई

- सक्रिय ग्राहक आधार 49.89 करोड़, बाजार हिस्सेदारी 41.5 प्रतिशत
- 5G FWA और वायरलाइन सेवाओं में भी जियो पहले स्थान पर

**नयी दिल्ली** : जून में सक्रिय मोबाइल ग्राहकों की दौड़ में रिलायंस जियो सबसे आगे रहा। ट्राई के आंकड़ों के मुताबिक कम्पनी ने महीने के दौरान 33.3 लाख सक्रिय यानी श्ळफ ग्राहक जोड़े। इससे जियो का सक्रिय मोबाइल ग्राहक आधार बढ़कर 49.89 करोड़ हो गया। देश के कुल 120.11 करोड़ सक्रिय मोबाइल ग्राहकों में जियो की हिस्सेदारी करीब 41.5 प्रतिशत हो गयी है। जियो ने जून में कुल 21.5 लाख नये मोबाइल ग्राहक जोड़े और उसका मोबाइल ग्राहक आधार 50.36 करोड़ पहुंच गया। कम्पनी 39.3 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ देश की सबसे बड़ी मोबाइल ऑपरेटर बनी हुई है। सक्रिय ग्राहकों के मामले में भारती एयरटेल ने 29.3 लाख ग्राहक जोड़े, जबकि वोडाफोन आइडिया, बीएसएनएल और एमटीएनएल के सक्रिय ग्राहक आधार में गिरावट दर्ज की गयी। फिक्स्ड लाइन सेवाओं में भी जियो पहले स्थान पर रहा। जून में कम्पनी ने करीब 1.44 लाख नये कनेक्शन जोड़े। जियो के वायरलाइन ग्राहक की तादाद 1.56 करोड़ हो गयी है। इस बाजार में जियो की हिस्सेदारी 32.7 प्रतिशत रही। 5G फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (FWA) में जियो के ग्राहकों की संख्या 91.14 लाख पहुंच गयी, जो देश के कुल 5G FWA ग्राहकों का 70.5 प्रतिशत है। कम्पनी ने जून में करीब 1.46 लाख नये 5G FWA ग्राहक जोड़े। जियो वइफ आधारित फिक्स्ड वायरलेस सेवा देनेवाली देश की एकमात्र कम्पनी भी बनी हुई है और इस सेवा के ग्राहकों की संख्या 49.34 लाख हो गयी है। ट्राई के मुताबिक जून के अंत में देश का कुल टेलीफोन ग्राहक आधार बढ़ कर करीब 134.8 करोड़ हो गया।

## एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने नौ राज्यों में शुरू किया फसल बीमा जागरूकता अभियान

- खरीफ 2026 के लिए पीएम फसल बीमा योजना के प्रति किसानों को जागरूक करने पर जोर

SBI general INSURANCE
SURAKSHA AUR BHAROSA DONO

**रांची** : एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने खरीफ 2026 सीजन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के प्रति किसानों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नौ राज्यों में व्यापक अभियान शुरू किया है। 'फसल बीमा माह' के तहत चलने वाला यह अभियान एक जुलाई से शुरू हुआ 31 जुलाई तक चलेगा। कंपनी मध्य प्रदेश, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, असम, उत्तराखंड, तमिलनाडु और झारखंड में जागरूकता व जनसंपर्क गतिविधियां आयोजित करेगी। अभियान के दौरान फसल बीमा पाठशाला, किसान कार्यशाला और किसान मेले आयोजित किए जाएंगे। महिला किसानों के लिए विशेष कार्यशालाओं के साथ स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता सत्र भी होंगे। कृषि विस्तार कार्यकताओं और बैंकिंग प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देने के अलावा नामांकन व दावों से संबंधित सहायता के लिए विशेष शिविर लगाये जायेंगे। कंपनी घर-घर जागरूकता अभियान, बाइक रैली, नुक्कड़ नाटक, दीवार चित्रकारी और ग्राम सभा में घोषणाओं के माध्यम से भी किसानों तक पहुंचेगी। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के एमडी एवं सीईओ नवीन चंद्र झा ने कहा कि फसल बीमा कृषि जोखिमों से निपटने और किसानों की आजीविका सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अभियान का उद्देश्य किसानों को सही जानकारी देकर पीएमएफबीवाई में उनकी भागीदारी बढ़ाना है।

## सोनी सब के कलाकारों ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अपने गुरुओं से मिली अनमोल सीखें साझा कीं



**मुंबई** : गुरु पूर्णिमा का दिन उन लोगों को धन्यवाद देने का है, जो चुपचाप हमारे जीवन को दिशा देते हैं। शिक्षक हमें ज्ञान से परिचित कराते हैं, लेकिन गुरु कई रूपों में मिलते हैंः माता पिता जो हम पर विश्वास करते हैं, कोच जो हमें बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है, वरिष्ठ जो सही समय पर सही सलाह देता है या कोई ऐसा व्यक्ति जिसके कार्य हमें जीवन के सबसे बड़े सबक सिखाते हैं। इस गुरु पूर्णिमा पर सोनी सब के कलाकार छवि पांडे, देविश आहूजा, तोरल रसपुत्रा, मुस्कान बामने और समरिद्ध बावा उन लोगों को याद कर रहे हैं, जिन्होंने उनकी यात्रा को प्रभावित किया और वे सबक जो वे हर दिन अपने साथ लेकर चलते हैं। सेट पर सीखने से लेकर अपनों से ताकत पाने तक, कलाकार साझा कर रहे हैं कि उनके गुरुओं ने उनके व्यक्तिगत और पेशेवर सफर को कैसे प्रभावित किया है। छवि पांडे, जो यादें में डॉ. प्रीति देशमुख का किरदार निभा रही हैं, ने साझा किया, जब भी मैं किसी इमोशनल सीन की तैयारी में अटक जाती हूं, तो मैं सहज रूप से अपने डायरेक्टर के पास जाकर पूछती हूं, क्या आपको लगता है कि इसे ऐसे करना सही होगा? ऐसी छोटी छोटी बातचीत ने समय के साथ मेरे परफॉर्मेंस को निखारा है।

## टैली एमएसएमई ऑनर्स 2026 में पूर्वी भारत के सबसे प्रेरणादायी उद्यमी सम्मानित



**रांची** : भारत की अग्रणी बिजनेस मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर प्रदाता कंपनी टैली सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने आज टैली एमएसएमई ऑनर्स 2026 के ईस्ट जोन संस्करण का समापन किया, जिसमें क्षेत्र भर के 40 उत्कृष्ट एमएसएमई को सम्मानित किया गया। इस प्रमुख पहल का यह छठा संस्करण रिटेल, मैन्युफैक्चरिंग, सेवा, टेक्नोलॉजी और ट्रेडिंग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में नवाचार, रोजगार और आर्थिक विकास को गति देने वाले उद्यमियों और छोटे व्यवसायों को मान्यता देता है। इस वर्ष के ईस्ट जोन विजेता महानगरों से आगे इस पहल की गहरी होती पहुंच को दशार्ते हैं, जिनमें कोलकाता, पटना और रांची के व्यवसायों के साथ-साथ सिलीगुड़ी, डालटनगंज, सिलचर, गोपालगंज, धनबाद, रानीगंज और कटक के विजेता भी शामिल हैं। समारोह में फाइनेंशियल इंक्लूजन ट्रस्ट के सीईओ सुभ्रांशु सान्याल और फ्यूजन सीएक्स के सीईओ पंकज धानुका की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने बदलते एमएसएमई परिदृश्य पर अपने विचार साझा किए। इस वर्ष के संस्करण को बैंकिंग पार्टनर के रूप में एक्सिस बैंक और टेक्नोलॉजी पार्टनर के रूप में सेल्सफोर्स का सहयोग प्राप्त था, जो उद्यमशीलता के विकास को सक्षम बनाने की साझा प्रतिबद्धता को दशार्ता है। एक्सिस बैंक के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं हेड, रीजनल ट्रांजैक्शन बैंकिंग सॉल्यूशंस एंड फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन ग्रुप (ईस्ट), विनीत खेरा ने भी विजेताओं को संबोधित किया। समारोह में सुप्रतीक घटक, चार्टर मेंबर, टीआईई पुणे, के नेतृत्व में एमएसएमई के लिए एआई पर एक व्यावहारिक कार्यशाला भी आयोजित की गई, जिसमें उद्यमियों को व्यावसायिक उत्पादकता और विकास बढ़ाने में एआई के उपयोग पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। सभी छह संस्करणों में इस पहल को अब तक 85,000 से अधिक नामांकन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 20% से अधिक प्रविष्टियां महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों की रही हैं, और सात देशों में 1000 से अधिक एमएसएमई को मान्यता दी जा चुकी है। इसी के साथ यह एमएसएमई का उत्सव मनाने वाले विश्व के सबसे बड़े मंचों में से एक बन गया है। 2026 संस्करण में टियर क्कऔर टियर क्क्कबाजारों की भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया, जिसके तहत उद्यमियों को अपनी मातृभाषा में वीडियो प्रविष्टियां जमा करने का विकल्प दिया गया। साथ ही टैली ने इस वर्ष प्रविष्टियों के अधिक व्यापक सत्यापन और मूल्यांकन के लिए एआई-आधारित शॉर्टलिस्टिंग फ्रेमवर्क भी लागू किया, ताकि योग्य व्यवसायों को उनके प्रभाव और विकास के लिए उचित मान्यता मिल सके। रांची से ई-कॉम्पुसॉफ्ट सॉल्यूशन के मनोज कुमार मिश्रा को बिजनेस माएस्ट्रो श्रेणी में मान्यता दी गई, आंत्रिका की मंशी कुमारी और प्रोएक्वा ट्रीट की नेहा कुमारी को वंडर वुमन पुरस्कार से विभूषित किया गया, एलायंस रिन्यू एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के सुबोध कुमार को चैंपियन ऑफ कॉज के रूप में सम्मानित किया गया, और इंद्रमणि ऑटोमोबाइल्स के आशीष अग्रवाल को टेक ट्रांसफॉर्मर सम्मान प्रदान किया गया। चार श्रेणियों में पांच विजेताओं के साथ रांची का प्रदर्शन इस क्षेत्र के सबसे मजबूत प्रदर्शनों में से एक रहा, जो झारखंड में उद्यमशीलता की बढ़ती गति और टियर क्कबाजारों में इस पहल की गहरी होती उपस्थिति को दर्शाता है। समारोह में बोलते हुए टैली सॉल्यूशंस की चीफ बिजनेस ऑफिसर सुश्री जयती सिंह ने कहा, वर्षों के दौरान हमने टैली एमएसएमई ऑनर्स को एक सम्मान मंच से कहीं आगे बढ़ते देखा है। कई पूर्व विजेताओं ने व्यापक पहचान हासिल की है, नई साझेदारियां बनाई हैं और बड़े उद्योग मंचों में भागीदारी की है। इस वर्ष की प्रतिक्रिया विशेष रूप से उत्साहजनक रही है, जिसमें 58% नामांकन टियर क्कऔर टियर क्क्कबाजारों से आए हैं। यह इस बात की पुष्टि करता है कि उद्यमशीलता की महत्वाकांक्षा और नवाचार देश के हर कोने में फल-फूल रहे हैं। हम चाहते हैं कि टैली एमएसएमई ऑनर्स एक ऐसा समुदाय बनाना जारी रखे जहां योग्य उद्यमियों को पहचान मिले, वे आपस में जुड़ें और आगे बढ़ने के लिए सशक्त हों, और साथ ही अनेक अन्य व्यवसायों के लिए प्रेरणा बनें।

## पेज एक के शेष

**धनबाद में अवैध कोयला कारोबार से जुड़े 25 ठिकानों पर ईडी की एक साथ छापेमारी...**
महत्त्वपूर्ण साक्ष्यों की बारीकी से जांच कर रही है। कार्रवाई के दौरान कई स्थानों पर लोगों की भीड़ जुटी रही और पूरे दिन इस छापेमारी की चर्चा होती रही। हालांकि, ईडी की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था। माना जा रहा है कि यह कार्रवाई अवैध कोयला कारोबार, हवाला और संदिग्ध वित्तीय लेनदेन से जुड़े मामलों की जांच का हिस्सा है। जांच पूरी होने के बाद कई अहम खुलासे होने और आगे भी कार्रवाई का दायरा बढ़ने की सम्भावना जतायी जा रही है। कोयलांचल में ईडी की इस कार्रवाई को अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। अब सभी की नजर जांच के निष्कर्ष और ईडी के आधिकारिक खुलासे पर टिकी हुई है।

**ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया होगी और अधिक सरल : मुख्यमंत्री...**
लर्निंग लाइसेंस की प्रक्रिया की जमीनी स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने आवेदन की समयावधि, वाहन श्रेणी तथा लाइसेंस प्राप्ति में आने वाली संभावित कठिनाइयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी आवेदक को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने विशेष रूप से हेवी व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस एवं लर्निंग लाइसेंस की प्रक्रिया को अधिक सरल, सुगम एवं पारदर्शी बनाने पर बल दिया। साथ ही, सभी जिलों के उपायुक्तों को लम्बित आवेदनों की समीक्षा कर उनका त्वरित एवं पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान पलामू, सरायकेला-खरसावां, धनबाद सहित विभिन्न जिलों के लाभुकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।
मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिला एवं पुरुष दोनों को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए दृढ़तापूर्वक प्रतिबद्ध है। परिवहन क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए महिलाओं के लिए ड्राइविंग प्रशिक्षण, लर्निंग लाइसेंस एवं ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया को अधिक सरल, सुलभ एवं पारदर्शी बनाया जायेगा, ताकि वे कौशल विकास से जुड़ कर रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने अधिकारियों को महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए आवश्यक सुविधाएं एवं संस्थागत सहयोग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये।
कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन विभाग एवं टाटा मोटर्स लिमिटेड के मध्य स्थापित यह साझेदारी राज्य में सुरक्षित, आधुनिक एवं दक्ष परिवहन व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक दूरदर्शी एवं महत्त्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि क्व्ळथ्क की स्थापना से युवाओं को आधुनिक तकनीक एवं वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण मिलेगा। साथ ही, सड़क सुरक्षा, दुर्घटना नियंत्रण तथा परिवहन क्षेत्र से जुड़े अनुसंधान एवं नवाचार को भी प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे राज्य में सुरक्षित एवं सुदृढ़ परिवहन तंत्र के विकास को नयी गति प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महत्त्वाकांक्षी पहल को साकार करने के लिए वह स्वयं पिछले कई वर्षों से प्रयासरत थे और आज इसका मूर्त रूप लेना झारखंड के विकास की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि ऐसे नवाचारी एवं संस्थागत प्रयासों का निरन्तर विस्तार राज्य की प्रगति, कौशल विकास तथा युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर सृजित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।
मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया जितनी सरल, सुलभ एवं पारदर्शी होगी, उतना ही आम नागरिकों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में लोग परिवहन क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, इसलिए सभी चालकों के पास वैध एवं मान्यता प्राप्त ड्राइविंग लाइसेंस होना आवश्यक है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि आज राज्य के 10 हजार से अधिक नागरिकों को ड्राइविंग एवं लर्निंग लाइसेंस उपलब्ध कराये जा रहे हैं, जो परिवहन सेवाओं को अधिक जनोन्मुखी, पारदर्शी एवं सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। साथ ही, परिवहन विभाग को निर्देश दिये कि टाटा मोटर्स के सहयोग से विकसित व्यवस्था की तर्ज पर हेवी व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया को भी अधिक सरल एवं पारदर्शी बनाया जाये, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें।
अंत में मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग को पूरी प्रतिबद्धता एवं दक्षता के साथ कार्य करते हुए ड्राइविंग लाइसेंस एवं लर्निंग लाइसेंस से संबंधित सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं समयबद्ध बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र आवेदक को पारदर्शी एवं सुगम प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित समय पर लाइसेंस उपलब्ध कराया जाये। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि विभाग के सतत प्रयासों से आम नागरिकों को बेहतर, त्वरित एवं जनोन्मुखी सेवाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार सुशासन, पारदर्शिता एवं जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरन्तर प्रतिबद्ध है।
इस अवसर पर मंत्री दीपक बिरुआ, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, सचिव राजीव रंजन, परिवहन आयुक्त संजीव कुमार बेसरा, टाटा मोटर्स के प्लांट हेड अनुराग छारिया, टाटा मोटर्स के जनरल मैनेजर गोलम मंडल सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

**लोक परीक्षाओं में नकल पर शिकंजा और कसेगा, संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश...**
सजा दस वर्ष तक करने का प्रस्ताव है। जुमार्ने की अधिकतम राशि भी 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि संशोधन में सेवा प्रदाताओं की परिभाषा का विस्तार करते हुए परीक्षा आयोजन से जुड़े संस्थानों, कंपनियों, साझेदारी फर्मों, ठेकेदारों और तकनीकी सेवा प्रदाताओं को भी कानून के दायरे में लाया गया है। दोषी पाए जाने पर ऐसे सेवा प्रदाताओं पर अधिकतम 05 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया जा सकेगा तथा परीक्षा संचालन से प्रतिबंध की अवधि चार वर्ष से बढ़ा कर आठ वर्ष करने का प्रस्ताव है। परीक्षा आयोजन पर हुए खर्च की वसूली भी सम्बन्धित संस्था से की जायेगी। डॉ. सिंह ने कहा कि केवल निचले स्तर के कर्मचारियों को दंडित करना पर्याप्त नहीं है इसलिए कम्पनियों और संस्थाओं के निदेशकों तथा वरिष्ठ प्रबंधन को भी जवाबदेह बनाया गया है। उनके लिए भी पांच से दस वर्ष तक के कारावास और 05 करोड़ रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान किया गया है। यदि किसी संगठित अपराध गिरोह या माफिया की संलिप्तता पायी जाती है, तो जुमार्ना बढ़ा कर 10 करोड़ रुपये तक किया जा सकेगा।
उन्होंने बताया कि मामलों के त्वरित निपटारे के लिए विशेष फास्ट ट्रैक अदालतों का प्रावधान किया गया है। जांच दो महीने के भीतर पूरी करनी होगी और उसके बाद तीन महीने के भीतर मुकदमे का निस्तारण करने का लक्ष्य रखा गया है। अपील केवल उच्च न्यायालय की द्वैधपीठ के समक्ष निर्धारित समय सीमा के भीतर ही की जा सकेगी। मंत्री ने कहा कि परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह सुरक्षित और लीक-प्रूफ बनाने के लिए सरकार ने एक उच्चस्तरीय कार्यबल का गठन किया है, जिसमें नंदन नीलेकणि, इसरो के पूर्व अध्यक्ष एस. सोमनाथ, डीआईबी के पूर्व प्रमुख तपन डेका तथा आईआईटी मद्रास के निदेशक वी. कामकोटी सहित शिक्षा और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन समिति की 46 प्रमुख सिफारिशों में से लगभग 35 पर अमल किया जा चुका है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से विद्यार्थियों के हित में इस महत्त्वपूर्ण संशोधन विधेयक का समर्थन करने की अपील की।

**हंगामे के बीच एमएसएमई संशोधन विधेयक 2026 राज्यसभा में पेश...**
हुए मांझी ने कहा कि वर्ष 2006 में बने एमएसएमई विकास अधिनियम में समय के साथ संशोधन की आवश्यकता महसूस की गयी है। उन्होंने कहा कि संशोधन का उद्देश्य एमएसएमई इकाइयों को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने के प्रावधानों को और प्रभावी बनाना, नियमों के उल्लंघन पर दंड को अधिक कठोर करना तथा जुमार्ने के प्रावधानों को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि संशोधन के माध्यम से व्यापार से संबंधित कुछ प्रक्रियाओं को अनिवार्य बनाया जा रहा है, जिससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को अपने बकाया का भुगतान प्राप्त करने में सुविधा होगी और कारोबारी लेन-देन में अधिक पारदर्शिता आयेगी। इस दौरान विपक्षी सदस्य राष्ट्रीय राजधानी में नीट पेपर लीक मामले के प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई का मुद्दा उठाते हुए लगातार नारेबाजी करते रहे। विपक्षी सदस्य इस मुद्दे पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सदन में बयान देने की मांग कर रहे थे, जबकि सत्ता पक्ष ने इसका विरोध किया। लगातार हंगामे के बीच उपसभापति ने विपक्षी सदस्यों से सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की, लेकिन शोर-शराबा नहीं थमने पर राज्यसभा की कार्यवाही 29 जुलाई को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**जनसांख्यिकीय लाभांश कहीं आपदा न बन जाये : अखिलेश यादव...**
आयी है। यह लोगों की आंख में धूल झोंकने जैसा है। कानून से पेपर लीक रुके होते तो रुके क्यों नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने परीक्षा आयोजित करने वाली एनटीए को आउटसोर्स कर दिया है। चर्चा के दौरान केन्द्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने सपा नेता अखिलेश यादव से पूछा कि छात्र आन्दोलन पर कानून बनानेवाले अच्छे हैं या छात्रों के आन्दोलन पर इमरजेंसी लगाने वाले। इस पर अखिलेश यादव ने कटाक्ष किया और कहा कि इमरजेंसी के बाद सत्ता परिवर्तन हुआ था।

**जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष एल. ख्यांगते से सीआईडी की पूछताछ...**
पूछताछ शुरू की।
उल्लेखनीय है कि जेपीएससी की विभिन्न नियुक्तियों में कथित गड़बड़ियों और अनियमितताओं की जांच सीआईडी कर रही है। जांच के दौरान एजेंसी कई अभ्यर्थियों, अधिकारियों और अन्य संबंधित लोगों से भी पूछताछ कर चुकी है तथा दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों की जांच जारी है।
सीआईडी इस मामले में अब तक कथित नियुक्ति घोटाले के मुख्य आरोपित अभय तिवारी सहित 10 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। जांच एजेंसी का कहना है कि मामले से जुड़े सभी तथ्यों की गहनता से पड़ताल की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे भी आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

**शर्मिला ने पैरा एथलेटिक्स में भारत को दिलाया पहला स्वर्ण...**
शर्मिला के ऐतिहासिक स्वर्ण और शिल्पा के कांस्य ने भारतीय दल के लिए यादगार दिन बना दिया।
इन दोनों पदकों के साथ भारत का कुल पदक आंकड़ा 10 पहुंच गया है, जिसमें दो स्वर्ण, पांच रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। पदक तालिका में भारत फिलहाल आठवें स्थान पर है।

**झारखंड पुलिस को बड़ी सफलता, 16 सक्रिय माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण...**
विरुद्ध कार्रवाई और एक महिला एरिया कमेटी सदस्य के आत्मसमर्पण जैसी महत्त्वपूर्ण सफलताएं भी सुरक्षा बलों को मिली हैं। आईजी साकेत सिंह ने बताया कि झारखंड में सक्रिय रहे आठ अन्य माओवादियों ने छत्तीसगढ़ में भी आत्मसमर्पण किया है। इनमें जोनल कमेटी सदस्य अश्विन उर्फ लच्छू कोरसा, एरिया कमेटी सदस्य सोहन पुनेम, रीता उर्फ मंगली कुंजाम, अनुषा कुंजाम, रजनी मुडकेम तथा सदस्य राहत मांडवी, सुबनी और जेलानी शामिल हैं। आत्मसमर्पण करनेवालों में 15 लाख रुपये का इनामी रीजनल कमेटी सदस्य संतोष उर्फ बासुदेव दा उर्फ गांधी उर्फ दिलीप उर्फ संजय महतो उर्फ बासुकू उर्फ श्याम भी शामिल है। इसके अलावा 10 लाख रुपये का इनामी चंदन लोहरा तथा पांच-पांच लाख रुपये के इनामी अनिल तुरी उर्फ उज्वल और सुखलाल बिरजिया उर्फ अकेला समेत कई जोनल, सब-जोनल और एरिया कमेटी सदस्य भी मुख्यधारा में लौटे हैं। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों ने छह इंसास राइफल, दो एके-47, एक एचके-33 राइफल, एक यूएस कार्बाइन और एक एम-16 राइफल सहित कुल 11 हथियार पुलिस को सौंपे। इसके साथ ही 38 मैगजीन और 1,562 जिंदा कारतूस भी जमा कराये गये। आत्मसमर्पण कार्यक्रम में एडीजी मनोज कौशिक, एडीजी टी. कंडासामी, आईजी अनूप बिरथरे, आईजी साकेत सिंह, आईजी नरेंद्र सिंह, आईजी अजय लिंडा, आईजी मयूर पटेल, डीआईजी इंद्रजीत माहथा, डीआईजी कार्तिक एस., डीआईजी शैलेन्द्र बरनवाल, डीआईजी नौसाद आलम, डीआईजी वाई.एस. रमेश, डीआईजी संजीव कुमार, डीआईजी मनोज रतन चौथे, डीआईजी संध्या रानी मेहता, चाईबासा के एसपी अमित कुमार रेणु, रांची के एसएसपी राकेश रंजन तथा अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# भारत की पहली सीधी वाणिज्यिक कंटेनर मालगाड़ी पहुंची नेपाल, सीमा पार व्यापार को मिलेगा नया आयाम

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय रेलवे ने भारत-नेपाल के बीच माल ढुलाई संपर्क को नई मजबूती देते हुए कोलकाता पोर्ट से नेपाल के विराटनगर कस्टम्स यार्ड तक पहली बार सीधी वाणिज्यिक कंटेनर मालगाड़ी का सफल संचालन किया। चालीस वैगनों वाली यह मालगाड़ी कैनोला की खेप लेकर संशोधित भारत-नेपाल रेल पारगमन प्रोटोकॉल के तहत अपने गंतव्य तक पहुंची, जिससे दोनों देशों के बीच रेल आधारित सीमा पार माल परिवहन के एक नए अध्याय की शुरुआत हुई है। रेल मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि इस सेवा के शुरू होने से अब कंटेनरीकृत माल को कोलकाता बंदरगाह से भारत-नेपाल सीमा पर ट्रांसशिपमेंट किए बिना सीधे विराटनगर तक रेल मार्ग से पहुंचाया जा सकेगा। इससे माल ढुलाई में लगने वाला समय कम होगा, लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी, माल की बार-बार हैंडलिंग की आवश्यकता समाप्त होगी तथा भारत और नेपाल के बीच व्यापार अधिक तेज, विश्वसनीय और प्रतिस्पर्धी बनेगा।



मंत्रालय के अनुसार यह उपलब्धि संशोधित भारत-नेपाल रेल पारगमन प्रोटोकॉल के प्रभावी क्रियान्वयन से संभव हुई है, जिसके तहत दोनों देशों के बीच माल की निर्बाध एंड-टू-एंड रेल ढुलाई का प्रावधान किया गया है। इस पहल की आधारशिला जून 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा जोगबनी (भारत)-विराटनगर (नेपाल) ब्रॉडगेज रेल संपर्क के उद्घाटन के साथ रखी गई थी। इसके बाद नवंबर 2025 में संशोधित लेटर ऑफ एक्सचेंज (एलओई) पर हस्ताक्षर होने के पश्चात विराटनगर तक सीधी वाणिज्यिक रेल माल सेवा का मार्ग प्रशस्त हुआ।

रेल मंत्रालय के मुताबिक नई सेवा से आयात-निर्यात कार्गो की आवाजाही को गति मिलेगी और निर्यातकों, आयातकों, लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं तथा सीमा पार व्यापार से जुड़े उद्योगों को कम लागत, कम समय और अधिक पर्यावरण-अनुकूल परिवहन का लाभ मिलेगा। साथ ही, आपूर्ति शृंखला की दक्षता बढ़ेगी और माल परिवहन की विश्वसनीयता में सुधार होगा। मंत्रालय ने कहा कि यह उपलब्धि अंतराष्ट्रीय रेल संपर्क के विस्तार, माल ढुलाई अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने तथा आधुनिक परिवहन प्रणाली के माध्यम से कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने की भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है। रेल आधारित माल परिवहन बढ़ने से लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी, हरित परिवहन को बढ़ावा मिलेगा और पड़ोसी देशों के साथ आर्थिक साझेदारी को नई मजबूती मिलेगी।

## एक झलक

### इन्फोसिस पर लगा 02 करोड़ का जुर्माना

**पेरिस :** फ्रांस के श्रम अधिकारियों ने इन्फोसिस पर 1.75 लाख यूरो यानी करीब 2 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है।कंपनी की कर्मचारियों के काम के घंटे रिकॉर्ड करने वाली प्रणाली कानूनी जरूरतों के मुताबिक नहीं पाई गई। यह जुर्माना फ्रांस की रिजनल लेबर अथॉरिटी डीआरईईटीएस इले-डी-फ्रांस ने लगाया है। इन्फोसिस ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इस मामले की जानकारी दी है। फ्रांस के लेबर कानून के तहत नियोक्ताओं के लिए कर्मचारियों के काम के घंटों का सही और सटीक रिकॉर्ड रखना अनिवार्य है। कानूनी तौर पर एक हफ्ते में 35 घंटे काम करने का नियम लागू है। ओवर-टाइम और रेस्ट पीरियड का रिकॉर्ड रखना जरूरी। यह डेटा ऐसा होना चाहिए कि अथॉरिटी आसानी से जांच कर सके।

### अमेरिका में भीषण बवंडर से हाहाकार

**वाशिंगटन :** अमेरिका के मिडवेस्ट में आए एक भीषण बवंडर जैसे तूफान ने भारी तबाही मचाई है, जिसके चलते विस्कॉन्सिन राज्य में 3,90,000 से अधिक घरों और प्रतिष्ठानों की बिजली गुल हो गई है। इस दौरान, मौसम की बिगड़ती स्थिति के कारण एक व्यक्ति की दुखद मौत भी हो गई। मुख्य रूप से विस्कॉन्सिन के मेनाशा और एपलटन क्षेत्रों में एक बेहद खतरनाक बवंडर ने भीषण नुकसान पहुँचाया है। रिपोर्ट के अनुसार, इस बवंडर ने घरों की छतें उड़ा दीं, पेड़ों को जड़ से उखाड़ दिया और संपत्तियों को भारी क्षति पहुँचाई। इस विध्वंसक घटना के बाद प्रशासन ने लोगों से घरों के अंदर ही सुरक्षित रहने की अपील की है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने बवंडर को कम से कम ईएफ-2 श्रेणी का बेहद खतरनाक बवंडर बताया है, जिसका पूर्ण आकलन अभी भी जारी है। उत्तर-पूर्वी विस्कॉन्सिन में आया यह तूफान हजारों लोगों को बिना बिजली के रहने पर मजबूर कर गया है।

### इराक में अमेरिकी ड्रोन मार गिराया : ईरान

**तेहरान :** ईरान ने दावा किया है कि इराक के पश्चिमी अनबार प्रांत में एक अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया गया है। यह दावा ईरानी मीडिया रिपोर्ट के हवाले से किया गया है। सरकारी मीडिया ने धुआं छोड़ते हुए एक ड्रोन की तस्वीरें भी जारी की हैं और कहा है कि ड्रोन एक रिहायशी परिसर के भीतर गिरा। हालांकि इस पूरे मामले में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि ड्रोन किस अभियान पर था और उसे किसने निशाना बनाया। घटना में किसी व्यक्ति के हताहत होने या संपत्ति को हुए नुकसान की आधिकारिक जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। अमेरिकी प्रशासन ने भी इस दावे पर फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। क्षेत्र में हाल के दिनों में ड्रोन गतिविधियों और सैन्य तनाव में वृद्धि देखी गई है। ऐसे में इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि का इंतजार किया जा रहा है, जबकि सुरक्षा एजेंसियां घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं।

### जापान में आया 7.1 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप

**कई इलाकों में बिजली गुल, जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं**

**टोक्यो :** जापान के दक्षिणी द्वीप क्यूशू के कुमामोटो में मंगलवार को 7.1 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया। भूकंप के बाद जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने सुनामी चेतावनी जारी की है। भूकंप का केंद्र कुमामोटो तट के पास समुद्र में 10 किलोमीटर की गहराई में था। तेज झटकों के बाद तटीय इलाकों में लोगों को सतर्क कर दिया गया। फिलहाल किसी बड़े नुकसान या जनहानि की सूचना नहीं है। प्रशासन हालात पर नजर रखे हुए है और लोगों से आधिकारिक निर्देशों का पालन करने को कहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कुमामोटो प्रीफ़ेक्चर में आए शक्तिशाली भूकंप के बाद 48,300 से ज्यादा घरों की बिजली गुल हो गई।

## जेंडर समानता की दिशा में आईसीजी का बड़ा कदम

# महिलाओं को बराबर मौके देने के लिए शुरू किया 'जेंडर न्यूट्रल फ्रेमवर्क'

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया दो महत्वपूर्ण नीतिगत सुधारों का अनावरण

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के लिए दो महत्वपूर्ण नीतिगत सुधार किये गए हैं, जिनका अनावरण मंगलवार को नई दिल्ली के कर्तव्य भवन-2 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। इनका उद्देश्य आईसीजी की भर्ती और सेवा शर्तों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और ड्यूटी के दौरान समुद्र में लापता हुए कर्मियों के परिवारों को अनुग्रह राशि प्रदान करने की प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना है। रक्षा मंत्री ने कहा कि नारी शक्ति के लिए हमारे पक्के वादे के मुताबिक हमने आईसीजी में महिला अधिकारियों के इंडक्शन, ट्रेनिंग और स्थाई नियुक्ति में बराबर मौके पक्का करने के लिए एक 'जेंडर न्यूट्रल फ्रेमवर्क' शुरू किया है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि इसके अलावा कोस्ट गार्ड के जवानों की पूरी भलाई पक्का करने के लिए हमने ड्यूटी के दौरान समुद्र में लापता होने वाले जवानों के अपने परिजनों के लिए एक्स-ग्रेशिया और सपोर्ट प्रोसेस को आसान और तेज कर दिया है। एक शुक्रगुजार देश उन लोगों के परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा है, जो हमारी समुद्री सीमाओं की रक्षा करते हैं। रक्षा मंत्री ने पिछले पांच दशकों में आईसीजी की असाधारण सेवा की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि ये दूरदर्शी नीतियां बल के मनोबल और प्रचालनगत क्षमता को और सुदृढ़ करेंगी, क्योंकि यह 2027 में अपनी स्वर्ण जयंती की ओर बढ़ रहा है। जेंडर-न्यूट्रल प्रवेश एवं कैरियर प्रगति पहली नीति निर्देश आईसीजी में अधिकारियों की भर्ती के लिए जेंडर-न्यूट्रल ढांचा लागू करके एक व्यापक, महिला-केंद्रित दृष्टिकोण स्थापित करती है। नीति की मुख्य विशेषताओं में महिला उम्मीदवारों को उनके पुरुष समकक्षों के समान अल्पकालिक सेवा नियुक्तियों (एसएसए) और स्थायी नियुक्तियों (पीए) में शामिल करना शामिल है। एसएसए का विकल्प पुरुष उम्मीदवारों के लिए भी खोल दिया गया है। यह नीति प्रारंभिक प्रशिक्षण चरण से ही कैरियर में प्रगति के समान अवसर सुनिश्चित करती है। विद्यमान महिला पीए अधिकारियों को भी पात्रता शर्तों की पूर्ति के अधीन उच्च पदों पर पदोन्नति के लिए विचार किया जाएगा। एसएसए पर कार्यरत वर्तमान महिला अधिकारियों को भी निर्धारित शर्तों की पूर्ति के अधीन अपनी सेवा को पीए में परिवर्तित करने का विकल्प प्रदान किया जाएगा। यह प्रगतिशील कदम नारी शक्ति और राष्ट्र के समुद्री सुरक्षा तंत्र में समान अवसर के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



### समुद्र में लापता कर्मियों के लिए अनुग्रह राशि देने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया

**दूसरे** नीतिगत सुधार से उन कर्मियों के परिजनों को राहत और प्रशासनिक सुगमता मिलेगी, जो दुर्भाग्यवश कर्तव्य निभाते हुए समुद्र में लापता हो जाते हैं। इस नीति की प्रमुख विशेषताओं में से एक यह अधिकार है कि कर्तव्य के दौरान समुद्र में लापता हुए आईसीजी कर्मियों को अनुग्रह राशि के भुगतान हेतु 'मृत मान लिया जाए।' यह सुधार परिजनों को अनुग्रह राशि और अंतिम लाभ प्रदान करने की प्रक्रिया को अत्यधिक सरल और त्वरित बनाता है। यह उपाय सुनिश्चित करता है कि मानसिक आघात के समय वीर कर्मियों के परिवारों को लंबे प्रशासनिक विलंब का सामना न करना पड़े।

# कमानेवाले पति-पत्नी मिल कर उठायें घर और बच्चे का खर्च : हाईकोर्ट

एजेंसी

**मुंबई :** बॉम्बे हाईकोर्ट ने पति-पत्नी के आर्थिक दायित्वों को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा है कि यदि दोनों जीवनसाथी कमाने वाले हैं, तो घर चलाने और बच्चे की शिक्षा जैसे खर्चों की जिम्मेदारी भी दोनों को समान रूप से उठानी चाहिए। अदालत ने कहा कि समानता का सिद्धांत केवल अधिकारों तक सीमित नहीं हो सकता, बल्कि इसके साथ जिम्मेदारियां भी समान रूप से निभानी होंगी।

जस्टिस एम. एम. सथाये की एकलपीठ ने एक पति की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने फैमिली कोर्ट के उस आदेश में संशोधन किया, जिसमें पति को अपनी पत्नी और नाबालिग बेटे के लिए प्रति माह 50 हजार रुपये गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया गया था। हाईकोर्ट ने परिस्थितियों को देखते हुए इस राशि को घटाकर 25 हजार रुपये प्रति माह कर दिया। मामले में पति ने अदालत को बताया कि कोविड-19 महामारी के दौरान उसकी नौकरी चली गई थी और वर्तमान में वह पहले की तुलना में काफी कम वेतन पर काम कर रहा है। उसने यह भी कहा कि वह दो आवासीय ऋणों (ईएमआई) का भुगतान कर रहा है, जिससे उस पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है।



■ गुजारा भत्ता 50 हजार से घटाकर 25 हजार किया

याचिका के अनुसार, पति ने पत्नी से आग्रह किया था कि वह या तो उसके साथ बिहार में रहने आ जाए या फिर पनवेल स्थित घर में शिफ्ट हो जाए, ताकि अंधेरी स्थित मकान बेचकर वह अपने वित्तीय दायित्वों को कम कर सके।

### अवैध रूप से रह रहा चीनी नागरिक गिरफ्तार

**नोएडा :** उत्तर प्रदेश के नोयडा में थाना बीटा- दो पुलिस ने बीती रात को एक सूचना के आधार पर एक चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया है। यह भारत में अवैध रूप से रह रहा था। गिरफ्तार आरोपी से गुप्तचर एंजेसिया गहनता से पूछताछ कर रही है। थाना बीटा- दो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि बीती रात एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने एनआरआई सिटी के पास से एक चीनी नागरिक सॉन्ग जियाओमी को गिरफ्तार किया है। उसकी उम्र करीब 38 वर्ष है। उन्होंने बताया कि यह ग्रेटर नोएडा के जेपी ग्रीन सोसाइटी में रह रहा था। उन्होंने बताया कि जांच की गई तो पता चला कि वह एक वर्ष के लिए 26 जून वर्ष 2019 से 25 जून वर्ष 2020 तक के वैध वीजा पर भारत आया था।

### फर्जी कॉल सेंटर मामले में ईडी ने मास्टरमाइंड को किया गिरफ्तार

एजेंसी

**हैदराबाद :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फर्जी कॉल सेंटर के जरिए अमेरिकी नागरिकों से साइबर ठगी और धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) के मामले में मुख्य आरोपित विकास कुमार निमार उर्फ मिस्टी को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी का आरोप है कि निमार देश के विभिन्न शहरों से संचालित एक संगठित साइबर ठगी नेटवर्क का मास्टरमाइंड था, जो खुद को तकनीकी सहायता (टेक्निकल सपोर्ट) कर्मी बताकर अमेरिकी नागरिकों को अपने जाल में फंसाता था। ईडी के अनुसार, आरोपित को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एजेंसी अब मामले में शामिल अन्य आरोपितों, वित्तीय लेनदेन और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

जांच एजेंसी के मुताबिक, विकास कुमार निमार ने हैदराबाद में एक फर्जी कॉल सेंटर स्थापित किया था। यहां से प्रशिक्षित कर्मचारियों के माध्यम से अमेरिकी नागरिकों को फोन किए जाते थे और खुद को प्रतिष्ठित तकनीकी कंपनियों का कर्मचारी बताकर उनसे संपर्क किया जाता था। इसके बाद कंप्यूटर या अन्य डिजिटल उपकरणों में तकनीकी खराबी, वायरस संक्रमण अथवा सुरक्षा संबंधी समस्या का झांसा देकर लोगों से संपर्क स्थापित किया जाता था।

# दिल्ली में महिलाओं को रक्षा बंधन से हर महीने मिलेंगे 2500 रुपये

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली सरकार ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में मंगलवार को ऐतिहासिक कदम उठाते हुए दिल्ली लक्ष्मी योजना (डीएलवाई) को स्वीकृति दे दी। इस योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया 'दिल्ली लक्ष्मी योजना पोर्टल' के माध्यम से ऑनलाइन होगी। इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल की शुरुआत एक अगस्त से की जाएगी, जिसके माध्यम से पात्र महिलाएं आवेदन कर सकेंगी। रक्षाबंधन 28 अगस्त को है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में योजना के दिशा-निर्देशों को स्वीकृति प्रदान की गई। इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक रूप से सशक्त करना है। इसके तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में इसके लिए 5,110 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है और इससे दिल्ली की 17 लाख से अधिक महिलाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है।



दिल्ली लक्ष्मी योजना पोर्टल के जरिए 01 अगस्त से कर सकेंगे आवेदन

### दो दिन के लिए चारधाम यात्रा रुकी


**देहरादून :** राजधानी देहरादून में पिछले 24 घंटे में मालदेवता में सबसे अधिक 233 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि देहरादून, मसूरी, जोलीग्रांट और उखीमठ समेत कई क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश हुई। लगातार बारिश के चलते चारधाम यात्रा को दो दिन के लिए अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। केदारनाथ, बदरीनाथ और यमुनोत्री हाईवे कई स्थानों पर भूस्खलन से बंद हो गए हैं। नदी-नाले उफान पर हैं, कई जगह मलबा और बोल्डर गिरने से सड़कें बाधित हुई, लोगों का रेस्क्यू करना पड़ा और चार जिलों में स्कूल भी बंद आज बंद किए गए हैं। चारधाम यात्रा दो दिन के लिए अस्थायी रूप से रोक दी गई है।

# इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में सम्मानित होंगी रेखा

**मुम्बई :** हिन्दी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री रेखा को ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में आयोजित होने वाले इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) 2026 में सिनेमा में उनके अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर उनकी प्रतिष्ठित फिल्म 'उमराव जान' की विशेष स्क्रीनिंग भी आयोजित की जाएगी। मुजफ्फर अली के निर्देशन में बनी यह फिल्म वर्ष 1981 में रिलीज हुई थी और इस साल अपनी रिलीज के 45 वर्ष पूरे कर रही है। फिल्म में रेखा के अलावा फारूख शेख, नसीरुद्दीन शाह और राज बब्बर ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं। 'उमराव जान' की विशेष स्क्रीनिंग को लेकर रेखा ने खुशी जताते हुए कहा कि यह फिल्म उनके दिल के बेहद करीब है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि उनकी यादों और जीवन का अहम हिस्सा है। रेखा ने कहा कि इतने वर्षों बाद इस फिल्म को वैश्विक मंच पर फिर से सम्मान मिलना उनके लिए भावुक और विनम्र कर देने वाला अनुभव है। उन्होंने यह भी कहा कि सिनेमा उनके जीवन का सबसे बड़ा आशीर्वाद रहा है और आईएफएफएम में उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त करना उनके लिए बेहद खास सम्मान है। रेखा ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह इसे केवल अपनी उपलब्धि नहीं, बल्कि उन सभी फिल्मकारों, लेखकों, संगीतकारों और सहयोगियों को समर्पित करती हैं, जिन्होंने उनके फिल्मी सफर को यादगार बनाया। आईएफएफएम 2026 का आयोजन 13 से 23 अगस्त तक मेलबर्न में होगा। इस दौरान अभिनेता पंकज त्रिपाठी को भी 'आर्टिस्ट ऑफ डिस्टिंक्शन' सम्मान से नवाजा जाएगा।



# गुरु, मौन ईश्वर की मुखर वाणी



**डॉ. मंजु लता**

**गुरु** ईश्वर की ओर से भेजा हुआ वह देवदूत होता है जो आपको मुक्ति प्रदान करता है। जब आपका ज्ञान गुरु के ज्ञान के साथ एकाकार हो जाता है तब आपको मुक्ति मिलती है, अन्यथा आप अपनी इच्छाओं के दास बने रहते हैं। मुक्ति के पथ पर चलना उन महापुरुषों का अनुसरण करना है, जो स्वयं मुक्त हो चुके हैं।' पूर्व और पश्चिम के संत और योग के जनक कहलाए जाने वाले जगद्गुरु परमहंस योगानन्दजी के ये शब्द आषाढ़ के इस माह में आने वाली पूर्णिमा पर एक ऐसे शुभ संदेश की उद्घोषणा करते हैं जिसे सुनकर मन आशा से परिपूर्ण हो जाता है। आशा,कौनसी आशा? सब कष्टों से दूर आंतरिक सुख की आशा, आंतरिक शांति की आशा!

इस परम सुख और शांति को पाने हेतु अपनी पुस्तक 'योगी कथामृत', उनकी अद्वितीय और युग-युगांतकारी आध्यात्मिक विरासत के रूप में जानी जाने वाली आत्मकथा, में योगानन्दजी ने क्रियायोग के पथ को 'ईश्वर के पास पहुँचने के लिए विमान मार्ग' की संज्ञा दी है। सभी दुखों का हवन अर्थात ईश्वर को पाने की इस उच्चतम वैज्ञानिक प्रविधि को सीखाने के लिए 1917 में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया तथा 1920 में अमरीका में सेल्फ रियलाईजेशन फेलोशिप की स्थापना करके उन्होंने एक जगद्गुरु की भूमिका निभाई। संसारभर में गृह पाठमाला अध्ययन की सुविधा प्रदान कर उन्होंने मानवजाति पर एक महान उपकार किया है। इच्छुक भक्त इसके विषय में अधिक जानकारी हेतु yssi.org देख सकते हैं। सर्वविदित है कि हमारी भावनाएँ सृष्टि में विद्यमान द्वंद्वात्मकता के साथ प्रतिक्रिया करके हमें आसक्ति एवं अनावश्यक इच्छाओं के मायाजाल में फँसा देती हैं। इस शक्ति को निलंबित करने हेतु विमान चालक के रूप में एक सद्गुरु की नितांत आवश्यकता होती है। संत कबीर के ये शब्द गुरु की महत्ता को सुंदर ढंग से प्रस्तुत करते हैं-
यह तन विष की बेल री, गुरु अमृत की खान। शीश दिये यदि गुरु मिलें, तो भी सस्ता जान।
श्रीमद्भगवद् (IV:36) में कहा गया है...'गुरु द्वारा दी गई साधना करता हुआ शिष्य अपना विवेक रूपी भवतारक बेड़ा स्वयं ही बना लेता है।' अपने शिष्य के संरक्षण हेतु गुरु उसके बुरे कर्मों को अपने ऊपर ले लेते हैं। यही नहीं ईश्वर की आज्ञा से वे समुदाय के सामूहिक कर्मों को भी अपने ऊपर लेने में सक्षम होते हैं। योगानन्दजी के शिष्य बताते थे कि एक बार कोरिया के युद्ध के दौरान समाधि की अवस्था में वे युद्धभूमि में घायल और मरने वाले सैनिकों की व्यथा को अपने ऊपर लेकर वे पीड़ा से कराह उठते थे। गुरु के भौतिक रूप में प्रस्तुत न होने पर शिष्य संदेह करने लगते हैं कि वे उनकी कृपा अथवा उनके आशीर्वादों से वंचित रह जाएंगे। जबकि निश्चित रूप से ऐसा नहीं है। योगानन्दजी कहते हैं-'सिद्ध पुरुष के समसामयिक केवल वे ही लोग नहीं होते जो उनके जीवनकाल में हुआ करते हैं।' गुरु के सान्निध्य में होने का अर्थ उनके भौतिक शरीर के नहीं अपितु उनकी चेतना के सान्निध्य में होना होता है। परमहंस योगानन्दजी की एक निकट ईश्वर प्राप्त शिष्या श्री श्री दया माताजी के शब्द - 'गुरुजी उतने ही तुम्हारे नजदीक हैं जितने तुम्हारे विचार उन्हें तुम्हारे निकट आने की अनुमति देते हैं' - इस तथ्य को पुष्ट करते हैं।

गुरु पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर आइए परमहंस योगानन्दजी के इन शब्दों को एक प्रतिज्ञापन के रूप में अपना लें-'हे गुरु... आप मूक ईश्वर की मुखर वाणी हैं, मैं आपको प्रणाम करता हूँ। आप मोक्ष के मंदिर के दिव्य द्वार हैं; मैं आपको प्रणाम करता हूँ।'